श्रावण शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 28.4° | 29.0° |
| न्यून. | 22.0° | 23.0° |

रांची, शुक्रवार
08 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-187, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## एक नजर

### प्रयागराज में मुठभेड़ झारखंड का कुख्यात छोटू सिंह पकड़ाया

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार देर रात एक बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने आए झारखंड के कुख्यात माफिया अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह से शंकरगढ़ इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स की मुठभेड़ हो गई। आशीष ने एसटीएफ की टीम पर ऐके-47 और 9 एमएम की पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग कर दी, लेकिन जवाबी कार्रवाई में वह खुद गोली लगने से घायल हो गया।अपराधी आशीष रंजन झारखंड के धनबाद जिले स्थित जेसी मालिक रोड का रहने वाला है और उस पर कई हत्या, रंगदारी और गंभीर अपराधों में मुकदमे दर्ज हैं।

### भारत में यूपीआई सर्विस डाउन रही

**नई दिल्ली।** देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस गुरुवार (7 अगस्त 2025) को डाउन रही, जिससे लोगों को ट्रांजेक्शन में समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस साल यह चौथी बार है जब लोगों को यूपीआई के ठप होने से इतनी बड़ी समस्याएं हुई। इस गड़बड़ी के कारण एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक महिंद्रा बैंक सहित प्रमुख बैंकों में लेनदेन बाधित हो गया। गुरुवार शाम करीब 7.45 बजे से ऐसी खबरें आने लगीं कि गूगल पे, फोनपे, पेटीएम और अन्य प्रमुख प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता ट्रांजेक्शन पूरा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं रात 8 बजे तक डाउनडिटेक्टर पर 2,147 आउटेज की शिकायतें दर्ज की गईं।

### पोस्ट ऑफिस का लिंक फेल, लोग परेशान

**रांची।** रक्षाबंधन के त्योहार से ठीक पहले रांची के पोस्ट ऑफिसों में एक बार फिर तकनीकी समस्या उठ खडी हुई, आम जनता परेशान हो गई। गुरुवार को शहर के कई डाकघरों में लिंक फेल होने के कारण न तो स्पीड पोस्ट हो पायी और न ही मनी ऑर्डर हो पाये। इससे राखी भेजने वाली बहनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। कांके रोड निवासी संखिता कुमारी अपने भाई को दिल्ली राखी भेजना चाहती थीं, निराश होकर लौट गई। उन्होंने कहा, मैं सुबह से तीन बार डाकघर आ चकी हूं। लेकिन हर बार यही कहा गया कि सिस्टम डाउन है। अब लगता है कि इस बार राखी समय पर नहीं पहुंच पाएगी। सरकारी व्यवस्था की इस असफलता के बीच प्राइवेट कूरियर कंपनियों की खूब चांदी हो रही है।

# पिता के अंतिम संस्कार के बाद सीएम हेमंत ने निभाई श्राद्ध कर्म की परंपरा



नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद सीएम हेमंत सोरेन पारंपरिक परंपराओं का पालन कर रहे हैं। उन्होंने नेमरा स्थित पैतृक गांव में गुरुवार को गुरु जी के श्राद्ध कर्म की परंपरा निभाई, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।

**'तीन कर्म दिन' होने वाली परंपरा का किया निर्वहन :** सीएम ने लिखा कि दिवंगत बाबा, वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की अंत्येष्टि के उपरांत नेमरा में 'तीन कर्म दिन' होने वाली परंपरा का निर्वहन किया। यह 'तीन कर्म दिन' में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं।

### बाबा और दादा को याद कर नेमरा की धरती को किया नमन

इससे पहले एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने नेमरा की ऐतिहासिक और क्रांतिकारी भूमिका नमन किया था। हेमंत सोरेन ने लिखा था कि नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है। यहां के जंगलों, नालों-नदियों और पहाड़ों ने क्रांति की उस हर गूंज को सुना है और हर कदम व हर बलिदान को संजोकर रखा है। नेमरा की इस क्रांतिकारी भूमि को शत-शत नमन करता हूं। सीएम ने पोस्ट के अंत में वीर शहीद सोना सोबरन मांझी अमर रहें और झारखंड राज्य निर्माता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें लिखा है।

#### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पहुंचे नेमरा

### शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़, नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचकर शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ईश्वर से दिवंगत शिबू सोरेन को अपने श्रीचरणों में स्थान देने,उनकी आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की।

#### आपदा प्रबंधन की मंत्री ने की उच्च स्तरीय समीक्षा

# झारखंड में पिछले 3 माह में आपदा से हुई 431 की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आपदा से निपटने के लिए सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं।इसे लेकर आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में हुई अतिवृष्टि, वज्रपात, सर्पदंश एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों की विस्तृत समीक्षा की। विभागीय सचिव राजेश कुमार शर्मा ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंत्री को राज्यभर में हुई क्षति की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया।

**तीन माह में विभिन्न आपदाओं से हुई मौतें :** पिछले तीन महीनों में विभिन्न आपदाओं के कारण राज्य में 431 लोगों की मौत हो गई। इसमें वज्रपात से – 180, अतिवृष्टि से – 09, पानी में डूबने से – 161, सर्पदंश से – 80, बाढ़ से – 01 की मौत हो गई।

**मकान और फसल को हुआ भारी नुकसान :** अतिवृष्टि के कारण कच्चे मकानों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। इसमें कच्चे मकानों की आंशिक क्षतिः 7979 और पूर्ण क्षति 447 कच्चे मकानों की हुई। जबकि पक्के मकानों की आंशिक क्षति 208 और पूर्ण क्षति 20 पक्के मकानों की हुई।

शेष पेज 11 पर

### अब जीपीएस से होगा नुकसान का आकलन और मुआवजा ट्रांसफर



#### 2390 हेक्टेयर भूमि पर फसलें बर्बाद हुईं

राज्य में फसल क्षति का भी गहराई से अध्ययन हुआ, जहां रांची, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों में कुल 2390 हेक्टेयर भूमि पर फसलें बर्बाद हुई। सरकार ने सभी जिलों को आपदा राहत के लिए तत्काल राशि उपलब्ध कराई है। विगत वित्तीय वर्ष में 57 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 44 करोड़ रुपये प्रदान किए जा चुके हैं। रांची और लोहरदगा से शेष जानकारियां मिलते ही संबंधित राशि जारी कर दी जाएगी।

#### मिटीगेशन प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

वज्रपात से जानमाल की सुरक्षा के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है। जामताड़ा, दुमका एवं बरहेट में विशेष सर्वेक्षण कर मिटीगेशन प्रोजेक्ट फॉर लाइटनिंग सेफ्टी" की शुरुआत होगी। इस परियोजना के तहत इलेक्ट्रिकल फील्ड मिल उपकरण लगाए जाएंगे, जिससे वज्रपात की घटना से औसतन 3 घंटे पूर्व चेतावनी लाउडस्पीकरों के माध्यम से जनता तक पहुंचेगी।

#### जिले में गोताखोरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हर जिले से 2 गोताखोरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रमुख जलप्रपातों पर लोहे की जालियां और चेन लगाकर घटनाओं की रोकथाम की जाएगी।

#### सड़क दुर्घटना में मुआवजा होगा चार लाख रुपए

मंत्री इरफानअंसारी ने यह भी निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना के मृतकों को भी अन्य आपदाओं के समान 4 लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की जाए। यह एक सशक्त, संवेदनशील और समावेशी नीति की दिशा में बड़ा कदम है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदाओं को टाल नहीं सकती, परंतु उनके दुष्प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हर परिस्थिति में जनता के साथ हैं। हर महीने समग्र समीक्षा बैठक कर योजना की प्रगति का आंकलन किया जाएगा।

#### 750 करोड़ का जीएसटी घोटाला

## रांची, धनबाद और जमशेदपुर सहित 12 ठिकानों पर ईडी का पड़ा छापा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह झारखंड में 750 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले से जुड़े मामले में एक साथ 12 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रांची, धनबाद, जमशेदपुर, झरिया सहित विभिन्न जिलों में की गई। ईडी की टीम ने जमशेदपुर जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रैप व्यवसायी और प्रमुख उद्यमी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई, उनमें



हथियाडीह स्थित शारदा एंडेवर्स फैक्ट्री और बिष्टुपुर के कांट्रैक्टर्स एरिया स्थित उनका आवास शामिल है। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी जीएसटी फर्जीवाड़े, टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग से जुड़े मामलों में की गई है। उल्लेखनीय है कि ज्ञानचंद जायसवाल पूर्व में भी इस मामले में जेल जा चुके हैं। ईडी की टीमें दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं और डिजिटल सबूतों तथा संदिग्ध लेन-देन की पड़ताल में जुटी हुई हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हालांकि, ईडी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि छापेमारी देर शाम तक जारी रह सकती है।

शेष पेज 11 पर

### गैस सिलेंडर में विस्फोट से तीन की मौत, कई घायल

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम के वन टाउन क्षेत्र में फिशिंग हार्बर के पास गुरुवार को एक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। यह घटना विशाखापत्तनम के फिशिंग हार्बर के पास की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को अचानक एक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा गैस शेष पेज 11 पर

## डायन-बिसाही के शक में महिला की गला रेतकर कर हुई हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम में 3 महिलाओं ने मिलकर एक बुजुर्ग महिला की दाउली से काटकर हत्या कर दी। मामला डायन-बिसाही का बताया जा रहा है। घटना जमशेदपुर से 22 किलोमीटर दूर बोड़ाम थाना क्षेत्र के धोबनी जंगल में हुई। पुलिस ने मंगलवार की शाम भावी सिंह (60) का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को मृतक के मंझले बेटे सुधीर सिंह के लिखित बयान पर बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने हत्या की आरोपी महिलाओं को किया गिरफ्तार :** पुलिस की छानबीन में पता चला कि धोबनी गांव का टोला बड़दोहो निवासी उलासी सिंह (48), रबनी सिंह (40) और सोमबारी सिंह (32) ने मिलकर सोमवार सुबह घर से पीछा करते हुए धोबनी जंगल में दाउली से गर्दन काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल दाउली को भी जब्त कर लिया गया है।

शेष पेज 11 पर

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सीआरपीएफ का बंकर व्हीकल खाई में गिरा, दो जवान शहीद

उधमपुर (आईएएनएस)

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का बंकर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस हादसे में कम से कम दो जवानों की जान गई है, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सीआरपीएफ ने इस हादसे की पुष्टि की है। फिलहाल, राहत और बचाव कार्य जारी है।

सीआरपीएफ ने जानकारी दी कि ऑपरेशन समाप्त होने के बाद 187 बटालियन का बंकर व्हीकल 18 जवानों को लेकर कदवा से बसंतगढ़ जा रहा था। इसी बीच



उधमपुर जिले के बसंतगढ़ तहसील के लोधरा में व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया। यह दुर्घटना गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे हुई, जिसमें व्हीकल में मौजूद सभी जवानों को चोटें आईं। सभी घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया। दो सीआरपीएफ जवान गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनकी बाद में मृत्यु हो गई।

हादसे के बाद केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिखा, "कंडवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ के एक वाहन के साथ हुई सड़क दुर्घटना की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है

शेष पेज 11 पर

## ईडी के 5000 मामलों में से दोषसिद्धि सिर्फ 10 प्रतिशत

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा बदमाशों की तरफ काम नहीं कर सकते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई। जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, 'हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं।' शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा



न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा, 'आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। शेष पेज 11 पर

**अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया :** केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया।

राजू ने कहा, 'प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है।

## इंडिया

# बांग्ला अस्मिता खतरे में है या ममता बनर्जी का भविष्य?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

वोटर लिस्ट के गहन विशेष पुनरीक्षण की तैयारी बिहार के बाद बंगाल में होने वाली है जिसने ममता बनर्जी को तभी बेचैन कर दिया था जब बिहार में लाखों मृत और फर्जी मतदाताओं की खबर छन कर आ रही थी और उन्होंने इसका विरोध शुरू किया था।जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 भारत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधित करने का अधिकार देती है , जिसमें दर्ज कारणों के साथ किसी भी समय विशेष संशोधन करना भी शामिल है। एसआईआर का संवैधानिक आधार यह है कि अनुच्छेद 324 भारत के निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने का पर्यवेक्षण और नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है ।एसआइआर के विरुद्ध राजनीतिक धरना प्रदर्शन जो भी किया जाए पर रोकना संभव नहीं। राजनीति में बहुत बार विरोध जनहित में नहीं अपनी जमीन बचाने के लिए कराया जाता है हालांकि पीएम मोदी ने अब दीदी पर सीधा आक्रमण नहीं कर रहे जिसकी झलक उनके पिछले बंगाल दौरे में देखने को मिली ।देश के कुछ राज्यों में राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए जब-तब क्षेत्रीयता को हवा दी जाती रही है। महाराष्ट्र के बाद अब बंगाली अस्मिता के नाम पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे भड़का रही हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ देशव्यापी अभियान और उसके बाद बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से उन दलों में बेचैनी है, जो इन घुसपैठियों को अपना वोटबैंक मानते आए हैं। ममता इसे बांग्ला बोलने वाले बंगालियों के उत्पीड़न के रूप में प्रचारित कर रही हैं। परोक्ष रूप से धमकी देते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया है कि क्या मैंने कभी हिंदीभाषियों को बंगाल छोड़ने के लिए कहा है जबकि बीएलओ तक को धमका दिया है कि एक नाम कटा, तो ठीक नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस के भाषा बचाओ आंदोलन से पश्चिम बंगाल और देश के प्रबुद्ध लोग चकित हैं कि भाषा पर



एआई जेनरेटेड

कब और कैसे संकट आ गया? यह 2026 के चुनाव को देखते हुए संस्थागत रूप ले चुके भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, कुशासन, अराजकता की काली घटाओं से पैदा हुई एंटी-इन्कंबेंसी की धार को कुंद करने का प्रयास लगता है।रवींद्रनाथ टैगोर की धरती बोलपुर में बांग्ला भाषा के समर्थन में 28 जुलाई को की गई पदयात्रा ने ममता बनर्जी की भविष्य की राजनीति का संकेत दे दिया है। देश के कई राज्यों में घुसपैठियों, खासकर बांग्लादेश से आए मुस्लिमों व रोहिंग्याओं की पहचान करने, उनकी अवैध बस्तियों को गिराने, उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखने या वापस बांग्लादेश भेजने की छिटपुट कार्रवाइयां हो रही हैं। चुनाव आयोग ने बिहार में 24 जून को शुरु हुए 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान में 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई, जिसमें 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए। चुनाव आयोग का कहना है कि ये लोग या तो मर चुके हैं, दूसरी जगह स्थायी रूप से चले गए हैं, या दो जगहों पर नाम था।जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा, 'हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। कोर्ट ने चुनाव आयोग को कहा कि वह 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करे, ताकि 12-13 अगस्त को इस मामले पर पूरी सुनवाई हो सके।

#### रूसी मीडिया से आ रही है जानकारी

## राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा जल्द, दोनों के रिश्ते होंगे मजबूत

मॉस्को(आईएएनएस)

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस महीने के अंत में भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। यह जानकारी रूसी मीडिया ने दी है, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के रूस दौरे के दौरान दिए गए बयान का हवाला दिया। मॉस्को में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात के दौरान डोभाल ने कहा, "हमारे बीच अब बहुत अच्छे संबंध स्थापित हो चुके हैं, जिन्हें हम काफी महत्व देते हैं। यह एक रणनीतिक साझेदारी है। हम उच्च स्तर पर संवाद कर रहे



हैं। हमें यह जानकर खुशी हुई कि राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा इस महीने के अंत में तय किया गया है। इससे पहले क्रेमलिन के सहायक यूरी उशाकोव ने भी पुष्टि की थी

शेष पेज 11 पर

1950 में विद्यालय में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय खुला पर भूमि सीआईपी की

# डेपुटेशन पर तैनात एमएड शिक्षकों के भरोसे चल रहा है शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

● रांची विश्वविद्यालय के बीएड विभाग में फीस तो डेढ़ लाख, लेकिन एक भी स्थाई शिक्षक नहीं!

**मनोज मिश्रा। रांची**

झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था की विडंबना का सबसे बड़ा उदाहरण रांची विश्वविद्यालय के कांस्टीट्यूएंट कॉलेजों के बीएड विभाग हैं। इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत तीन कांस्टीट्यूएंट कॉलेज हैं, रांची महिला कॉलेज, कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला, डोरंडा कॉलेज डोरंडा। यहां छात्रों से प्रतिवर्ष 75,000 (दो वर्षों में 1.5 लाख) की शुल्क ली की जाती है लेकिन एक भी शिक्षक स्थायी नहीं है। सभी शिक्षक केवल 11 माह के कॉन्ट्रैक्ट पर रखे जाते हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पिछले एक महीने से किसी भी कॉलेज में एक भी बी.एड शिक्षक कार्यरत नहीं है, क्योंकि सभी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और अब तक रिन्युअल नहीं हुआ है। यह स्थिति एनईपी 2020, एनसीटीई और यूजीसी के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार बी.एड जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को केवल विश्वविद्यालय या बहु-विषयी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए, जिसमें योग्य और स्थायी शिक्षक अनिवार्य हों। लेकिन रांची विश्वविद्यालय की वर्तमान व्यवस्था इससे बिल्कुल विपरीत है। एनसीटीई नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति 50 छात्रों पर आठ पूर्णकालिक स्थायी शिक्षक अनिवार्य है, गेस्ट या अनुबंध आधारित शिक्षकों पर पूर्ण निर्भरता अमान्य है। केवल स्थायी फैकल्टी से ही कॉलेज को मान्यता मिलनी चाहिए।



राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास नहीं है अपनी भूमि

**1** राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार से शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के संबंध में विशेष बातचीत की। उन्होंने बताया कि फ्रेश और उच्च शिक्षित डेपुटेशन के शिक्षकों की शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कुछ महीनों के बाद बहाली होने वाली है। विभागीय प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और सारी कमी को ठीक करने का प्रयास चल रहा है।

**2** राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने रांची महाविद्यालय के सीसीडीसी प्रकाश झा से राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची झारखंड के संबंध में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि हम लोग सिर्फ परीक्षा आयोजित करते हैं ज्यादा जानकारी के लिए राज्य सरकार से सवाल पूछें।

### आइए जानते हैं राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची में क्या है हालात

राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची झारखंड में कांके प्रखंड स्थित एक सरकारी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय है। यह कॉलेज बीएड और डीएलएड जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करता है। कॉलेज राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। दो वर्ष के इस शिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष 100 छात्रों का प्रवेश होता है और पिछले वर्ष के 100 छात्रों की संख्या को मिला दें तो 200 नियमित रूप से पढ़ाई करते हैं। 200 छात्रों को पढ़ाने के लिए महाविद्यालय में 15 शिक्षकों के पद हैं इसमें सभी पदों पर डेपुटेशन से आए शिक्षक ही वर्षों से पढ़ा रहे हैं। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि 1955 में स्थापित राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची झारखंड में शुरुआती दौर में रांची जिला स्कूल में चल रहा था। बाद में शिक्षा मंत्री रहे बंधु तिर्की ने इसे रांची कांके स्थित सरकारी विद्यालय के कैंपस में नया भवन बनाकर शिफ्ट कराया। नया भवन तो मिल गया लेकिन शिक्षकों की कमी वहीं की वहीं रह गई। नियमित रूप से पढ़ रहे 200 छात्र जो कल के अध्यापक बनेंगे उनकी पढ़ाई डेपुटेशन पर आए शिक्षकों द्वारा कराई जाती है। इस महाविद्यालय के शिक्षकों की अहर्ता पर भी समय-समय पर सवाल उठाए जाते रहे हैं हालांकि विभाग का कहना होता है कि बीएड एवं उच्च शिक्षित शिक्षक ही डेपुटेशन पर पढ़ाते हैं अहर्ता में कहीं कोई कमी नहीं पाई जाती है। वहीं राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय को रांची विश्वविद्याालय से संचालित करने का भी विभागीय प्रयास किया जा रहा है जहां कई तकनीकी खामियां आ रही है उसमें एक तकनीकी खामी भूमि भी है क्योंकि जिस कांके स्थित जमीन पर महाविद्यालय बनाया गया है वह सीआईपी रांची की है।

## लोकगायक आशुतोष द्विवेदी का "ऑपरेशन सिंदूर" गीत लॉन्च



● रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पोस्टर का किया अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को रांची के युवा लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का "ऑपरेशन सिंदूर" पर आधारित बने गीत " सिंदूर " का लॉन्चिंग रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया।
इस गीत के माध्यम से आशुतोष द्विवेदी ने भारतीय सेना के वीरता और समर्पण को समर्पित किया है। साथ ही साथ पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की शहादत को नमन कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया है। इस गीत के माध्यम से आशुतोष ने भारतीय सेना की बहादुरी और देशभक्ति को सलाम किया है यह गीत भारतीय सेना के पराक्रम और उनके हौसलों की कहानी को भी दर्शाती है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता बन चुके हैं। पूरे विश्व में भारत देश नंबर 01 देश बन चुका है देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों और उसके आका को मार कर पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है।

## अपराध की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए गोंदा थाना क्षेत्र से कांके के रहने वाले सौरभ तिर्की और रितेश गाड़ी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गोंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्बन हार्ट में एक निर्माणाधीन भवन में कुछ अपराधी अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाएगा निगम

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। सभी प्रमुख झंडोत्तोलन स्थल तथा महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई समेत अन्य तरह के काम पूरे किए जाएंगे। इस संबंध में स्वच्छता शाखा की ओर से सहायक प्रशासक ने निर्देश जारी किया है। इसमें सभी जोनल सुपरवाइजर, एमपीएस को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। बाजार शाखा को मोरहाबादी मैदान के चारों ओर विशेष सफाई अभियान चलाने, मैदान में डस्ट के साथ गड्ढों को भरने के साथ सभी एलईडी स्क्रीन को चालू करने, परेड के पूर्वाभ्यास को लेकर शुक्रवार से 15 अगस्त तक नियमित रूप से फॉगिंग, वाटर टैंकर व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था बहाल रखने को कहा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर मोरहाबादी के आसपास के क्षेत्र में आवारा मवेशी व श्वान के प्रवेश पर रोक को लेकर सतर्कता बरतने व जरूरी होने पर अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

राज्यपाल ने हस्तकरघा क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद बताया, कहा

# तसर रेशम और कढ़ाई शिल्प से राज्य की पहचान बढ़ी है

● फिल्में हथकरघा के सामाजिक और आर्थिक महत्व को जनमानस के समक्ष लाने में सहायक रही हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को विवर्स डेवलेपमेंट एण्ड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन एवं बुनकर प्रकोष्ठ द्वारा 12वें राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हस्तकरघा केवल एक कला नहीं, यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। हर धागा, हर बुनाई हमारी लोक-कथाओं और रीति-रिवाजों की अनूठी कहानी कहती है।

राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया जा रहा है, बल्कि उन लाखों बुनकर परिवारों को सम्मान भी दिया जा रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत की नींव को सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' और 'हैंडलूम फॉर होम' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों से देश में स्वदेशी वस्त्रों के प्रति सम्मान का भाव और बढ़ा है।

राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब मैं वस्त्र मंत्रालय में था, तब देशभर के बुनकरों और हस्तशिल्पियों की समस्याओं को नजदीक से समझने और उनके समाधान के लिए कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कौशल विकास, तकनीकी सहायता और बाज़ार उपलब्धता के माध्यम से बुनकरों के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए गए।"

राज्यपाल ने झारखंड की विशिष्ट हस्तकरघा परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तसर रेशम और कत्था कढ़ाई जैसे शिल्प राज्य की पहचान हैं और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भी इनकी विशिष्ट छवि बनी है। उन्होंने हाल ही में इस क्षेत्र पर आधारित दो फिल्मों "संगठन से सफलता" तथा "फैशन के लिए खादी" का उल्लेख करते हुए कहा कि ये फिल्में हथकरघा के सामाजिक और आर्थिक महत्व को जनमानस के समक्ष लाने में सहायक रही हैं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन के प्रारंभ में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी सादगी, तपस्या और जनजातीय समाज के लिए समर्पित जीवन को सदैव याद किया जाएगा।

## ट्रंप का गुणगान करने वाले भाजपाई अब क्यों हैं खामोश : डॉ तनुज

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने एक बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद पूरे देश में आर्थिक चिंता गहराती जा रही है, लेकिन भाजपा के नेता सन्नाटा ओढ़े बैठे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप का गुणगान करने वाले, उनके लिए 'अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगाने वाले भाजपाई अब अचानक मौन क्यों हैं? क्या यही है आपकी विदेश नीति है? क्या अमेरिका से दोस्ती सिर्फ फोटो खिंचवाने और रेड कारपेट पर बिछ जाने तक थी? डॉ. तनुज ने कहा कि अमेरिका द्वारा घोषित टैरिफ का सीधा असर भारत के एक्सपोर्ट, टेक्सटाइल, आईटी, फार्मा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर पड़ेगा। इससे देश की लाखों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। मगर हैरानी की बात है कि इस पर केंद्र सरकार की तरफ से न कोई बयान, न कोई योजना और ना ही कोई कड़ा विरोध सामने आया है। उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या अब भाजपा बताएगी कि 'मेक इन इंडिया, 'आत्मनिर्भर भारत और 'विकसित भारत जैसे नारे सिर्फ भाषणों और विज्ञापनों के लिए थे? जब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत पर हमला कर रही है, तो आपकी चुप्पी शर्मनाक है।

## वनभूमि घोटाले में आरोपी पुनीत अग्रवाल को जमानत नहीं

**रांची।** बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में 103 एकड़ वनभूमि घोटाले में सीआईडी के हाथों गिरफ्तार राजवीर कंस्ट्रक्शन के निदेशक पुनीत अग्रवाल को जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को सीआईडी के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने याचिका खारिज कर दी। सीआईडी ने 14 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में है। उसने गिरफ्तारी के अगले दिन 15 जुलाई को ही जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। पुनीत अग्रवाल ने उमायुष नाम की कंपनी के खाते में 3.40 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए थे। इसके बाद इस राशि से सरकारी जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई थी। बता दें कि सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर जांच कर रही है।

## स्वास्थ्य विभाग अनाथ, मंत्री की दूसरे विभागों में ज्यादा दिलचस्पी: अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड में बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट के बाद अब झारखंड हाई कोर्ट भी सरकार की निष्क्रियता से क्षुब्ध हो चुका है, लेकिन सरकार अब भी गहरी नींद में है और जनता के स्वास्थ्य की चिंता उससे कोसों दूर है। उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने राज्य सरकार को चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों पर चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है, जो यह दर्शाता है कि अब न्यायपालिका को भी सरकार की लापरवाही को संज्ञान में लेना पड़ रहा है। अजय के अनुसार, यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार की प्राथमिकता सूची में स्वास्थ्य सेवा कहीं नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए अजय ने यह भी कहा कि मंत्री को हजारीबाग और रामगढ़ की घटनाओं तथा अन्य विभागीय मामलों में तो गहरी रुचि है, लेकिन अपने विभाग की स्थिति पर उनका ध्यान ही नहीं है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की हालत इस समय एक अनाथ विभाग की तरह हो गई है, जहां न डॉक्टर हैं, न नर्सें, और न ही कोई ठोस व्यवस्था।
उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए जहां एक ओर नए डॉक्टरों, नर्सों और तकनीकी कर्मियों की तत्काल आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री का पूरा ध्यान सिर्फ रिम्स की नई इमारत के निर्माण पर केंद्रित है। उन्होंने इसे सरकार की कमीशन आधारित राजनीति का प्रतीक बताया।

रांची में एक सप्ताह तक चलेगा सांसद कला महोत्सव

## सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स प्रधानमंत्री को भेंट किया जाएगा : संजय सेठ

● ऑपरेशन सिंदूर और पीएम के सैन्य प्रेम को कागजों पर उकेरेंगे विद्यार्थी

● 20000 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में 28 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक रांची में "सांसद कला महोत्सव" मनाया जाएगा। एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों में चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यालयों के 8वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उपरोक्त जानकारी रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में दी। श्री सेठ ने बताया कि इस चित्रांकन प्रतियोगिता का थीम है - "ऑपरेशन सिंदूर" और "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैन्य प्रेम" इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम के प्रति जागरूकता लाना है। उनकी रचनात्मकता को सार्वजनिक पटल पर दिखाना है।
श्री सेठ ने बताया कि इस महोत्सव के लिए हमने रांची के 50 से अधिक विद्यालयों से संपर्क करने का लक्ष्य लिया है। इसमें 20000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। समिति के लोग सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों से भी संपर्क करेंगे। सबसे उत्कृष्ट पेंटिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि 2 घंटे की प्रतियोगिता में बच्चों को ऑन स्पॉट पेंटिंग करनी है और सभी विद्यालयों से श्रेष्ठ पांच पेंटिंग्स का चुनाव किया जाएगा। इसके बाद ऐसे श्रेष्ठ पांच पेंटिंग्स के विजेताओं की एक बार फाइनल प्रतियोगिता होगी, उसमें सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इसके लिए गठित आयोजन समिति में संयोजक मनोज कुमार गुप्ता के अलावे राजीव सहाय, शुभंकर चौधरी, रूही उज्जवल, धनंजय कुमार, रमेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार शामिल हैं।




### नागरिकों के लिए तैयार करवा रहे परिवार सुरक्षा पुस्तिका

पत्रकार वार्ता में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने यह भी जानकारी दी की रांची लोकसभा क्षेत्र के परिवारजनों के लिए परिवार सुरक्षा पुस्तिका तैयार की जा रही है। जिसका निःशुल्क वितरण रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए किया जाएगा। इस परिवार सुरक्षा पुस्तिका का उद्देश्य परिवार की सारी जानकारी को एक जगह एकत्र करके रखना है।

मंडल डैम की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा

# मंडल डैम के कार्यों को यथाशीघ्र शुरू करें : मुख्य सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गुरुवार को शहीद नीलांबर पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए मूलभूत कार्य यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विस्थापित होनेवाले रैयतों को विश्वास में लेकर उनके पुनर्वास की अड़चनों को दूर करें।
पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें। मालूम हो कि इस परियोजना के लिए गढ़वा और लातेहार जिले के सात गांवों खैरा, भजना, सनैया, कुटकू, खुरा, चेमो और मेराल के लगभग 750 परिवारों को पुनर्वासित करने का निर्णय लिया गया है। पुनर्वास के दौरान सभी परिवारों को दो किश्तों में 15 लाख रुपये और एक एकड़ जमीन देने पर पूर्व में ही रैयतों के साथ सहमति बन चुकी है। इन्हें रंका प्रखंड में पुनर्वासित करने की योजना है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें। साथ ही विस्थापित संघर्ष समिति से वार्ता का क्रम जारी रखने और स्थानीय विधायकों से भी पूरे मामले में जनहित के दृष्टिकोण से सहयोग लेने पर बल दिया।
कार्य करने वाली एजेंसी को सुरक्षा दें मुख्य सचिव ने मंडल डैम के अधूरे काम को पूरा करने वाली चयनित एजेंसी वापकोसको पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था देने का निर्देश दिया है। उन्होंने गढ़वा और लातेहार जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से इसके यथाशीघ्र अनुपालन पर बल दिया। एजेंसी ने समीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मिलने के दो दिन के भीतर कार्य शुरू करने पर हामी भरी ।
इस दौरान मुख्य सचिव ने विस्थापितों को मुआवजा भुगतान करने के लिए रिजर्व बैंक में स्पर्श अकाउंट खोलने, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत विस्थापितों की मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की। वहीं परियोजना के दायां मुख्य नहर के दोनों किनारे पर स्थित विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मर को वहां से हटाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

### समीक्षा में ये थे शामिल

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में वित्त सचिव श्री प्रशांत कुमार, वन सचिव श्री अबू बक्कर सिद्दिकी शामिल थे और गढ़वा तथा लातेहार के उपायुक्त तथा आरक्षी अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े थे।

# उग्रवादियों की हिटलिस्ट में सुदेश उच्चस्तरीय जांच हो : आजसू पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख सुदेश महतो का नाम उग्रवादियों द्वारा हिटलिस्ट में रखने की उच्चस्तरीय जांच करवाने तथा उनकी सुरक्षा की नए सिरे से समीक्षा करने की मांग की है। इस बात का खुलासा होना चाहिए कि सुदेश महतो उग्रवादियों के निशाने पर क्यों हैं? पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार सुदेश महतो की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।
पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर एवं हसन अंसारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बार बार उग्रवादियों द्वारा सुदेश महतो की हत्या की साजिश की जानकारी सामने आती रहती है, लेकिन इसके कारणों का अभी तक पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है। इस संबंध में शीघ्र ही पार्टी नेता राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक परवाज खान भी उपस्थित थे।
श्री प्रभाकर ने कहा कि दो दिन पूर्व गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो को अपनी हिटलिस्ट में रखा था और हमले की फिराक में था। उसने 2023 में अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर सुदेश महतो की हत्या की योजना बनाई थी, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था। हसन अंसारी ने कहा कि इससे पूर्व किसी राजनेता द्वारा सुदेश महतो की हत्या के लिए उग्रवादियों को 5 करोड़ रुपयों की सुपारी देने की बात सामने आ चुकी है। इस बात का खुलासा होना चाहिए कि बार बार किस कारण से हत्या की साजिश रची जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन है? श्री प्रभाकर ने कहा कि 2005 में सिल्ली से पोगड़ा जाने के रास्ते में केन बम लगाने की साजिश सामने आई थी।

हथकरघा से हजारों महिलाओं को मिल रहा है रोजगार

# खादी की मांग बढ़ने से मार्केट में आई नकली खादी, सरकार ने शुरू की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। सात अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाता है। इस दिन भारत के इतिहास में विशेष महत्व है। हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने और विदेशी वस्तुओं के लिए स्वेदशी आंदोलन की शुरुआत 7 अगस्त 1905 में हुई थी। इसी आंदोलन के चलते हथकरघा तत्कालीन भारत के लगभग हर घर में खादी बनाने की शुरुआत हुई थी। हथकरघा से रोजगार मिल रहा है। महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं उन्हें किसी पर निर्भर रहना नहीं पड़ता है।




## सैंकड़ों की संख्या में खादी बोर्ड के साथ जुड़ी है महिलाएं

झारखंड खादी बोर्ड की डिजाइनर अंबिका बावरी ने कहा कि खादी के कपड़े लोगों के बीच ट्रेंड में हैं। आधुनिकता में भी हैंडमेड कपड़े लोग पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खादी के कपड़े का इस्तेमाल करके लोग नकली कपड़े बेच रहे हैं। जिस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए निर्देश दिया है कि खादी का नाम इस्तेमाल करके नकली कपड़े नहीं बेचे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कई ट्रेनिंग सेंटर है जहां सोहराय, स्टिचिंग और भी कई तरह के डिजाइन का काम होता है। वहीं कई महिलाएं हमारे साथ चरखा या हस्तकरघा से कपड़े बनाते हैं। जिसमें कुछ महिलाएं कोकून लेकर जाती है और खुद से कपड़े बनाती है। यदि किसी कारण चरखा या हस्तकारघा खराब हो जाए तो उसे ठीक करने या बदलने की जिम्मेदारी बोर्ड की है। उन्होंने बताया कि चांडिल आमदा में सबसे बड़ा खादी पार्क है जहां महिलाएं आकर सिखती हैं। जिन महिलाओं को ट्रेनिंग दिया जाता है वही महिलाएं कपड़े बनाती है। दिल्ली और लखनऊ में भी झारखंड से खादी हैंडमेड कपड़े जाते हैं। पहले दिक्कतें होती थी महिलाओं को समझने और जोड़ने में लेकिन अब लोगों के बीच यह काम ओर खादी कपड़ा दोनों ही प्रचलित है। महिलाएं खुद आकर जुड़ रही हैं। सिख भी रही ओर प्रोडक्शन भी कर रही हैं।



अंबिका ने बताया अभी पूरे झारखंड में लगभग 500 महिलाएं खादी के साथ जुड़ी हैं। महिलाएं अपनी कला और मेहनत से लोगों तक खादी हैंडमेड कपड़ों और वस्तुओं को पहुंचाने का प्रयत्न लगातार कर रही हैं। विक्रेताओं को नहीं प्रोडक्शन कंपनी को मिलती है सब्सिडी खादी बोर्ड के लेखाकार ने बताया साल 2010 के वित्तीय वर्ष के बाद से ही विक्रेताओं को मिलने वाले सब्सिडी पर रोक लगा दी गई थी। जिसके बाद प्रोडक्शन कंपनियों को सब्सिडी मिलने लगा।

## युवाओं को जोड़े रखने के लिए है यह नई शुरुआत : अमरदीप

राजधानी में लोग खादी कपड़ों के



व्यवसाय से भी जुड़ रहे हैं। हथकरघा दिवस के दिन अमरदीप सिन्हा ने खादी उत्पादन केंद्र और सेल्स की शुरुआत की है। अमरदीप ने कहा खादी का व्यवसाय शुरू करने का एक ही मकसद है युवाओं को अपने संस्कृति से जोड़े रखना। उन्होंने कहा हमारी नई पीढ़ी को भी संस्कृति से जुड़े वस्त्रों से जोड़े रखने के लिए है। और खादी को बढ़ावा देने के लिए है।

## खादी कपड़ों की तरफ बढ़ रहा लोगों का रुझान : अकरम

जींस पैंट और फैंसी कपड़ों के आधुनिक दौर में लोग सोहराय डिजाइन के कपड़े पसंद कर रहे हैं। खादी कपड़े विक्रेता अकरम अंसारी ने बताया कि पहले की तुलना में अब लोगों का रुझान खादी कपड़ों की ओर बढ़ता जा रहा है। युवा से लेकर हर उम्र वर्ग के लोग इन कपड़ों को पसंद कर रहे हैं। झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारत के कई हिस्सों में चरखे से बने हैंडमेड कपड़ों को पसंद कर रहे हैं।

## खादी भंडार का हुआ शुभारंभ




**रांची।** गुरुवार को रांची के मुंडा कॉम्प्लेक्स , पुराना अरगोड़ा चौक ,अरगोड़ा में खादी भंडार के शुभारंभ का हुआ। यह खादी भंडार का शुभारंभ अमरणिक खादी ग्रामोद्योग संस्था के द्वारा हुआ हैं जो खादी इंडिया, भारत सरकार से प्रमाणित हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मद्य निषेधमंत्री योगेन्द्र प्रसाद और हटिया विधायक नवीन जयसवाल शामिल हुए।अमरणिक खादी ग्रामोद्योग संस्था के सचिव अमरदीप सिन्हा ने खादी को देश की धरोहर बताया हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंकज साहू, राजकुमार गुप्ता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## हरिकनक ग्रेटर क्लब ने भोले नाथ का किया भव्य श्रृंगार




**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर द्वारा हरमू हाउसिंग (हाई कोर्ट)कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में विराजमान भोले शंकर का फूलों से भव्य श्रृगार,महा आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया। मौके पर लायन चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायन सुबोध कश्यप, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन प्रेमशंकर मिश्रा,अध्यक्ष अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा,क्लब डायरेक्टर लायन डॉ.राजेंद्र कुमार हाजरा,पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,सचिव दीपक कुमार साहू,लायन विजय कुमार पाठक,लायन अंकित सर्राफ पी.आर.ओ.लायन शिव किशोर शर्मा,लायन अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य,लायन ममता मिश्रा सहित अन्य लायन उपस्थित थे।

कोरियन इंजीनियरों की टीम ने विद्यालय का किया भ्रमण

## झारखंड के विद्यार्थी काफी प्रतिभावान हैं : कोरियाई प्रो. कोह ताई जिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में चल रहे 8 दिवसीय भारतीय भाषा और संस्कृति संबंधित सैमसंग के कोरियन सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को बिरसा बाल विकास विद्यालय, होचर, रातु, रांची ले जाया गया। इस स्कूल में अधिकांशतः आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं जिनके साथ सभी कोरियन प्रशिक्षुओं ने बातचीत किया और पूरा दिन बिताया। इस दौरे का उद्देश्य झारखंड के बच्चों की प्रतिभा, भाषा, कला और संस्कृति से रूबरू कराना था। इस दौरे के दौरान 12 कोरियन प्रशिक्षु और सीयूजे के 20 कोरियन भाषा के विद्यार्थी अपने प्रोफेसरों के नेतृत्व में पहुंचे। टीम ने झारखंडी लोकनृत्यों को सिखा साथ ही नागपुरी गानों पर थिरके। स्कूल के बच्चों ने भी कोरियन गानों और नृत्य को सिखा। झारखंडी गानों जैसे, सुन्दर झारखंड, लाल पट सड़ीया, राउन्ड एंड राउन्ड और टंग टंग हुलू पर सभी थिरके। साथ ही कोरियन गाने एरिरंग रॉरिओ भी बजाया गया। सीयूजे के कोरियन भाषा के विद्यार्थियों के साथ सैमसंग के सभी इंजीनियरों ने भारतीय और कोरियन दोस्ती (समागम) संबंधित स्कूल के दीवार पर खूबसूरत चित्रकारी भी की। चित्र में इंडिया गेट, सियोल टॉवर, भारतीय और कोरियन सांस्कृतिक नृत्य और पारंपरिक भोजन को भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने टीम के साथ खाना खाया। विद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थी और प्रिंसिपल के नेतृत्व में 15 शिक्षक मौजूद थे। टीम का नेतृत्व प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, शशि कुमार मिश्रा, सहायक प्राध्यापक और कोरिया के प्रोफेसर द्वय प्रो. कोह ताई जिन और प्रो. ली ये यूंग ने किया। साथ में सीयूजे सुदूर पूर्व भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक, श्री मुकेश कुमार जायसवाल और पवन कुमार भी थे।



## सदर में पैर का ऑपरेशन कर ढाई किलो का ट्यूमर निकाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर अस्पताल में 54 वर्षीय महिला एस देवी के पैर का ऑपरेशन कर ढाई किलो का ट्यूमर निकाला। पिछले 4 साल से बाएं जांघ में सूजन था, जो दो महीने में बहुत तेजी से अपने आकार में बढ़ने लगा था। मरीज दर्द एवं पैर में भारीपन से काफी परेशान थी। एमआरआई एंजियोग्राफी कराई गई तो पता चला कि एक बड़ा ट्यूमर है, जो जांघ के खून के नस से चिपकी हुई थी एवं मांसपेशियों को क्षतिग्रस्त कर चुकी थी। इसे मायोलाइपोसार्कोम कहते हैं। फेमोरल वेसल नामक मुख्य रक्त नालिका से चिपके रहने एवं आकार में अत्यधिक बड़ा होने के कारण यह काफी क्रिटिकल ऑपरेशन था। सदर अस्पताल में सर्जन डॉ अजीत कुमार, प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी, एनेस्थेटिस्ट डॉ चंदन झा की टीम ने इसका सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन में ओटी स्टाफ नीलम, अंकिता, अमर, संतोष, नेली सिस्टर, स्नेहलता सिस्टर, सपोर्ट स्टाफ आदि का मुख्य योगदान रहा। इस सफल ऑपरेशन के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार एवं उपाधीक्षक डॉक्टर बिमलेश सिंह ने पूरी टीम को बधाई दी।

## डीडीसी सौरभ कुमार व एसडीओ उत्कर्ष को निर्मला बहन ने बांधी राखी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने डीडीसी सौरभ कुमार भुवानिया एवं एसडीओ उत्कर्ष कुमार को उनके कार्यालय में सुरक्षा की प्रतीक राखी बांधी। इन्हें राखी बांधकर पवित्रता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि मनुष्य सर्व समर्थ नहीं है। जब धरती पर बुराइयों का साम्राज्य हो जाता है तब करुणासिन्धु परमात्मा मनुष्य को मायावी बंधनों से मुक्त करके ईश्वरीय मर्यादा के रक्षासूत्र में बांधते हैं। इस रक्षासूत्र को बांधने से सब रोग नष्ट होकर अशुभ का नाश हो जाता है। राखी के रेशमी धागे रूपये दो रूपये की चीज न होकर मानव में पवित्रता की धारणा कराने वाले अमूल्य उपहार है। राखी की पुण्य प्रदायक भावना विश्व को स्वर्ग बना सकती है। विकारों से रक्षा करने हेतु राखी बंधन की परम्परा वर्तमान संगम समय ही शुरू की गई थी। प्रेम और सद्भावना की भावना से विश्व की बड़ी से बड़ी समस्या को समूल नष्ट किया जा सकता है। नैतिक मूल्यों के संकट के समय ज्योति बिन्दु आध्यात्मिक शक्ति के स्त्रोत परमात्मा मनुष्यों में मनोबल जागृत करके बुराइयों से मुक्त करने के लिए रक्षासूत्र बाँधते हैं। जो नर नारी इस बंधन को स्वीकार करते हैं वे अशुद्ध विचार व्यवहार से स्वयं को रक्षा करते हैं। आध्यात्मिक भावनाओं से अभिभूत होकर उप विकास आयुक्त महोदय एवं अनुमण्डल पदाधिकारीने राखी बंधवाई एवं ब्रह्माकुमारी बहनों को धन्यवाद दिया।

आज / कल




## सेल, सीईटी में सावन मिलन मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सावन की जीवंत भावना को बनाए रखते हुए, सेल, सीईटी की महिलाओं ने इस्पात एक्जीक्यूटिव हॉस्टल, सेल सैटेलाइट टाउनशिप में पूरे उत्साह और धूमधाम से सावन मिलन मनाया। समारोह की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, इसके बाद समूह गान और जीवंत नृत्य प्रस्तुतियां हुईं। मानसून के स्वास्थ्यवर्धक आकर्षण को समेटे हुए, कार्यक्रम में एक हास्य नाटक और एक जीवंत फैशन वॉक भी शामिल था, जिसने आनंद, रंग और उत्सव की परतें जोड़ दीं। इस कार्यक्रम की सूत्रधार सुनीता वर्मा थीं, जिन्हें ज्योति दयाल, मृणाली दास और मोहिता खरे का कुशल सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में सेल-सीईटी परिवार की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, क्योंकि महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक समृद्ध श्रृंखला प्रस्तुत करने के लिए एक साथ आईं। इस शाम का एक मुख्य आकर्षण सावन क्वीन 2025 का ताजपोशी समारोह था। ताजपोशी का यह क्षण विशेष बन गया जिसमे पिछले वर्ष की सावन क्वीन ने नयी सावन क्वीन को शानदार ढंग से ताज पहनाया, जिससे परंपरा और भाईचारे की भावना प्रबल हुई। थीम के अनुरूप, महिलाएँ हरे रंग के परिधानों में सजी थीं, जो न केवल सावन की हरियाली का प्रतीक था, बल्कि पर्यावरणीय चेतना और स्थिरता का संदेश भी दे रहा था। यह हंसी, संगीत, नृत्य, भोजन और एकजुटता से भरी एक शाम थी - एक हृदयस्पर्शी उत्सव जिसे सेल-सीईटी की महिलाओं की रचनात्मकता, एकता और उत्सवी भावना ने यादगार बना दिया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने मनाई राखी

## नामकुम व धुर्वा कैंप में सैनिकों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के द्वारा 124 इन्फेंट्री ब्रिगेड नामकुम में समिति की बहनों ने अधिकारी एवं 100 सैनिक भाइयों के साथ ही कर्नल आशुतोष कुमार की पत्नी अदिति शर्मा को एवं ब्रिगेडियर प्रदीप सेनगुप्ता की पत्नी रमा सेन गुप्ता एवं अन्य बहनों को भी तिलक लगाकर लुंबा बांधे। सभी सैनिक भाइयों को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर मंगल कामना की। हर्ष उल्लास से राखी के इस पावन त्यौहार को मनाया गया। बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया और लड्डू का डब्बा एवं पौधे दिए, 133 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल धुर्वा कैंप में सैनिक भाइयों को सभी बहनों द्वारा राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। सभी बहने एवं सैनिक भाई इस पर्व को मना कर प्रफुल्लित एवं गदगद हो गए। उर्मिला पाड़िया ने रक्षाबंधन पर बहुत ही सुंदर गीत गाए। राखियां बंधवाते समय सैनिक भाइयों की आंखे नम हो गई ।कई सैनिक भाई कह रहे थे कि उन्होंने कई सालों से अपनी बहनों से राखियां नहीं बंधवाई। वे अपनी ड्यूटी पर कभी हिमाचल पर रहते हैं तो उनकी राखियां कश्मीर पहुंच जाती है और कश्मीर पर रहते हैं तो राखियां लद्दाख पहुंच जाती है । उन तक राखियां पहुंच ही नहीं पाती। कई सारे सैनिक भाइयों ने अपने मन के विचार व्यक्त किए और कामना की कि हम बहनें इसी तरह हर साल ने राखी बांधते रहे। इस कार्यक्रम में कैंप के दीपक कुमार सिंह कमांडेंट, भवानी प्रताप यादव, मृत्युंजय कुमार , शांति भूषण तिर्की और समिति की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अलका सरावगी, नैना मोर, मधु सराफ, मंजू केडिया, रीना सुरेखा, उर्मिला पाड़िया, बबीता नाथ सरिया सीमा टाटिया मीना अग्रवाल सुनीता सराओगीसरिता अग्रवाल, कलावती अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा पोद्दार, संगीता गोयल, देवी मोदी, करुणा अग्रवाल, मीरा टिंबडेवाल, सरोज चिरानिया, लक्ष्मी पाटोदिया, शशि डागा, प्रीति अग्रवाल, विद्या अग्रवाल , ममता बूबना, शिखा बिरला, नेहा तुलस्यान ,कुसुम पटवारी , सीमा खेमका, सुशीला गाड़ोदिया, प्रीति पोद्दार छाया अग्रवाल मीरा लक्ष्मी पाटोदिया करुणा बगल,रितु मोदी उषा नर्सरिया मीरा टिबरेवाल इन सब बहनों का सहयोग रहा।




# 75 साल पुराना राजकीय मवि खलारी बदहाली का शिकार, परिसर बना मवेशियों का चारागाह



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** 1949 में स्थापित राजकीय मध्य विद्यालय खलारी (जीएमएस खलारी) आज बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव, अतिक्रमण और प्रशासनिक उपेक्षा की मार झेल रहा है। पीएम श्री योजना के तहत चयन के बावजूद विद्यालय का परिसर मवेशियों का चारागाह बन चुका है और भवनों की स्थिति जर्जर हो गई है। कभी आदिम जाति सेवा मंडल स्कूल के नाम से शुरू हुआ यह विद्यालय 1961 में सरकारी अधिग्रहण के बाद मध्य विद्यालय बना था। विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक एवं बालवाटिका के कुल 239 बच्चे नामांकित हैं, जबकि शिक्षक मात्र सात (पांच स्थायी, दो पारा) हैं। शिक्षकों की कमी के कारण कक्षा एक और दो को मर्ज कर पढ़ाया जाता है। भवन का अधिकांश हिस्सा खस्ताहाल हो चुका है, जो 1950 के दशक में सामुदायिक सहयोग से बना था। कुछ कमरे बाद में जवाहर रोजगार योजना और सर्व शिक्षा अभियान के तहत बने, लेकिन नियमित मरम्मत के अभाव में वे भी जर्जर हो चुके हैं।

### चाहरदिवारी असुरक्षित, शौचालय बदहाल

चाहरदीवारी के अभाव में विद्यालय पूरी तरह असुरक्षित है। प्रधानाध्यापक उत्तरा कुमार ने बताया कि स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण है और मुख्य गेट से स्थानीय लोगों का निजी रास्ता गुजरता है। परिणामस्वरूप परिसर में मवेशी और कुत्ते बेरोकटोक घूमते रहते हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि जिला परिषद रांची द्वारा डीएमएफटी मद से चार नए कमरे, शौचालय और चाहरदीवारी निर्माण की योजना पर कार्य चल रहा है, लेकिन जमीन संबंधी विवाद और अवैध रास्ता अब इस निर्माण में भी बाधा बन रहा है। विद्यालय में शौचालयों की स्थिति भी बेहद दयनीय है। छात्र शौचालय पर ताला लटका मिला जबकि छात्राओं के लिए खुले शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं थी और गंदगी फैली थी। खुले परिसर के कारण नल और पाइप जैसी सामग्री अक्सर चोरी हो जाती है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**मुरी।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चाहने वालों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और दो मिनट का मौन धारण किया।श्रद्धांजलि सभा चिराग नर्सरी स्कूल में संपन्न हुई।श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों ने बारी-बारी से अपनी बातें रखीं और कहा कि गुरुजी हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा स्त्रोत थे। हमारे बीच से उनका चले जाना अपूरणीय क्षति है। वे सच्चे माटी पुत्र, भूमि पुत्र व झारखंड आंदोलनकारी थे। गुरुजी किसी भी परिस्थिति में निराश नहीं होते थे, वे हमेशा नशापान का विरोध करते थे। मौके पर बलराम महतो, भगीरथ महतो,राधिका ,दिनेश महतो, अशोक सिंह, फलारी महतो, अनिल टाइगर समेत कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### रोहिणी परियोजना में दी गई दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



**खलारी।** सीसीएल की रोहिणी परियोजना में एक सभा आयोजित कर कोयला कर्मियों द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान गुरुजी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और उनके आदर्शों को याद किया गया। सभा को संबोधित करते हुए परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि शिबू सोरेन केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आवाज थे। उनका जीवन संघर्ष और सेवा का प्रेरक उदाहरण है। झामुमो नेता सह सीसीएलकर्मी नंदू मेहता ने कहा कि गुरुजी ने वंचित तबकों के अधिकारों के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। श्रद्धांजलि सभा में खान प्रबंधक एसपी निगम, शिफ्ट मैनेजर राजेश कुमार, तुमांग मुखिया संतोष महली, रंजन सिंह, ध्वजाराम धोबी, सुधीर सिंह, गोपाल सिंह, अमृत भोगता, किशन राम, संजय राम, पिंटू मुंडा, दिनेश्वर सिंह, सुरेश प्रसाद, कमल महतो, नेपाल राम सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

### सेल्फ स्टडी कोर्स के सार्टिफिकेट का वितरण किया गया



**मांडर।** भारती कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन में गुरुवार को बी०एड० द्वितीय वर्ष सत्र के छात्र-छात्राओं को महाविद्याल के पाठय् सहगामी क्रियाओं के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम ''टैगोर्स थॉट'' पर सेल्फ स्टडी कोर्स के सार्टिफिकेट का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्राचार्या डॉ० दिपाली पराशर ने कहा कि 'सेल्फ स्टडी विद्यार्थी जीवन में रचनात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता, रिभा कुमारी एन०एस०एस० समन्वयक विवेक कुमार जायसवाल, सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल में राखी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**मांड।** प्रखंड के कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में गुरुवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भाई-बहन के प्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को उत्सवपूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मो. निसार आलम ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जो समाज में स्नेह और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पांजलि साहू ने सभी बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को बनाए रखने की प्रेरणा दी। ज़ेबा अर्शी प्रथम स्थान - आयत परवीन,द्वितीय स्थान, सृजा सिंह तृतीय स्थान लाकर प्रतियोगिता के के विजेता बने। मौके पर रफ़त आरा, कौसर खातून, सैमुअल मिन्ज, मोहम्मद मुस्ताक़, नीरज कुमार, किरण गुप्ता, सोनम संगीता, शिखा टोप्पो, ज्योति सोनी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### आरोग्य अमृततुल्य का विधायक ने किया उद्घाटन



**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ठाकुरगांव के मंदना बगीचा में आरोग्य अमृततुल्य का उद्घाटन कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, गुरुगाई मुखिया जयंती देवी, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार समेत कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। उद्घाटन से पूर्व अतिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और उद्घाटन के बाद अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के मौके पर आरोग्य अमृततुल्य के संचालक मुकेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक साहू, सहानंद गोप, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बिट्टू कुमार साहू अपने सहयोगी के साथ सांपों को रेस्क्यू कर बनाया रिकॉर्ड



**ठाकुरगांव ।** थाना क्षेत्र के गुरुगाई गांव निवासी बिट्टू कुमार साहू (24) अपने सहयोगी यशवंत कुमार साहू के साथ पिछले 8 वर्षों से लगभग पांच हजार से अधिक विभिन्न प्रकार के विषैला सांपो को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगलों व ओरमांझी जैविक उद्यान स्थित सर्प घर में छोड़ कर उन्हें नया जीवन दिया है। इसी क्रम में बुधवार को डंडिया गांव स्थित एक पहाड़ की गुफा से बैंडेड क्रेट (देश में पाया जाने वाला सबसे जहरीला सांप) को रेस्क्यू कर गुरुवार को ओरमांझी स्थित सर्प घर में छोड़ दिया। पूरे क्षेत्र में कहीं भी जब विषैला सांप देखा जाता है वंहा सूचना पाते ही बिट्टू पहुँच जाता है। साँप पकड़ना उसका पेशा नहीं शौक है।

# प्रेम मंजरी के विद्यार्थियों को मिली बाल साहित्य की पुस्तकें



**पिठोरिया।** शिक्षाविद एवं समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश के द्वारा प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय, पिठोरिया के छात्रों को बाल साहित्य की पुस्तकें भेंट की गईं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाना और उन्हें संस्कारयुक्त साहित्य से जोड़ना है। स्वामी ने भारतीय महापुरुषों, संतों, समाज सुधारकों और प्रेरणादायी 24 पुस्तकों की 272 प्रति सौंपा। इस अवसर पर स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि "बाल साहित्य बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की नींव रखता है। अच्छी पुस्तकें बच्चों को कल्पनाशील, संवेदनशील और जागरूक बनाती हैं।" उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे मोबाइल और टीवी से समय निकालकर किताबों की दुनिया में प्रवेश करें।
विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार केशरी ने इस सराहनीय कार्य के लिए स्वामी जी का आभार जताते हुए कहा कि यह पुस्तकें निश्चित ही छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी। विद्यालय परिवार ने स्वामी जी के इस प्रयास की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रितेश तिवारी, सत्यजीत तिवारी, कुबेर सिंह, विजय पांडेय और उदय पासवान उपस्थित थे।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनगड़ा।** भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा को लेकर गुरुवार को कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मंडल प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान चलेगा और तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जाएगा। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि तिरंगे के प्रति सम्मान केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि यह देश के लिए हमारे त्याग, समर्पण और निष्ठा का जीवंत प्रतीक है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का कार्यक्रम नहीं, यह राष्ट्रभक्ति को जन-जन के हृदय तक पहुंचानेवाला जन आंदोलन है। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान ने देशवासियों के मन में राष्ट्र गौरव, आत्मीयता और कर्तव्यबोध की भावना को प्रबल किया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, मनोज चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाइक, अजय भोक्ता, सोहन मुंडा, घनेनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# दिघिया की टीम हॉकी स्कूली प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची



नवीन मेल संवाददाता

- 15 बालक वर्ग में ककरिया और तमाड़ के बीच सीधी खिताबी भिड़ंत होगी

**लापुंग।** रांची के बरियातु स्थित सीएम एक्सेलेंस बालिका विद्यालय हॉकी स्टेडियम में नेहरू कप स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग और जनता हाई स्कूल दिघिया की टीम सेमी फाइनल में अपने-अपने मैच जीत कर फाइनल में पहुंचे। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग ने नॉकआउट प्रतियोगिता में प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहूंडू को 4-0 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। लापुंग हाई स्कूल की ओर से मनबहाल मुंडा ने सातवें मिनट, पंचु उरांव ने 12 वें मिनट में पंकज भगत ने 32 वें मिनट में तथा आदर्श उरांव ने 35 वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को 4-0 से विजय दिलाया । वहीं जनता हाई स्कूल दिघिया बेड़ो ने संत नीको हाई स्कूल नगड़ी को 2-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं अंडर 15 बालक वर्ग में एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया और संत इग्नाशियुस विजयगिरी तमाड़ को फाइनल में जगह मिली। शुक्रवार को अंडर 17 बालक वर्ग में लापुंग एवं बेड़ो की टीम खिताबी मुकाबले में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। वहीं प्रकाश हाई स्कूल हुलहुंडु की टीम संत निको हाई स्कूल की टीम को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि अंडर 15 बालक वर्ग में ककरिया और तमाड़ के बीच सीधी खिताबी भिड़ंत होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने किया। इस मौके पर प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रतियोगिता के प्रभारी सतीश मिश्रा, एपीओ अखिलेश कुमार, आयोजन समिति के आनंद मिर्धा, वरूण कुमार, राकेश रोशन तिग्गा, रंजीत प्रकाश होरो, जूरी के सदस्य विजय कुमार, दीपक कुमार मेहता सहित कई लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता में अंडर 17 बालिका वर्ग में सात टीमें भाग ले रही है।

# मांडर में सड़क दुर्घटना, 5 लोग हुए घायल

**मांडर।** प्रखण्ड के एनएच 75 पर मांडर कॉलेज गेट के पास दो बाइक की टक्कर में 5 लोग घायल हो गए ।घटना गुरुवार शाम की है। घायलों में चौबीस वर्षीय उमा कुमारी, पच्चीस वर्षीय प्रियंका होरो , 58वर्षीय दीपनारायण सिंह, बत्तीस वर्षीय तौकीर आलम और पैतालीस वर्षीय साजिद शामिल हैं ।तौकीर आलम और साजिद बाइक पर मांडर से चान्हो की ओर जा रहे थे तब उमा कुमारी और प्रियंका होरो दीपनारायण सिंह के साथ सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे, दोनों बाइकों की टक्कर के कारण सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए ।तीन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों का इलाज मांडर रेफरल अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

# एसडीएम ने बुढ़मू अंचल पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की

**ठाकुरगांव ।** गुरुवार को रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने बुढ़मू प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का समीक्षा की। वहीं एसडीएम ने मनरेगा के बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत हेसलपिरी गांव में लगे आम की बागान का भी निरीक्षण किया साथ ही गुरुगाई पंचायत सचिवालय, मुड़लाटोली में आंगनबाड़ी केंद्र व ठाकुरगांव लैम्पस कार्यालय का भी निरीक्षण किया।
लैम्पस के सचिव ने एसडीएम को यूरिया डीएपी नहीं मिलने व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में तकनीकी खराबी के कारण किसानों का आधार लिंक नहीं हो पा रहा है कि जानकारी दी। एसडीएम ने अविलंब इसे दुरुस्त कराने की बात कही। वापसी के क्रम में एसडीएम ने प्रखंड क्षेत्र के पर्यटन स्थल तिरु फॉल का निरीक्षण करते हुए उसे विकसित कराने की बात कहीं। मौके पर प्रखंड व अंचल के कई अधिकारी उपस्थित थे।

# परीक्षा में देर व रिजल्ट में लापरवाही को लेकर अभाविप ने विवि में किया आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, रांची महानगर इकाई द्वारा गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय में एक आंदोलन किया गया। यह आंदोलन विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और शैक्षणिक अव्यवस्था के विरुद्ध था।
छात्रों की समस्याओं को लेकर परिषद् ने यह आंदोलन किया जिसमें यूजी और पीजी सेमेस्टर-1 की परीक्षा में हो रही अनावश्यक देरी, रांची विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक और स्नातकोत्तर सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। समय पर परीक्षा ना होने के कारण छात्रों में असमंजस और मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणामों में हुई गंभीर गड़बड़ी जैसे हाल ही में जारी हुए सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणामों में अनेक त्रुटियाँ पाई गईं। कई योग्य छात्रों को अनुतीर्ण घोषित कर दिया गया, वहीं अनेक छात्रों के परिणाम अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं। यह स्थिति छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक है।

### एनकोर्ड की बैठक संपन्न, मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण पर हुई चर्चा

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में गुरुवार को नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देश दिया गया साथ ही विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।
मौके पर उपायुक्त ने सभी संबंधित

### कांके विधायक ने फीता काटकर किया ट्रांसफरमर का उदघाटन



बुढ़मू। गुरुवार को बुढमू प्रखंड के अंतर्गत ग्राम मतवे में बिजली आपूर्ति को सशक्त बनाने के लिए नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक सुरेश बैठा ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया, और कहा कि इससे ग्रामीणों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी और विकास को नई गति मिलेगी। मौके पे मौजूद ग्रामीण ने बिधायक का आभार ब्यक्त किया, और कहा कि हमें काफ़ी समय के बाद ऐसे विधायक मिले है जो हमेशा सुख-दुख मे छेत्र मे मौजूद रहते है। और तुरंत समस्या का समाधान करने कि कोशिस करते है। उद्घाटन के दौरान विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, समीम अंसारी,

## जनसुनवाई के दौरान दो विद्यालयों के सामाजिक अंकेक्षण पर सुनाया फैसला

# जूरी के सदस्यों ने विद्यालयों में सुधार करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में सामाजिक अंकेक्षण के तहत प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लापुंग प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी. और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कैलूटोली में पिछले 22 और 23 जूलाई को हुई विद्यालयों में सोशल ऑडिट में पाई जाने वाली खामियों पर सुनवाई किया गया। जूरी मेंबर के रूप में जिला स्तर पर नियुक्त पर्यवेक्षक नामकोम की बीईईओ कांता कच्छप, लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, डाडी. पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज, लापुंग की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की मौजूद थे। इस मौके पर पूर्व में दोनों स्कूलों में पीएम पोषण मिड डे मील योजना और समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों का सोशल ऑडिट किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सोशल ऑडिट करने वाली यूनिट के टीम के सदस्य अनिल कुजूर एवं सोमरा लोहरा ने सोशल ऑडिट के दौरान पाई गई कमियों के संदर्भ में अपना पक्ष रखा। वहीं राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी. के प्रधान शिक्षक सलीम सहाय तिग्गा तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कैलूटोली के प्रधान शिक्षक छात्रेश्वर गोप ने जनसुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखा। इस मौके पर जूरी के सदस्यों ने दोनों विद्यालयों को अपनी कमियों को पूरा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। इस मौके पर बीपीओ लीलावती तिर्की, संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, संयोजिका विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अभिभावक भी मौके पर मौजूद थे।

# स्कूल मुरी में फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया



नवीन मेल संवाददाता

**मुरी।** संत माईकल स्कूल,मुरी में सत्र 2025-26 के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए फ्रेशर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष (कक्षा ग्यारहवीं) के विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के संस्थापक स्व.कृष्णा कुमार को श्रद्धांजलि देकर एवम् द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कक्षा ग्यारहवीं के बच्चो का भव्य रूप से विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम पर विभिन्न वर्गो के छात्र एवम् छात्राओं ने मन मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी बच्चे काफी उत्साहित थे। इस मौके पर कक्षा ग्यारहवीं के सभी छात्रो को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने स्वागत भाषण देकर सभी बच्चों को स्वागत किए एवम् उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दिए।विद्यालय के प्राचार्य सी. एल.प्रजापति ने छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय के प्रति भरोसा जताने के लिए धन्यवाद दिए एवम् उनका आभार प्रकट किए और कहा की विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ.रूपेश कुमार उपस्थित थे।

## जंगल कटाई से बिगड़ा संतुलन, लगातार बढ़ रही ग्रामीणों की परेशानी

# हाथियों के आतंक से भयभीत लोग कर रहे हैं रतजग्गा





### वन विभाग की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग को पहले से जानकारी देने के बावजूद कार्रवाई देर से होती है। कई बार तो लोग खुद ही मशाल, ढोल-नगाड़ा और पटाखों से हाथियों को भगाते हैं, जिससे कभी-कभी वे और आक्रामक हो जाते हैं। वहीं पर्यावरणविदों का कहना है कि हाथियों के पारंपरिक रास्तों को अवैध निर्माण और खनन परियोजनाओं ने अवरुद्ध कर दिया है। इससे हाथी अब नए रास्तों की तलाश में गांवों की ओर बढ़ते हैं। यह उनके अस्तित्व की लड़ाई बन गई है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** एक समय था जब हाथी जंगलों में शांत विचरण करते थे और मानव बस्तियाँ उनसे कोसों दूर हुआ करती थीं। लेकिन अब समय बदल गया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, खनन और बेतरतीब विकास ने वन्यजीवों का प्राकृतिक ठिकाना छीन लिया है। नतीजा यह है कि आज हाथी गांवों में घुसकर घरों को रौंद रहे हैं और फसलें बर्बाद कर रहे हैं।बीते कुछ वर्षों में बरकट्ठा क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष के मामले तेजी से बढ़े हैं। इनके आतंक से लोग रत जगा करने को विवश हैं ।वहीं झुंड में आने वाले हाथी खेतों को मिनटों में तबाह कर देते हैं। कई बार यह संघर्ष जान-माल की हानि में बदल जाता है। दुसरे ओर मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए जंगलों की अंधाधुंध कटाई शुरू की। शहर, सड़क, खदान और खेत बनाने के लिए जंगलों को नष्ट कर दिया गया। वही जंगल जो हाथियों का घर थे, उन्हें उजाड़ दिया गया। जैसे-जैसे जंगल घटे, हाथियों का भोजन और आश्रय भी छिन गया। अब भूख और भटकाव के कारण हाथी गांवों का रुख कर रहे हैं। वे खेतों में घुसकर फसलों को खा जाते हैं, कभी-कभी घरों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार यह संघर्ष जानलेवा भी साबित होता है। यह स्थिति किसी की गलती नहीं, बल्कि हमारे विकास के एकतरफा सोच का नतीजा है। हाथी कोई अपराधी नहीं, बल्कि वह पीड़ित है। उसे सिर्फ जीने की जगह चाहिए, जो हमने उससे छीन ली।किसान बताते हैं, "पहले हम जंगल को काटते गए, सोचा नहीं कि जानवरों का क्या होगा। अब वही जानवर भूखे-प्यासे हमारे खेतों में आ रहे हैं। फसल बचाना मुश्किल हो गया है।"


## 15 अगस्त के तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक का हुआ समापन



**बरही ।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी का तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा. जिसके तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम किए जायेंगे. कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में पश्चिमी मंडल भाजपाइयों की एक बैठक महत्वपूर्ण हुई. जिसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नारायण यादव शामिल हुए. उपस्थित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जानकारी दी गई. बताया गया कि राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम प्रस्तावित है. जिसके तहत हर घर तिरंगा के साथ किसी भी महापुरुष के चित्र या प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाना है. अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगों को शामिल किए जाने की अपील करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पश्चिमी किसान मंडल अध्यक्ष दिनेश साव, पूर्व पार्षद अर्जुन साहू, बासुदेव यादव, पंकज वर्णवाल आदि सहित कई भाजपाई मौजूद थे.

## न्यूज बॉक्स

### जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव ने मुरूबंदा में किया अत्याधुनिक गैरेज का उदघाटन



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के मुरूबंदा में 7 अगस्त को जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव संतोष महतो नेअत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त गैरेज का उदघाटन किया। नए प्रतिष्ठान पप्पू गैरेज का संचालन पप्पू महतो और पिंटू महतो द्वारा किया जा रहा है। यह गैरेज विशेष रूप से भारी वाहनों की मरम्मत के लिए लैपटॉप-आधारित डायग्नोस्टिक सुविधाओं से लैस है।इस मौके पर संतोष महतो ने पप्पू और पिंटू महतो की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने बताया कि पप्पू महतो ने टाटा कंपनी के सर्विस स्टेशन में दस साल तक काम सीखकर यह अनुभव प्राप्त किया है जो उन्हें इस आधुनिक गैरेज को चलाने में मदद करेगा ।संतोष महतो ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि हमारे युवा अपने कौशल और अनुभव का उपयोग करके आत्मनिर्भर बन रहे हैं।पप्पू और पिंटू ने यह साबित कर दिया है कि लगन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।इस गैरेज की सबसे बड़ी विशेषता इसकी उच्च-तकनीकी मरम्मत सुविधाएं हैं। इसमें समस्त तरह के भारी वाहनों जैसे ट्रक, हाइवा, एलपी आदि में आने वाली तकनीकी समस्याओं का पता लगाने और उन्हें ठीक करने के लिए लैपटॉप-आधारित डायग्नोस्टिक सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।इससे न केवल मरम्मत का काम तेजी से होगा, बल्कि यह अधिक सटीक भी होगा।उद्घाटन समारोह में कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सुधीर अकेला, नगर अध्यक्ष पवन महतो, चुन्नु नायक,शाहबाज अनवर व अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे। जिन्होंने पप्पू और पिंटू को उनकी नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बीडीओ ने पत्र जारी कर झंडोत्तोलन का समय किया निर्धारित

**बरकट्ठा।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड क्षेत्र में झंडोत्तोलन की समय-सारणी निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने पत्र जारी कर सभी संबंधित संस्थानों को सूचित किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 8:30 बजे, बरकट्ठा थाना में 9:00 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में 9:15 बजे, गोरहर थाना में 9:45 बजे, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 10:15 बजे झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।सभी संबंधित अधिकारियों को समय का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### संस्कृत सप्ताह का आयोजन 8 अगस्त से 14 अगस्त तक चलाया जाएगा

**रामगढ़।** संस्कृत भाषा को जन सामान्य और व्यवहारिक भाषा बनाने के लिए अखिल भारतीय संस्कृत भारती संस्था का संकल्प है की इसको लेकर विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालयो में संस्कृत के प्रचार प्रसार में निरंतर शिक्षकों और संस्कृत विद्वानों द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। जिसके कारण संस्कृत के लिए अनुकूल वातावरण होते जा रहा है। इस वर्ष 8 अगस्त से 14 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत झारखंड के सभी जिलों में संस्कृत के कार्यक्रम आयोजित होंगे ।जिसके लिए सभी जिलो में जिला संयोजकों को जिम्मेवारी दी गई है। उक्त बातें झारखंड विद्यालय प्रभारी संस्कृत भारती के डॉ सुनील कुमार कश्यप ने 7 अगस्त को कही। उन्होंने बताया कि इसके लिए झारखंड-बिहार प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ चंद्रकांत शुक्ला, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष तारकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष डॉ दीपचंद राम कश्यप, झारखंड प्रदेश विद्यालय प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ,प्रदेश मंत्री पृथ्वीराज सिंह, शिक्षण प्रमुख चंद्र माधव सिंह, डॉ विनय कुमार पांडे, बोकारो से डॉक्टर अजीत कुमार पांडे, डॉ अजीत नारायण, गणेश मिश्रा, देवघर से रमेश कुमार, जमशेदपुर से ज्ञानेश मिश्रा, धनबाद से सुबोध कुमार, हजारीबाग से डॉक्टर निवारण माहथा, चाईबासा से पप्पू कुमार यादव, सिहंभूम से जगदंबा प्रसाद, रांची से राहुल कुमार, रांची से सर्वेश कुमार, गिरिडीह से डॉक्टर पारंगत सिमडेगा से संस्कृत सप्ताह का अवलोकन करेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देंगे। सफल प्रतिभागियों को सभी जिलों में स्थानीय स्तर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### स्कूल के बच्चे स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में जुटे कराया जा रहा अभ्यास



**बरकट्ठा।** आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरकट्ठा समेत अन्य स्थानों में शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेहतर प्रस्तुति के लिए बच्चों से अभ्यास कराया जा रहा है। स्कूल परिसर में इन दिनों बच्चों के उत्साह और जोश से भरपूर रिहर्सल देखने को मिल रही है। इस निमित्त जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि उक्त दिवस में बच्चों द्वारा बेहतर नृत्य, गीत, भाषण, नाटक, कविता और मिमिक्री की प्रस्तुति हेतु तैयारी की जा रही है ।कहा कि बच्चों को उम्र और कक्षा के अनुरूप ही विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम में शामिल किया गया है ताकि हर बच्चे को मंच पर आने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। वहीं तैयारी कर रहे हैं शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है और वह अपने देश की संस्कृति और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भली भांति समझ पाते हैं।

### एसएस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू में हुआ करियर काउंसलिंग

**पतरातू।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू में बुधवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम स्टेम एंड करियर के डायरेक्टर सुशांत पाठक तथा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सत्यजीत कुमार एवं प्रोग्रामिंग ऑफिसर राखी कुमारी की ओर से किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों को अपने करियर का सही चुनाव करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रोग्राम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने अलग-अलग अपने भविष्य के विषय में बात किया। स्कूल के प्राचार्य रविंद्र रविदास ने सभी बच्चों को अपने भविष्य एवं करियर का सही चुनाव का सलाह दिया। ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से प्रमोद प्रकाश सिंह, विनेश्वर महतो, मृत्युंजय गुप्ता, उम्मूल सोरेन, सुप्रिया रानी, सोनाली, विजय कुमार आदि सभी शिक्षक शामिल थे।

## विवि के मनोविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया ।इस कार्यक्रम में सत्र 2023-2025 तथा 2022-2025 के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई । ततपश्चात सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। फेयरवल पार्टी में जूनियर विद्यार्थियों द्वारा सीनियरर्स विद्यार्थियों लिए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गईं ।इस कार्यक्रम में म्यूजिकल चेयर, गैस द सॉन्ग, कराउके तथा डमसराज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष तथा सहायक प्राध्यापकों ने भी अपने अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। स्वागत भाषण मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती कुमारी द्वारा दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप जहां भी हों बेहतर कार्य करते रहे सफलता आपकी कदम चुमेगी। संस्था सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की "सीखना कभी नहीं रुकता - यहीं छात्र जीवन की असली पहचान है, आपका संघर्ष ही आपकी सफलता की पहचान बनेगा।कुलसचिव प्रो ( डॉ ) निर्मल कुमार मंडल ने अपने भाषण में कहा की विदाई एक अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत का नाम है।

## उपायुक्त के निर्देश पर विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# जिले के एक लाख लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

- **प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे ब्लीडिंग, वज्रपात, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर 15 अगस्त 2025 तक जिले में 1 लाख लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अब तक जिले में हजारों लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट ऐड संबंधित प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। इस संबंध में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा सभी जिले वासियों से अपने नजदीकी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपचार करने संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की गई है।

## तीन राज्यों के 700 प्रतिभागी योगासन प्रतियोगिता में की शिरकत

**रामगढ़।** रांची रोड मरार रामगढ़ स्थित स्कॉलर्स हाई विद्यालय में त्रिराज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के दूसरे दिन एक से बढ़कर एक योग प्रदर्शन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी उर्मिला सिंह शामिल हुई। उन्होंने प्रतियोगिता से पूर्व विद्यार्थियों को कहा योग व्यक्ति को आत्मा से परमात्मा की ओर जोड़ने का माध्यम है। प्रत्येक दिन योग को अपने जीवन में अनिवार्यता का स्थान देना जरूरी हो गया है। आज बदलते परिवेश में योग हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है। आने वाले अपने जीवन में भी मैं संकल्पित हूं। नित्य प्रतिदिन योग साधना को अपने जीवन में प्राथमिकता देती रहूंगी । सीबीएसई पाठ्यक्रम में योग प्रतियोगिता की अनिवार्यता बच्चों के स्वास्थ्य शारीरिक और मानसिक दृष्टि से मजबूत करने की एक बेहतरीन पहल सदैव सराहनीय है। निदेशक गीतांजलि जाजू ने कहा कि स्कॉलर्स हाई विद्यालय के लिए सौभाग्य का अवसर है कि उन्हें त्रिराज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता करने का आतिथ्य का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की सफलता को लेकर विद्यालय परिवार को एक - एक सदस्य पूरी तन्मयता से जुड़ा है। इस दौरान अंडर-19 बालक प्राथमिक दौर समूह, अंडर19 लड़की प्राथमिक दौर समूह, अंडर -14 लड़कियों कलात्मक, -14 लड़का कलात्मक, अंडर 17 लड़का कलात्मक, -17 लड़कियों कलात्मक, 14 वर्ष से कम बालक प्राथमिक दौर व्यक्तिगत/समूह, अंडर14 लड़की प्राथमिक दौर व्यक्तिगत/समूह, अंडर 19 लड़का कलात्मक, 19 लड़की कलात्मक, अंडर 19 लड़कों के लयबद्धता, अंडर 19 लड़की लयबद्धता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता सीबीएसई से ऑब्जर्वर प्रवीण प्रसाद, टेक्निकल डेलीगेट संदीप कुमार झा, योगासना भारत के सदस्य के साथ यूपी , बिहार और झारखंड से 700 से अधिक योग साधक छात्र , कोच , मैनेजर प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए हैं।

## स्थापना दिवस को लेकर विहिप की बैठक आयोजित

# आपसी मतभेद और फूट के कारण ही सनातन बिखरा है : गुरुदेव

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही।** आगामी 13 और 14 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद की ओर से संकल्प दिवस और 16 से 31 अगस्त के बीच स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. इसकी तैयारी को लेकर प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी की अध्यक्षता व प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर के संचालन में प्रखंड परिसर स्थित बाबा मनोकामेश्वर मंदिर प्रांगण में विहिप कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें प्रखंड पालक सुमंत पांडेय व जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता मुख्य रूप से शामिल रहे. जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि आपसी मतभेद और फूट के कारण हीं सनातन बिखरा है. धर्म विखंडन व धर्मांतरण जैसी समस्याएं आई है. समाज को संगठित व मजबूत करना ही विहिप का मुख्य लक्ष्य है. प्रखंड मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि आगामी 13 व 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस और 16 से 31 अगस्त तक विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया जाना है. इस दौरान समाज को विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किए गए कार्य और उद्देश्यों को आम जन तक पहुंचाना है. बैठक के दौरान सांगठनिक विस्तार करते हुए नितेश कुमार को प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया. बैठक में जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला गौ सेवा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, जिला संगठन मंत्री ओमप्रकाश, प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश कुमार, मनोज सिंह, प्रदीप कुशवाहा, प्रकाश प्रजापति, नौरंगी लाल, मनोज यादव, सुरेंद्र यादव, संतोष सिंह, विजय राणा, अशोक यादव, रंजीत पंडित, प्रदीप साव आदि कई सनातनी मौजूद थे.

## मांडू विधायक के पहल पर गोविंदपुर में लगा ट्रांसफार्मर

**मांडू ।** मांडूचट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में बुधवार को मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने एक सौ केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया ।ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में ख़ुशी देखी गई ।मांडू विधायक की पहल पर विद्युत विभाग ने गोविंदपुर में ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे करीब एक सौ घरों के लोगों को बिजली आपूर्ति हो सकेगी। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि बिजली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई में अधिक दिक्कतें होती थी। तिवारी महतो ने कहा कि महज दो दिनों में संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए अविलम्ब नए ट्रांसफार्मर लगाने को कहा गया था। जिसपर विभाग ने नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। कहा कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराना हमारी ज़िम्मेदारी है।

## शिक्षकों की कमी का दंश झेल रहा बालिका उवि

# विषयवार शिक्षकों के अभाव में सैंकड़ो छात्राओं का भविष्य अंधेरे में

**नवीन मेल संवाददाता**

- **वर्तमान में विद्यालय में करीब 500 छात्रा अध्ययनरत हैं और महज पांच शिक्षक ही पदस्थ हैं, जिससे सभी विषयों की पढ़ाई नहीं हो पाती है**




**बरकट्ठा।** प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था बदहाल हो गई है। विद्यालय में अध्ययरत करीब 500 छात्राओं का भविष्य अंधेरे में दिख रहा है। इस बाबत विद्यालय में अध्ययरत छात्राओं ने विषयवार शिक्षको की नियुक्ति को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि वर्तमान में विद्यालय में करीब 500 छात्रा अध्ययनरत हैं और महज पांच शिक्षक ही पदस्थ हैं, जिससे सभी विषयों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। बताया कि भूगोल विषय की पढ़ाई प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार , इतिहास व नागरिक शास्त्र की पढ़ाई सहायक शिक्षक कीर्ति शिखा कुमारी, हिंदी विषय की पढ़ाई सहायक शिक्षक ज्योति श्री और आईसीटी विषय कि पढाई सहायक शिक्षक जय प्रकाश प्रसाद व दुलारचंद प्रजापति के द्वारा करायी जा रही है । वहीं कुछ शिक्षकों की प्रतिनियुक्त और अस्वस्थ होने से गणित, विज्ञान ,अंग्रेजी, और संस्कृत विषयों की पढ़ाई नही हो रही है। फिलहाल छात्राओं एवं प्रखंड वासियों ने विद्यालय में वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि छात्राओं को सभी विषयों की पढ़ाई हो सके।इस तरह से शिक्षकों की कमी रहेगी तो बच्चों की पढ्राई काफी बाधित होगी। इससे परीक्षा के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसे जब तक पूरी नहीं होगी बच्चों की पढ़ाई नहीं सुधरेगी।

## राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है हर घर तिरंगा अभियान : कर्मवीर सिंह

**रामगढ़।** भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार कुंटू, रंजीत सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, विनोद राम, बिनोद ठाकुर, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता का आगमन हुआ। इस दौरान 10 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाने पर चर्चा हुई। कर्मवीर सिंह ने कहा हर घर तिरंगा - राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। जन सहभागिता का पर्व हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। कार्यकर्ताओं को ज़मीनी स्तर पर जन-जागरूकता फैलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी कार्यकर्ता इस अभियान को हर गांव, हर गली और हर घर तक तिरंगा झंडा पहुँचाया जाएगा, ताकि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि जन-जन की भावना बन सके। सामाजिक समरसता सहित तिरंगा अभियान चलाना है।

## वाहन चेकिंग अभियान में चालकों पर लगा अर्थदंड, आगे भी जारी रहेगा : इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रांची-पटना मार्ग स्थित जवाहर घाटी में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान आने जाने वाले वाहनों के डिक्की, कागजात सहित वाहन सवारों की भी निगरानी की गई. इस अभियान में दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट पर विशेष निगरानी की गई. इसके अलावा वाहन के कागजात सहित ओभरलोडिंग की भी जांच की गई. वाहन पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होती है. जिसके लिए आम जनों की सहभागिता भी अनिवार्य है. वाहन चेकिंग अभियान इसी में से एक है. उन्होंने कहा कि वाहन चालक सीट बेल्ट या हेलमेट का उपयोग अपनी सुरक्षा के लिए करें, पुलिस से बचने या फाइन के डर से नहीं. जो विपरीत परिस्थिति में आपका जीवन रक्षक बन सकता है. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े गए तो फाइन निश्चित है. ट्रैफिक सुरक्षा मामले में कोई भी पैरवी स्वीकार नहीं है. उन्होंने पैरविकारों से भी इस संबंध में पैरवी नही करने और सुरक्षित वाहन चालन के लिए ट्रैफिक नियमों को मानने के लिए प्रेरित करने की अपील किया है. इंस्पेक्टर ने चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट के साथ आरसी, डीएल, बीमा और पॉल्यूशन के दस्तावेज रखना अनिवार्य बताया है. इसके साथ हीं नशे की हालत में या मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन नहीं चलाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने अभिभावकों से भी अवयस्क बच्चों को वाहन नहीं देने का अपील किया है.

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिले में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" अभियान की शुरुआत की गई है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में यह अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जाएगा।इस बार 79वें स्वतंत्रता दिवस को विशेष रूप से मनाने के लिए इस अभियान को देशभक्ति के साथ-साथ स्वच्छता और जल संरक्षण से भी जोड़ा गया है।जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह अभियान 1 अगस्त से जागरूकता कार्यक्रमों के साथ शुरू हो चुका है, जो 15 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत सभी पंचायतों और गांवों में स्वच्छता अभियान, सफाई कार्य, जल स्रोतों की देखरेख, लोगों को शपथ दिलाना और झंडोत्तोलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिले के सभी ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के तहत जनजागरूकता गतिविधियाँ चलाई जाएंगी। इसके माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि स्वच्छता और पानी की बचत क्यों जरूरी है।इस अभियान को डिजिटल माध्यम से भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए #HarGharTiranga और #HarGharSwachhta जैसे हैशटैग तय किए गए हैं। साथ ही, सभी कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर विशेष सुविधा दी गई है।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और पंचायतों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि आजादी के पर्व को स्वच्छता के साथ मनाया जा सके।

# कोलेबिरा थाने में एकल अभियान ने पुलिस जवानों संग मनाया रक्षाबंधन

**नवीन मेल संवाददाता**

- पुलिस जवानों के साथ राखी का त्योहार : थाना प्रभारी, एसआई, एएसआई और सशस्त्र बल के जवानों को राखी बांधी गई

**कोलेबिरा।** एकल अभियान अंचल सिमडेगा संच कोलेबिरा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कोलेबिरा थाना के थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह,थाना के एस आई,एएसआई और उपस्थित सशस्त्र बल के जवानों और पुलिस अधिकारियों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया।संच समिति के अध्यक्ष जनेश्वर बिल्होर ने कहा की पुलिस जवान हमारे लिए रात दिन काम करते हैं और हमारी सेवा करते हैं।ड्यूटी के कारण रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस जवान अपने घर नहीं जा पाते हैं और अपनी बहन से राखी बंधाने से वंचित हो जाते हैं ऐसे में उन्हें बहन की कमी न महसूस हो इसको लेकर एकल अभियान समिति के द्वारा प्रतिवर्ष थाना में आकर रक्षाबंधन पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में संच समिति के अध्यक्ष जनेश्वर विल्होर,विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष अभिषेक कुमार,बजरंग दल महामंत्री धनंजय झा संघ के आशुतोष,लोहरदगा भाग गतिविधि प्रमुख जीतवाहन बड़ाईक,अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख सुदर्शन सिंह,एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन शत्रुघ्नसिंह,संच प्रमुख कोलेबिरा देवशंकर सिंह,एवं एकल अभियान के सभी भैया बहन उपस्थित रहे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन बालक बालिकाओं ने खेलों में दिखाया उत्साह



**कुरडेग।** प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। पहले दिन हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।उद्घाटन अवसर पर जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।बीडीओ नैमन कुजूर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन की भावना भी बढ़ती है। जिस प्रकार खेल में जीतने की होड़ होती है, उसी प्रकार जीवन में भी लक्ष्य पाने की ललक होनी चाहिए।

## लचरागढ़ में खिलाड़ियों को जर्सी वितरित, अतिथियों ने बढ़ाया हौसला

**कोलेबिरा:** लचरागढ़ के ईंद टांड़ मैदान में दीप विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में गुरुवार को 40 खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लचरागढ़ टीओपी पुलिस प्रभारी जितेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में "मुझे कुछ करना है" संस्था के डायरेक्टर रविशंकर साहनी, संचालक अविनाश साहू और पूर्व नेशनल प्लेयर विजय लकड़ा उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सफलता के मंत्र साझा किए। एएसआई जितेंद्र सिंह ने अनुशासन, नियमित अभ्यास और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर भी जोर दिया।रविशंकर साहनी और अविनाश साहू ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ खेल में भी निरंतर अभ्यास पर बल दिया। अध्यक्ष राहुल साहू और दीपक सिंह ने बताया कि मैदान में प्रतिदिन अभ्यास करने वाले बच्चों के पास समान ड्रेस नहीं थी, इसलिए सभी को एकरूपता में लाने के लिए जर्सी वितरित की गई।

**स्वतंत्रता दिवस 2025 के आयोजन को लेकर जिलास्तरीय बैठक**

# प्रशासन की तैयारियां जोरों पर सुरक्षा और व्यवस्था पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर जिले में भव्य और शांतिपूर्ण समारोह के आयोजन को लेकर उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस को गरिमापूर्ण, समन्वित और व्यवस्थित ढंग से मनाने पर जोर दिया गया।उपायुक्त ने मुख्य समारोह की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 15 अगस्त को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके लिए झंडोतोलन, परेड, पूर्वाभ्यास, मंच व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ध्वनि यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा व्यवस्था, और ट्रैफिक नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। नगर परिषद को शहर की सफाई के लिए निर्देश दिए गए, वहीं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाएं, चिकित्सक दल और एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।उपायुक्त ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के दिन जिले की सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी। साथ ही प्लास्टिक झंडों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु एसडीओ को निर्देशित किया गया। समारोह में पुलिस, एनसीसी, स्कूली छात्र-छात्राओं की परेड में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। शिक्षा अधीक्षक को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को बैंड पार्टी में सम्मिलित करने एवं सेंट जॉन्स स्कूल के छात्रों को भी परेड में शामिल करने हेतु अभ्यास कराने को कहा गया।सभी अधिकारियों को समारोह की तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने मुख्य समारोह के दिन परेड में शामिल होने वाले सभी जवानों एवं विद्यालय के बच्चों को 7:30 बजे रिपोर्टिंग करने की बात कहींपुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि कोई अफवाह या भ्रामक जानकारी ना फैले।

## डीसी ने सुनीं लोगों की जनसमस्याएं अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने व्यक्तिगत, सामाजिक तथा प्रशासनिक मुद्दों को सामने रखा।जनता दरबार में आई प्रमुख शिकायतों में जमीन पर अवैध क जा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाना, लंबित मानदेय का भुगतान, मकान के ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट विद्युत तार को हटाना, धमकी देकर अवैध रूप से धन की मांग, जमा वृद्धि अंतर्गत राशि की वापसी, अंचल कार्यालय से एनसीएल प्रमाण पत्र जारी कराना, आंगनवाड़ी चयन में अनियमितता, पति के इलाज में हुए खर्च की माफी, दाखिल-खारिज से संबंधित मुद्दे और बिजली बिल माफी जैसी समस्याएं शामिल थीं।उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और शिकायतकर्ता को जानकारी भी दी जाए।जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।मौके पर उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोलेबिरा से फसल बीमा योजना के प्रचार व विशेष वाहन रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति जागरूक करने तथा अधिक से अधिक किसानों तक योजना का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से आज कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से एक विशेष प्रचार वाहन को रवाना किया गया। इस वाहन को प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह प्रचार वाहन कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न गाँवों में जाकर लाउडस्पीकर, बैनर और लीफलेट के माध्यम से किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी देगा। इसके अंतर्गत फसल बीमा के लाभ, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ एवं क्लेम फाइल करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया जाएगा।इस अवसर पर बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने कहासरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह प्रचार वाहन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी किसान जानकारी के अभाव में इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि आदि से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में अत्यंत सहायक है।कार्यक्रम के दौरान बजाज इंश्योरेंस के जिला लीडर सुरेंद्र शर्मा और प्रखंड लीडर कीर्ति राज साहू भी उपस्थित रहे। दोनों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि प्रचार अभियान के माध्यम से प्रखंड के अधिकतर किसान योजना से जुड़कर आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करेंगे।

## ठेठईटांगर में करैत सांप के डंसने से वृद्ध की मौत, इलाज में देरी बनी जानलेवा

**ठेठईटांगर:** थाना क्षेत्र के कोरोमियां पंचायत अंतर्गत भूटकुंदर गांव में 65 वर्षीय वृद्ध अल्बिनुस बाः की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की है।परिजनों के अनुसार, अल्बिनुस बाः घर में फर्श पर सोए हुए थे। इसी दौरान एक करैत सांप ने उन्हें डंस लिया। परिजनों ने बताया कि अचानक उनकी चीख सुनकर जब लाइट जलाया गया, तो करैत सांप को भागते हुए देखा गया।गांव में रात के समय इलाज की कोई सुविधा नहीं होने के कारण परिजनों ने उन्हें घर में ही रखा और सुबह करीब 8 बजे ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल लेकर पहुँचे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## जिला कृषि कार्यालय सिमडेगा में विदाई और स्वागत समारोह आयोजित



- नवपदस्थापित जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो का हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला कृषि कार्यालय सिमडेगा में गुरुवार को एक सादगीपूर्ण लेकिन हर्षोल्लास से भरा विदाई-सह-स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम निवर्तमान जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास के स्थानांतरण एवं नवपदस्थापित पदाधिकारी माधुरी टोप्पो के स्वागत के अवसर पर आयोजित किया गया था।समारोह की शुरुआत कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा स्वागत भाषणों के साथ हुई। वक्ताओं ने श्री मुनेंद्र दास के कार्यकाल को अनुकरणीय बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कृषि योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हुआ। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने, तकनीकी मार्गदर्शन देने और कृषि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।श्री दास के सरल स्वभाव और समर्पित सेवा को याद करते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।इस अवसर पर माधुरी टोप्पो का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने पहले संबोधन में उन्होंने जिले में किसानों की भलाई और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करने की बात कही। उन्होंने पूर्व पदाधिकारी द्वारा स्थापित मानकों को आगे बढ़ाने और टीम भावना से कार्य करने पर जोर दिया।समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## कोलेबिरा में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत दो घायल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत दो घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचूआ पंचायत अंतर्गत डुरीलारी गांव से गुरुवार को एक मोटरसाइकिल में तीन युवक कोलेबिरा की ओर आ रहे थे, जैसे ही तीनो कोलेबिरा गांगुटोली पथ स्थित कस्तुबासा नामक स्थान पर पहुंचे विपरीत दिशा से जा रही एक टेलर से उनकी सीधी टक्कर हो गई जिसके कारण सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत कोचेडेगा चुटिया टोली निवासी 17 वर्षीय अमित सोरेंग नामक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।मृतक युवक दो दिन पहले अपने रिश्तेदार के यहां मेहमान आया हुआ था, वहीं डुरीलारी भंडार टोली निवासी 19 वर्षीय उदय सिंह पिता स्वर्गीय सुरेश सिंह एवं 15 वर्षीय राजेश सोरेंग पिता सैमुअल सोरेंग घायल हो गए। दोनों घायल को स्थानीय ग्रामीणों एवं कोलेबिरा पुलिस के सहयोग से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया।

**खतरे में बचपन** सरकारी स्कूल भवन का मरम्मत के अभाव में हो गया है खस्ता हाल

# टपकती छत और गिरते प्लास्टर के बीच पढ़ रहे बच्चे

- बच्चों को जान जोखिम में डालकर करनी पड़ रही है पढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता**



### शिक्षक की गुहार पर अब तक चुप प्रशासन

सरकार एवं शिक्षा विभाग शिक्षा के क्षेत्र में तमाम तरह के दावे करते हैं जबकि इसके उलट हकीकत कुछ और है। जहाँ प्राथमिक शिक्षा बच्चों के अधिकार के साथ साथ उनकी बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए जरूरी है किन्तु भय के वातावरण में आखिर कैसे नौनिहाल अपना भविष्य संवार पाएंगे इसका जवाब शायद किसी के पास हो। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने स्कूल की समस्याओं से कई बार वरीय अधिकारीयों को अवगत कराया है किन्तु अब तक इसका समाधान नहीं हो पाया है। वहीं जनप्रतिनिधि भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं।

**जलडेगा।** प्रखंड भर में कई सरकारी स्कूल भवन मरम्मत के अभाव में खस्ताहाल हैं। हालत यह है कि किसी स्कूल की छत से पानी टपक रहा है तो किसी की दीवार और छत से प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है। तेज बारिश में पानी कमरों में आ जाने से में बच्चों का वहां पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। ऐसे भवनों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कई साल पुराने इन भवनों में स्कूल संचालित करना वहां के शिक्षकों के लिए अब मुश्किल भरा हो गया है। मामले को लेकर कई वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। हम बात कर रहे हैं जलडेगा प्रखंड के लमडेगा पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय सिमरिया की। सरकारी कार्यालयों में बैठकर विकास की डिंग हांकने वाले जिम्मेदारों को एक बार इस स्कूल को जाकर जरूर देखना चाहिए। पूरा विद्यालय भवन जर्ज़र अवस्था में चूका है। अब आलम ये है की विद्यालय भवन बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है वहीं हादसे के साये के बीच नौनिहाल अपना भविष्य संवारने में जुटे हुए हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ तांती ने बताया की स्कूल में केजी से पाँचवी तक की कक्षा संचालित की जाती है जिसमें 21 बच्चे नामांकित हैं जबकि स्कूल में कुल दो शिक्षक कार्यरत हैं। स्कूल में मात्र दो कमरे हैं। जहां एक ही कमरे में केजी से पांचवीं तक की कक्षा चलती है। स्कूल भवन पूरी तरह जर्ज़र होने के कारण बारिश में छत टपकने लगी है जिससे कमरे के अंदर फर्श पूरी तरह गीली हो जाती है जहाँ मज़बूरी में बच्चे किसी तरह अपने किताबों को बारिश से बचाकर पढ़ने को विवश हैं जबकि कई बच्चों का किताब पानी की चपेट में आ जाता है वहीं प्रधानाध्यापक के कमरे के दीवारों में इस कदर दरार हैं की उनके आर पार देखा जा सकता है।

# न्यूज बॉक्स

## पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**कुरडेग।** राज्यसभा सांसद सह पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय कुरडेग में बुधवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रंगत खलखो ने की।शोक सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने उनके प्रेरक व्यक्तित्व, झारखंड आंदोलन में योगदान और सामाजिक न्याय की लड़ाई में निभाई गई भूमिका को याद किया।इस अवसर पर प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, दीपक जयसवाल, प्रवीण कुजूर, जेम्स कुजूर, सुनील कुजूर, शमीम अंसारी, प्रवीण सुरीन, नेल्सन लकड़ा, नूतन मिंज, केशबो यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## बानो में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि, शोकसभा में उमड़ा जनसैलाब

**बानो।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर झामुमो प्रखंड कमेटी बानो की ओर से जयपाल सिंह मुंडा खेल मैदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव सफिक खान, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, फिरोज अली, सुनिल खेस, प्रफुल्लित डुंगडुंग, नोवास केरकेट्टा समेत कई नेता शामिल हुए।सभा की शुरुआत पाहनों द्वारा पारंपरिक विधि से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना से हुई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि गुरुजी के दिखाए रास्तों पर चलकर झारखंड के सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अन्य वक्ताओं ने भी गुरुजी के संघर्षों और झारखंड राज्य निर्माण में उनकी भूमिका को याद किया।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना, झामुमो व कांग्रेस के कई पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, छात्र और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बानोः रोजगार दिवस कार्यक्रम संपन्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

**बानो।** पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक की अध्यक्षता में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनके सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के उपरांत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने कहा कि गुरूजी झारखंड आंदोलन के प्रमुख स्तंभ रहे। उन्होंने महाजनी प्रथा के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया और झारखंड को अलग राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे सभी वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाते रहे।इस अवसर पर सिंपल, रंजीत महतो, संध्या देवी, महालक्ष्मी कुमारी, असरिता भेंगरा, अनमोल लुगुन, तनवीर आलम, मोतिलाल सिंह, रानी कुमारी, हुसना खातून, बसंती देवी समेत बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु को विद्यालय में दिया गया श्रद्धांजलि

**कोलेबिरा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गुरुवार को कलकत्ता चिल्ड्रेन एकेडमी, लचरागढ़ में शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।विद्यालय के प्राचार्य शिव शंकर बेरा ने छात्र-छात्राओं को दिशोम गुरु की जीवनी से परिचित कराया। वे आदिवासी समाज के अधिकारों, समानता और न्याय के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे। महाजनी प्रथा के खिलाफ उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विल्कन डांग, देवनंदन बेरा तथा शिक्षिकाएं प्रमिला कुमारी, अंबिका देवी, काजल महतो, रितु कुमारी एवं हेमंती कुमारी उपस्थित रहीं।

## विजेता छात्र-छात्राओं को मिले पुरस्कार, 15 अगस्त को होगा फुटबॉल फाइनल



**कोलेबिरा।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में शिशुवाटिका के छात्र-छात्राओं के बीच वेश-बस्ता प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें रुचिका कुमारी प्रथम, डिम्पल कुमारी द्वितीय व प्रिशा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।कक्षा द्वितीय से पंचम के विद्यार्थियों के बीच 1 से 20 तक पहाड़ा प्रतियोगिता हुई, जिसमें अनुष्का बागड़ी ने प्रथम, प्रीति कुमारी ने द्वितीय और विवेक कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा षष्ठ से दशम की छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। इसमें श्वेता कुमारी (कक्षा 9) प्रथम, कृति कुमारी (कक्षा 10) द्वितीय और छोटी कुमारी (कक्षा 8) तृतीय रहीं। निर्णायक की भूमिका प्रियांशी अग्रवाल, योगिता अग्रवाल और मंजू अग्रवाल ने निभाई।विजेता छात्रों को पुरस्कार दिए गए। वहीं छात्रों के लिए आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा।प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन बालक-बालिकाओं ने दौड़ में दिखाया दम



**बानो।** प्रखंड संसाधन केंद्र बानो के तत्वावधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय, बानो के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सतपति तोपनो ने दीप प्रज्वलित कर किया।दौड़ प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अमित हेमरोम, कार्तिक बड़ाइक और बिपीन लुगुन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में मनीष मड़की, अस्मिता आइंद और मरियम मड़की, अंडर-19 बालक वर्ग में करण नायक, शिवा बड़ाइक और निर्मल मड़की, अंडर-17 बालक वर्ग में रितेश ओहदार, अजय अहीर और सतबीर बड़ाइक, तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में ममता कुमारी, आशा डांग और सेरोन सुरिन विजेता रहीं।सफल प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगतमनि वैध ने किया।इस मौके पर बीआरसी बीपीओ विकास शरण, प्रधानाध्यापक आनंद कुमार, शिक्षक मुकेश साहू, परमानंद ओहदार, प्रेम किशोर नायक, सीआरपी विरेश कुमार, समीम अख्तर, गणेश गोंझू, आशीष चंद्रा, सुनिता एक्का, अरूणा बड़ाइक, घनश्याम साहू समेत कई शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाल श्रम के विरुद्ध चलाया गया विशेष अभियान

# होटलों व रेस्टोरेंट में टास्क फोर्स ने की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुमला जिले में बाल श्रम की रोकथाम के लिए बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत अगस्त माह को विशेष अभियान के रूप में चलाया गया। इसी क्रम में आज जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम द्वारा गुमला सदर प्रखंड के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 10 होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जहाँ 14 वर्ष से कम आयु का कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाया गया। यह जिले में बाल श्रम के विरुद्ध प्रशासन की सतत निगरानी और सख्त रुख का प्रमाण है। निरीक्षण दल में श्रम अधीक्षक, जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) के सदस्य, बाल कल्याण समिति (CWC) के प्रतिनिधि, चाइल्डलाइन के कार्यकर्ता तथा गुमला थाना की पुलिस टीम शामिल रही। जिला प्रशासन का उद्देश्य है।

## जन समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए जन शिकायत निवारण दिवस का किया गया आयोजन

गुमला। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 07 अगस्त 2025 को सिसई एवं चैनपुर प्रखंडों में जन शिकायत निवारण शिविरों का सफल आयोजन किया गया। सिसई प्रखंड में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें वृद्धा पेंशन (05), बाल विकास (01), मइया योजना (02), जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र (02) एवं पेयजल (01) से संबंधित शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 08 मामलों का त्वरित ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष 03 आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया। चैनपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन (02), राशन कार्ड (02), जन्म प्रमाण पत्र (01), पंजी-2 सुधार (04), मकान क्षति मुआवजा (05) तथा फसल क्षति मुआवजा (01) से संबंधित शिकायतें थीं। इनमें से 08 मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया। जन शिकायत निवारण दिवस का मूल उद्देश्य आम नागरिकों को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराना है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास की एक सशक्त कड़ी स्थापित हो सके।

## फॉगिंग नहीं होने से मल्लाह टोली बना डेंगू और मलेरिया का गढ़

**हजारीबाग।** मल्लाह टोली वार्ड नंबर 17 में लगभग दो हजार लोग निवास करते हैं। यह इलाका मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी से जूझ रहा है। सबसे बड़ी समस्या नालियों की है, जो वर्षों से जाम पड़ी हैं और उनकी समय-समय पर सफाई नहीं होती। बरसात के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है। गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है और घरों में घुस जाता है। मच्छरों की भरमार रहती है, जिससे डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। 5 फीट चौड़ी जिसके कारण न केवल चार पहिया बल्कि दोपहिया वाहन भी मुश्किल से प्रवेश कर पाते हैं।

## नव पदस्थापित सीओ ने लिया पदभार, निवर्तमान ने किया स्वागत



**बरही।** नव पदस्थापित अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने निवर्तमान सीओ अमित किस्कू से अपना पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान सीओ ने नव पदस्थापित सीओ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी. नव पदस्थापित सीओ ने कहा कि कनीय कर्मचारियों के साथ तालमेल कर जनता के कार्य को सुलभ करना उनकी प्राथमिकता होगी. अंचल आने वाले हर एक फरियादी का नियमसंगत कार्य हो इस बात का वह ध्यान रखेंगे. पदभार ग्रहण कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक सहित पश्चिमी जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, अंचल प्रधान लिपिक चिंतामनि टूटी, राजस्व कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक रीतलाल रजक, राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, जितेंद्र गिरी, नाजीर कृष्ण मोहन, नारायण राम, कंप्यूटर ऑपरेटर सहोदर कुमार, जिवलाल आदि सहित अंचल कार्यालय के कई कर्मचारी उपस्थित रहे. उपस्थित कर्मचारियों ने नए पदाधिकारी का स्वागत किया.

## प्राचार्य की लापरवाही से विद्या मंदिर में गंदगी इनदिनों सुर्खियों पर

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लरंगो में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के परिसर में गन्दगी इन दिनों सुर्खियों पर है चारों ओर झाड़ियां व बड़े बड़े घास फूस उग आए हैं जिसकी साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है वहीं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को हमेशा जहरीले सांप बिच्छू के काटने का खतरा बढ़ गया है। दो वर्ष पूर्ण निर्माण किए गए भवन जर्जर स्थिति में आ गई है भवन दीवारों पर दरारें पड़ने लगी है जबकि भवनों का निर्माण स्वयं प्रधानाचार्य ने कराया था। अभिभावकों का कहना है कि भवन निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है घटिया रॉ मैटेरियल का इस्तेमाल किया गया है जिसके कारण इतनी कम समय में दीवारों पर दरारें पड़ने लगी है वहीं विद्यालय के मेन गेट के सामने पानी जमा होने के कारण कीचड़ भर गया है जिससे आने जाने में बच्चों को परेशानी उठाना पड़ रहा है। साथ ही विद्यालय परिसर में झाड़ियों के वजह से हमारे बच्चों को सांप बिच्छू के काटने का खतरा बना हुआ है लेकिन प्रधानाचार्य का इस ओर कोई ध्यान नहीं है कुछ दिन पूर्व सूर्यांशु साहु पिता विष्णु साहु का गिरकर हाथ टूट गया है इसपर प्रधानाचार्य की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। जो प्रधानाचार्य के गैर जिम्मेदाराना रवैए को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में कभी भी अभिभावकों की बैठक नहीं बुलाई गई जिस कारण विद्यालय और अभिभावकों में समन्वय स्थापित नहीं हो सका और तो और विद्यालय की समस्याओं को लेकर कभी समिति की बैठकें नहीं कराई जाती है जबकि विद्यालय के देखभाल के लिए ही विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

## स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड के नवडीहा मोड़ स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल प्रांगण में लमेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साहित होकर भाग लिया और इसका आनंद उठाया। विद्यालय के निदेशक वैद्यनाथ कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमारे समाज मे संस्कति और संस्कार को लोग धीरे-धीरे भूल रहे है साथ ही हम अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों से दूर हो रहे है हमे पूर्व मे देखने को मिलता था कि 'सावन के पावन मास में हमारे घरो की माताऐ' एवं बहने हाथों में कलात्मक मेहन्दी रचाती थी जो आज धीरे-धीरे कम हो रही है। उन्होने कहा कि यह एक कला के रूप में भी माना जाता है।

# रामगढ़ सदर अस्पताल में चलाया गया ब्रेस्ट फीडिंग जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने 7 अगस्त को सदर अस्पताल में नई माताओं के लिए डॉक्टरों की उपस्थिति में ब्रेस्ट फीडिंग जागरूकता अभियान चलाया ।कार्यक्रम में सदर अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, वहां के उप अधीक्षक डॉ हरेंद्र चन्द्र महतो,स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ तूलिका रानी, स्वास्थ्य परामर्शक डॉ पल्लवी ने नई माताओं को उपयोगी सुझाव दिए और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया की स्वस्थ शिशु के विकास के लिए पोषण युक्त आहार लेने और साफ सफाई रखने पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया ।यह भी बताया कि मां का दूध शिशु के लिए संपूर्ण आहार है जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान इनरव्हील के सदस्यों द्वारा नई माताओं को हॉर्लिक्स वितरित किया गया ताकि वह अपने पोषण का ध्यान रख सके साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग से संबंधित जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेटस बांटे गए। सफल और प्रभावी ब्रेस्टफीडिंग के लिए उपयोगी सुझाव और नई माताओं और नवजात शिशु को उससे क्या-क्या लाभ मिलता है उसकी जानकारी देने के लिए एक बोर्ड लगवाया ताकि आगे भी नई माताएं इसे पढ़कर लाभ उठा सके।

## बीडीओ को मिला सीओ का अतिरिक्त प्रभार, निवर्तमान सीओ को दी गई विदाई



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा को भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें बुके और अंगवस्त्र देकर अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र पासवान समेत अन्य अंचल कर्मियों ने विदाई दी। विदित हो कि सीओ श्रवण कुमार झा का स्थानांतरण राजनगर सरायकेला-खरसावां होने के बाद बरकट्ठा प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग को सीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं सीओ के स्थानांतरण के बाद लोगों ने उनके लगभग एक वर्षों के कार्यकाल सराहनीय बताया।

## गुमला जिला प्रशासन एवं हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे ट्रक मालिक

लोहरदगा । गुमला जिला खनन कार्यालय के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के बॉक्साइट माइंसों का माइनिंग चालान रोक दिया गया है जिसके कारण लगभग 1100 की संख्या में गुमला जिला के अंतर्गत ऊपर पाट में लगभग आधा दर्जन बॉक्साइट माइंसों में ट्रक लोड लेकर पिछले लगभग 10 दिनों से खड़े हैं, लोड होने के कारण ट्रक भी खराब हो रहे हैं एवँ ट्रक मालिकों की कमर टूटती जा रही है क्योंकि बरसात में वैसे ही ट्रक मालिकों को ट्रिप नहीं मिल रहा था और पिछले 10 दिनों से ट्रिप भी मार खा रहा है, सरकार को तो जो राजस्व की हानि हो रही है वह अलग एवं ट्रक खड़े करके पेपर का खर्च अलग-लग रहा है, कुल मिलाकर अभी तक सभी ट्रक मालिकों को करोड़ों का नुकसान हो चुका है ,इसके अलावा हजारों हजार लोडर, अनलोडर ,ड्राइवर, खलासी, ट्रक मालिक, दुकानदार ,बाजार सभी भुखमरी के कगार पर है और सभी के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है क्योंकि लोहरदगा, गुमला ,लातेहार की लाइफ लाइन ट्रक है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पालकोट कांग्रेस परिवार ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता, आदिवासी समाज के मसीहा और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर पालकोट प्रखंड कांग्रेस परिवार की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने की। सभा की शुरुआत में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और फिर दिशोम गुरु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रोहित एक्का ने भावुक शब्दों में कहा की गुरुजी का जाना एक युग का अंत है। वे एक ऐसे आदिवासी नेता थे, जिन्होंने संघर्ष से झारखंड राज्य की स्थापना करवाई। एक मुखिया से सांसद बनने तक का उनका सफर हमें प्रेरणा देता है। भले ही वह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका विचार और आदर्श हमारी नस-नस में जीवित रहेगा। गुरुजी अमर रहेंगे।" प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा की दिशोम गुरु का जीवन आदिवासी समाज के संघर्ष, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक रहा है। उनका निधन झारखंड राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। हम आज जिस राज्य में स्वाभिमान से जी रहे हैं, वह उनकी लंबी लड़ाई और आंदोलन का ही परिणाम है। ऐसे महामानव को मेरा कोटि-कोटि नमन।"

## बरसात के दिनों में बीमारियों से बचाव हेतु सावधानी जरूरी : डा. अशोक कुमार ओड़ेया

**किस्को/लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ओड़ेया ने प्रखंड क्षेत्र वासियों को बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव हेतु सावधानी बरतने की गुजारिश की है और कहा कि मौसमी बीमारियों अक्सर खुद की लापरवाही से बढ़ता है। लोगों को चाहिए कि बरसात के मौसम में खास सावधानी बरतें, गर्म पानी पीएं, बुखार या किसी तरह की परेशानी होने पर पास के अस्पताल में जाकर इलाज कराकर डॉ का परामर्श लें, अंधविश्वास एवं झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ें। डॉ अशोक कुमार ओड़ेया ने कहा कि लोगों को बीमारियों से बचाव हेतु एहतियात बरतने की जरूरत है।

## संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत लोहरदगा सदर प्रखंड के हेंसल पंचायत कमिटी का किया गया गठन

**लोहरदगा ।** सदर प्रखंड अंतर्गत हेंसल,पंचायत में संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत ग्राम पंचायत कमिटी हेंसल का गठन हेतु बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्यदेव भगत के अध्यक्षता में जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रशिक्षक अनामिका सरकार, प्रखंड प्रवेक्षक सामुल अंसारी की उपस्थिति में रखी गई। जिसमें हेंसल पंचायत के विभिन्न बूथ एवं गांव से कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।सभी के आपसी सहमति से पंचायत अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष एवं अन्य महासचिव का सर्वसहमति से चुनाव किया गया ।जिसमें सभी नए कमेटियों के पदाधिकारियों को जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।प्रशिक्षकों के द्वारा सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस पार्टी के विचारधार को मजबूत करने एवं जनता के हित के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गया ।इस मौके पर सभी वक्ताओं के द्वारा कहा ही संगठन सृजन वर्ष के तहत पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को गांव–गांव से चुन के पंचायत कमिटी में जगह दिया जा रहा ।जिससे पार्टी को मजबूती मिल रही। आज देश को कांग्रेस पार्टी को विकास के लिए जरूरत है।

# जामताड़ा के जिला कृषि पदाधिकारी दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन में हुए सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** गुरुवार को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित शिखर सम्मेलन और अवार्ड समारोह में सिक्स्थ कैटेगरी में कृषि और उद्यान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए और समाज पर होनेवाले अनुकूल प्रभाव के लिए जामताड़ा के जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है. इस सम्बन्ध में जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने बताया की जामताड़ा जिला में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कृषि योजनाओं का बेहतर तरीके से हमने कृयानवयन किया. जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार को यह सम्मान मिलने पर जामताड़ा जिला के साथ साथ रामगढ़ जिले में भी ख़ुशी का माहौल है. क्योंकि लव कुमार मूल रूप से रामगढ़ जिले के एक छोटे से गांव कुरूम के रहने वाले हैं. लव कुमार को यह सम्मान मिलने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई देते हुआ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# गुरुकुल के बच्चे स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में जुटे



**बरकट्ठा।** आगामी स्वतंत्रता दिवस बेहतर रूप से मनाने को लेकर संत पाल एकेडमी गुरुकुल विद्यालय, गोरहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विद्यालय परिसर में इन दिनों देशभक्ति के रंग में रंगे छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में जुटे हुए हैं। नृत्य, गीत, नाटक, भाषण, कविता और मिमिक्री जैसी प्रस्तुतियों को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय के निदेशक कार्तिक करण देव ने बताया कि बच्चों की उम्र और कक्षा के अनुसार कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि हर बच्चे को मंच पर आने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की तैयारी उत्साहवर्धक है और कार्यक्रम में उनके हुनर की झलक देखने को मिलेगी। वहीं अभ्यास करवा रहे शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और वे अपने देश की संस्कृति तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या पूजा सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नामांकित बच्चों को निशुल्क पोशाक भी वितरित की जा रही है।

## 1300 किसानों को मिला दलहन बीज, एनसीसीएफ की अनूठी पहल

**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) द्वारा लोहरदगा जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अरहर और उड़द बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खादगढ़ा मैरिज हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें सेन्हा, कुरु कृषक और फाजरी भंडरा एफपीओ से जुड़े 250 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत 25 क्विंटल अरहर एवं 50 क्विंटल उड़द यानी कुल 75 क्विंटल उन्नत किस्म के बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया। बीज वितरण से जिले के 1300 से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और अनुमानतः 900 एकड़ भूमि पर दलहन की खेती संभव हो सकेगी।

## हिंडाल्को सीएसआर द्वारा बगड़ू में ग्रामीण फुटबॉल क्लबों के बीच फुटबॉल का वितरण

# चांपी के राजन नागेसिया से लें प्रेरणा, खेलें, बढ़ें, चमकें : डीएमओ

नवीन मेल संवाददाता



लोहरदगा। हिंडाल्को के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) पहल के तहत बगड़ू हिल माइंस में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 70 ग्रामीण टीमों एवं स्कूली छात्रों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला खनन पदाधिकारी राजा राम ने खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रदान किए। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "चांपी के राजन नागेसिया जैसे खिलाड़ी जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। आप सभी भी मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ें और जिले व राज्य का नाम रोशन करें। हिंडाल्को हमेशा आपके साथ है। जिला खनन निरीक्षक बसंत उरांव ने भी युवाओं से खेल के क्षेत्र में करियर बनाने का आह्वान किया। फुटबॉल वितरण का लाभ हिसरी, पतरातू, नीचे बगड़ू, जामुनटोली, चांपी, दलदलिया, करमटोली सहित आसपास के कई गांवों के खिलाड़ियों को मिला। कार्यक्रम में खान प्रबंधक आशुतोष शाहा, सुनील चौधरी, भास्कर सिन्हा, अभिनव कुमार, गौरी शंकर प्रसाद, रूपक दुबे, प्रदुम्न कुमार, उज्ज्वल मिश्रा, सानिया बाखला, सहदेव उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा उपस्थित थे।

## साके गांव में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम, 167 लाभार्थी हुए शामिल

**लोहरदगा।** एसबीआई फाउंडेशन एवं परिवर्तन समाज विकास समिति (पीएसवीएस), लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सेन्हा प्रखंड के साके गांव में विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 167 लाभार्थियों ने भाग लिया और उन्हें बाल पोषण एवं मातृ स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि स्तनपान एक माँ द्वारा अपने बच्चे को दिया गया पहला और सबसे शक्तिशाली उपहार होता है, जिससे बच्चे का संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित होता है। एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं द्वारा राखी निर्माण की गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें "भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक" इस पर्व को रचनात्मक रूप से मनाया गया। यह गतिविधि स्वस्थ गाँव, सशक्त समाज की दिशा में एक सकारात्मक पहल रही। मौके पर विवेक मिश्र – साहिया सेविका एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।**

**खुला डाक की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.1.1992 के आलोक में राँची जिला के **बुढ़मु एवं चान्हो प्रखंड** के संलग्न सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बदोन्बस्ती खुला डाक द्वारा वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक की अवधि के लिए **दिनांक 23.08.2025 को 11:00** बजे पूर्वाह्न से जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी। शेष बचे जलकरों की बंदोबस्ती पुनः खुले डाक के द्वारा **दिनांक 02.09.2025** को **11:00** बजे पूर्वाह्न एवं उसके पश्चात् **दिनांक 10.09.2025** को **11:00 बजे** पूर्वाह्न से जिला जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी।

डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं–

1. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोबस्ती नहीं की जाएगी।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
3. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि से समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
4. डाक राशि जमा नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को मत्स्य बीज की प्राप्ति के श्रोत से अवगत कराना होगा।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कराना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तदार को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
7. डाक के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा नहीं कराने की स्थिति में बन्दोबस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।
8. किसी भी डाक / बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. बकायेदार व्यक्ति को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**प्रखण्ड – बुढ़मु**

बुढ़मु प्रखंड के वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | उमेडेण्डा तालाब 1 | उमेडेण्डा | बुढ़मु | 172 | 1413 | 2.03 | 6800 |
| 3 | सोसई तालाब | सोसई | बुढ़मु | – | 837 | 0.70 | 2000 |
| 4 | कोटारी तालाब | कोटारी | बुढ़मु | 59 | 263 | 2.19 | 2000 |
| 5 | गुतरू बाँध | गुतरू | बुढ़मु | 53 | 419 | 1.70 | 2700 |
| 6 | मोहनपुर तालाब | मोहनपुर | बुढ़मु | 74 | 302 | 0.26 | 1600 |

**प्रखण्ड – चान्हो**

चान्हो प्रखंड के वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पण्डरी बाँध | पण्डरी | चान्हो | 128 | 1116, 1196 | 1.71 | 2000 |
| 2 | बालसोकरा तालाब | बालसोकरा | चान्हो | 159 | 568 | 1.85 | 3600 |
| 3 | बालसोकरा बाँध | बालसोकरा | चान्हो | 159 | 1010, 1020 | 3.31 | 3000 |
| 4 | सोंस तालाब | सोंस | चान्हो | 105 | 883 | 1.23 | 1000 |
| 5 | ओपा तालाब | ओपा | चान्हो | 118 | 441 | 1.18 | 800 |
| 6 | तरंगा तालाब 1 | तरंगा | चान्हो | – | 1941 | 0.45 | 600 |
| 7 | तरंगा तालाब 2 | तरंगा | चान्हो | 223 | 1050 | 1.01 | 600 |
| 8 | रैल तालाब | रैल | चान्हो | 17 | 1134 | 2.78 | 2600 |
| 9 | रानीचांचो तालाब | रानीचांचो | चान्हो | 13 | 325 | 1.86 | 1000 |
| 10 | सिलागाई तालाब 1 | सिलागाई | चान्हो | – | 2475 | 4.23 | 6400 |
| 11 | मुरतो तालाब | मुरतो | चान्हो | 140 | 1356, 1357 | 1.06 | 1200 |
| 12 | मुरतो बाँध | मुरतो | चान्हो | 140 | – | 0.23 | 600 |
| 13 | सिलागाई तालाब 2 | सिलागाई | चान्हो | 243 | 2982, 2983 | 1.66 | 1600 |
| 14 | हुरहुरी तालाब | हुरहुरी | चान्हो | 211 | 1092 | 1.00 | 1000 |
| 15 | पतराहातु बाँध | पतराहातु | चान्हो | 315 | 1676 | 1.15 | 1200 |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR 359104 (Fish) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यह एक प्रसिद्ध प्राचीन कहावत है, जिसे गुरजिएफ ने अपने काम में महत्वपूर्ण माना। उनका मानना था कि मनुष्य को अपनी वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए खुद का अध्ययन करना चाहिए। - जॉर्ज गुरजिएफ

## संपादकीय


# प्रकृति का कोप या हमारी अदूरदर्शिता

पांच अगस्त को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर्षिल के निकट धराली में खीरगंगा में आई भीषण बाढ़ ने अपार जनधन को हानि पहुंचाई है। वैज्ञानिकों ने भागीरथी के इस जलागम क्षेत्र को बहुत संवेदनशील माना है, जहां पर कोई भी गतिविधि करने से पहले काफी विचार करने की जरूरत है, क्योंकि यहां पर बाढ़ और भूस्खलन का बहुत पुराना इतिहास है। 1750 में भी यहां पर 14 किमी लंबी झील बनी थी, जिसमें तीन गांवों का अस्तित्व मिट गया था। 6 अगस्त, 1978 को डबराणी स्थित कनोडिया गाड़ में बाढ़ से भागीरथी में बड़ी झील बनी थी। उस समय उत्तरकाशी शहर को खाली करवाना पड़ा था। तब बाढ़ से नुकसान इसलिए भी कम होता था कि नदी के किनारे लोगों ने अपने घर नहीं बनाए थे। नदी के बहाव को भी नहीं रोका गया था। अब बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान नदियों के निकट बनी बस्तियों को हो रहा है। 2017-18 में भी खीरगंगा का जलस्तर बढ़ने से धराली गांव के घरों में मलबा जमा हो गया था। 2023 में भूस्खलन से कई दिनों तक गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा था। 2010-11 और 2012-13 में भी भागीरथी और इसकी सहायक अस्सीगंगा में बाढ़ आई, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई थी। धराली के पीछे की खड़ी पहाड़ी से आ रही खीरगंगा की जानलेवा आपदा को वर्ष 2021 में गौरादेवी के रैणी के बगल से बह रही है ऋषि गंगा की आपदा से भी जोड़ा जा रहा है, जहां ग्लेशियर झील टूटने से भीषण बाढ़ आई थी, तब वहां 203 लोगों की मौत हुई थी। खीर गंगा भी 12 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीकंठ पर्वत के ग्लेशियर से आती है, जिसमें डेढ़ बजे दिन में आए सैलाब ने धराली गांव के होटल और बस्ती को मलबे में तब्दील कर दिया था। भागीरथी की इस सहायक नदी में आई बाढ़ के बारे में कहा जा रहा है कि यदि यहां बादल फटता, तो जल सैलाब के बाद घंटों तक पानी बहता रहता, लेकिन उसने तुरंत ही महाविनाश की जो स्थिति पैदा की उसके बाद बाढ़ जैसी स्थिति निरंतर नहीं बनी। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, धराली के ऊपर पहाड़ी से ग्लेशियर के रूप में एकत्रित मलबे के खिसकने के रूप में भी माना जा रहा है। इन सबके बावजूद भी कोई सबक नहीं लिया गया। यहां पर अंधाधुंध पर्यटन के नाम पर जो दर्जनों बस्तियां खड़ी हुई हैं। वे सभी भागीरथी में मिलने वाले दर्जनों ग्लेशियर के गाड़ गदेरों के निकट ही बसी हैं। यहां बेतरतीब निर्माण कार्य जैसे बहुमंजिला इमारतें, बड़े पैमाने पर वनों का विनाश, निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी जेसीबी और पोकलैंड मशीनों के उपयोग ने हिमालय की रीढ़ को हिलाकर कमजोर कर दिया है। गंगोत्री में भी सुरक्षा के नाम पर इसी तरह की स्थिति है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंचन नाला, पागल नाला, पापड़ी धार, पीपलकोटी आदि संवेदनशील जोन बने हुए हैं। बदरीनाथ मास्टर प्लान का भी लोगों ने विरोध किया है। हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग बार-बार बंद होता रहता है। ज्योर्तिमठ के पास निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना के चारों तरफ भूस्खलन हो रहा है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी भारी जनधन की हानि जून के महीने में हो चुकी है। उत्तराखंड के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय महत्व रखता है, जिसमें हिमाचल प्रदेश की पारिस्थितिकी असंतुलन पर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि हालात नहीं बदले, तो हिमाचल विलुप्त हो सकता है।

*2010-11 और 2012-13 में भी भागीरथी और इसकी सहायक अस्सीगंगा में बाढ़ आई, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई थी। धराली के पीछे की खड़ी पहाड़ी से आ रही खीरगंगा की जानलेवा आपदा को वर्ष 2021 में गौरादेवी के रैणी के बगल से बह रही है।*

# पृथ्वी का प्राण है प्रेम का प्रदीप

जीवन की तीन घटनाएं अहम हैं। जन्म आरंभ है, मृत्यु है अंत। प्रेम है इसका मध्य। प्रकृति में इस जन्म और मृत्यु के बीच जो प्रतिध्वनि हैं, जो ऊर्जा है और जो प्रकाश है। वह प्रेम है। प्रेम रसायन है। प्रकृति का वह आकर्षण, पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण और ईश्वर का वह ग्रेस है। प्रेम का विस्तार करुणा है, खुशी है, उत्कृष्टता है, आरोहण है। यह समय और स्थान को छूता है, जोड़ता है और जीवन को ऊध्र्व करता है। यह रसायन नहीं है तो जीवन मृत्यु है। मृत्यु जीवन का अंत नहीं है, प्रेम का परिसमाप्ति अंत है। प्रेम का विरोध विछोह है, ईर्ष्या है, क्रोध है, भूख है और कामना है। जीवन का आगमन ही प्रेम की यात्रा है। जब हम प्रेम से वंचित होते हैं तो रोग पैदा होते हैं। जीवन में एक चिड़चिड़ाहट और एक क्रोध की सतत धारा बहती है। अल्बर्ट आइंस्टीन अपने पुत्री लिसेर्ल को एक पत्र में कहते है कि यह अत्यंत शक्तिशाली शक्ति है, जिसका अभी तक विज्ञान कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं खोज पाया है। यह एक ऐसी शक्ति है जो सभी को शामिल करती है और नियंत्रित करती है, और यहाँ तक कि ब्रह्मांड में संचालित होने वाली किसी भी घटना के पीछे भी यही शक्ति हैं।



विश्व के महानतम साहित्यकार खलील जिब्रान ने एक किताब लिखी है- प्रोफेट यानी पैगंबर। विश्व की सृजन संसार में इसका इतनी अहमियत क्यों है ? इस किताब में वह कहते है कि प्रेम वह शक्ति सब कुछ समझाती है और जीवन को अर्थ देती है। यदि हम चाहते हैं कि हमारी प्रजाति जीवित रहे, यदि हमें जीवन में अर्थ खोजना है, यदि हम विश्व और इसमें निवास करने वाले प्रत्येक संवेदनशील प्राणी को बचाना चाहते हैं, तो प्रेम ही एकमात्र उत्तर है। इस किताब पर ओशो ने कहा है कि द प्रोफेट केवल इसलिए सुंदर है क्योंकि यह जरथुस्त्र की प्रतिध्वनि है।खलील जिब्रान ने अपनी उत्कृष्ट कृति द प्रोफेट तब लिखी थी जब वह केवल अठारह वर्ष का थे। 1923 में प्रकाशित होने के बाद से, द प्रोफेट कभी भी प्रिंट से बाहर नहीं हुआ। इस सदाबहार क्लासिक का 50 से ज्यादा भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। गैर-धार्मिक पुस्तकों में शेक्सपीयर और लाओत्सु के बाद सबसे ज्यादा इस किताब को दुनिया में पढ़ा गया है। माना जाता है कि इसकी करोड़ों प्रतियाँ बिक चुकी हैं। बीटल्स, ज ॉन एफ कैनेडी और इंदिरा गांधी उन लोगों में से हैं जो इसके शब्दों से प्रभावित हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में इसी अहमियत पर कहा है कि यह पुस्तक लोगों के जीवन के विभिन्न चरणों में उनसे बात करने का एक तरीका है। इसमें एक जादुई गुण है, जितना अधिक आप इसे पढ़ेंगे उतना ही आप इसके शब्दों को समझ पाएंगे।

जीवन में जो भी सत्य है, सुंदर है, उसे कहना सदा ही कठिन होता है। और प्रेम से ज्यादा न तो कुछ और सत्य ही है, न सुंदर ही। इरीन जोलियट-क्यूरी प्रसिद्ध वैज्ञानिक मैरी क्यूरी की बेटी थी। विश्व इतिहास में मां-बेटी के रूप में नोबेल पुरस्कार जीतीं। मैडम क्यूरी की तरह उनका भी विकरण के प्रभाव के कारण मृत्यु हुआ। माता के विकरण के प्रभाव और रोजाना मृत्यु के नजदीक जाते देखते हुए भी इरीन विज्ञान के प्रति अपनी ललक को कम नहीं होने दिया। वह कहती है कि यह प्रेम की शक्ति थी, जो मुझे विज्ञान के प्रति समर्पित रखा। प्रेम अद्भूत रसायन है, जिसके बारे में प्रोफेट में कहा गया है कि यह हर चीज का केंद्र है। जिब्रान अपने विचारों को काव्यात्मक निबंधों के रूप में व्यक्त करते हैं। वह जीवन और मृत्यु, प्रेम, धर्म और अध्यात्मवाद के बारे में इतने गहन तरीके से बात करते हैं कि यह हमारी आत्माओं में गहराई से उतर जाएगा। वह कहते है कि " सुंदरता अनंत काल है जो दर्पण में खुद को निहारता है। लेकिन आप अनंत काल हैं और आप दर्पण हैं।

आज की बात



डॉ मयंक मुरारी

द प्रोफेट काव्य निबंधों का एक संग्रह है जो दार्शनिक, आध्यात्मिक और सबसे बढ़कर प्रेरणादायक है। जिब्रान के चिंतन को अट्ठाईस अध्यायों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रेम, विवाह, बच्चे, देना, खाना-पीना, काम, खुशी और दुख, आवास, कपड़े, खरीदना और बेचना, अपराध और सजा, कानून, स्वतंत्रता, कारण और जुनून, दर्द, आत्म-ज्ञान, शिक्षण, दोस्ती, बातचीत, समय, अच्छाई और बुराई, प्रार्थना, आनंद, सौंदर्य, धर्म और मृत्यु जैसे व्यापक विषयों को शामिल किया गया है। यह छोटी सी किताब इतनी सच्चाई बयां करती है कि अगर इसे उस दिन पढ़ा जाए, जिस दिन हमें लगे कि आज मरना है। यह अकेलेपन और एकांत के बारे में बात करती है लेकिन यह उनका महिमामंडन नहीं करती है।

यह प्रेम के बारे में उस तरह से समझाता है जैसा हम नफरत के बारे में महसूस करते हैं लेकिन यह इसकी वास्तविकता है। प्रेम की खुद को पूरा करने के अलावा और कोई इच्छा नहीं होती। लेकिन अगर आप प्रेम करते हैं और आपकी इच्छाएं भी हैं, तो इन्हें अपनी इच्छाएं बनने दें। पिघल जाना और एक बहती हुई नदी की तरह हो जाना जो रात में अपनी धुन गाती है, अत्यधिक कोमलता के दर्द को जानना। प्रेम की अपनी समझ से घायल होना और स्वेच्छा से और खुशी से खून बहाना। एक पंख वाले दिल के साथ भोर में जागना और प्यार के एक और दिन के लिए धन्यवाद देना। दोपहर के समय आराम करना और प्रेम के परमानंद का ध्यान करना। खलील जिब्रान की किताब उन सभी लोगों के लिए है जो जीवन के संस्थागत दृष्टिकोण से बाहर निकलने के लिए तैयार हैं, जिसमें दुनिया के लोग खुद को पाते हैं। आज साहित्य जगत की भी एक परिधि है, जिससे बाहर रहना गलत माना जाता है। ऐसे में प्रोफेट की हर पंक्ति एक सहज और व्यावहारिक उद्घोषणा है जो हम सभी के मन में इस बारे में है कि जीवन को किस तरह जिया जा सकता है और किस तरह जिया जाना चाहिए। मैंने विवाह के बारे में एक उद्धरण सुना है जो दो पेड़ों की तरह है जो एक दूसरे के पास खड़े हैं और उनके बीच थोड़ी सी जगह है ताकि हवा (भगवान) उनके बीच आ सके।

भारतीय चिंतन में कहा गया है कि अक्षर ब्रह्म है। इस किताब में हरएक शब्द का महत्व है। उसका एक गूढ़ अर्थ है। शब्द और उसके भाव मिलकर क्रिया और कर्म को ऐसे चित्रित करते हैं, जैसे कि उसे होना चाहिए। वह शब्दों की क्रियाशीलता के साथ जीवन के आरोहण की यात्रा कराते है, जिसमें ज्ञान होता है, आध्यात्मिकता एकता की बात होती है और उत्थान के पथ का संकेत मिलता है। इसके उद्धरण विशेष रूप से पसंद है जो अपनी शैली और तीक्ष्णता के साथ शब्दों को प्राणवान बनाता है। एक जगह कहा गया है कि- आत्मा एक रेखा पर नहीं चलती है, न ही यह ईख की तरह बढ़ती है। आत्मा खुद को प्रकट करती है, असंख्य पंखुड़ियों वाले कमल की तरह। किताब एक बार में व्यक्तिगत तो कभी आध्यात्मिक विकास की बात करती है लेकिन खलिल जिब्रान की किताबें एक साथ जीने और सीखने की कला सीखाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# 'परिवर्तन प्रगति की सांस है'

परिवर्तन उस सवेरे की पहली किरण की तरह है, जो चाहे बादलों में छिप जाए, पर हर दिन आती है। यह नदी के प्रवाह की तरह है—रुक जाए तो सड़ांध पैदा होती है, बहता रहे तो जीवन को सिंचता है। प्रकृति हमें हर पल यही सिखाती है कि "सदा एक समान रहना संभव नहीं।" ऋतुओं का चक्र हो या पेड़ पर पत्तों का झरना—सब हमें याद दिलाते हैं कि परिवर्तन ही स्थायी है। चार्ल्स डार्विन का प्राकृतिक चयन सिद्धांत (Origin of Species, 1859) स्पष्ट करता है कि "जो समय के अनुसार ढलता है, वही जीवित रहता है।" यानी, जीवन वही है जो बदलता है; ठहराव, मृत्यु का दूसरा नाम है। मुझे हमेशा लगता है, प्रकृति ने जीवो को पैर इसलिए दिए ताकि वह खड़ा न रहे— रेंगता रहे, चलता रहे , भागता रहे । पर हम हैं कि अक्सर वहीं खड़े रह जाते हैं। हम सोचते हैं कि ऊपर से कुछ मलहम लगाकर सब बदल जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि पुदीना के पत्ते पर हल्दी का लेप देने से वो सोना नहीं बन जाता। असली बदलाव भीतर से आता है, ऊपर से चिपकाई गई परतों से नहीं। भारत की आध्यात्मिक चेतना भी इसी नियम पर टिकी है। गौतम बुद्ध ने कहा—"सभी संस्कार अनित्य हैं।" उन्होंने जीवन को "जागृति का सतत् प्रयास" माना। जब कपिलवस्तु के महल में वे सुरक्षित जीवन जी सकते थे, तब भी वे निकले—सत्य की खोज में। यह बताता है कि आत्म-जागरण तभी संभव है जब मनुष्य अपने भीतर परिवर्तन को जगह दे। बुद्ध का यह निर्णय वैसा ही था जैसे अभी कोई अमीरजादा अचानक अपनी एसी कार छोड़ कर पैदल निकल पड़े ( यहाँ निर्धनता में रहते हुए धन त्याग की बात निरर्थक है , धन सम्पति रहते हुए उसका त्याग कर स्वयं की खोज में निकलना दुर्लभ देखा जाता है ) महात्मा गांधी भी परिवर्तन की जीती-जागती मिसाल हैं। उनकी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' इसका प्रमाण है। उन्होंने लिखा—"मैंने जीवन को प्रयोगशाला बनाया और अपनी गलतियों को स्वीकार किया।" अर्थात् गांधी के लिए जीवन एक निरंतर संशोधन की प्रक्रिया था। दक्षिण अफ्रीका में अन्याय का अनुभव, भारत में किसानों की पीड़ा—इन सबने उनके विचार बदले और उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा को गढ़ा। सच कहूँ, अगर गांधी अपने विचार बदलने को तैयार न होते तो शायद वे भी 'एक और नेता' बन कर रह जाते, 'महात्मा' नहीं। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं जहाँ विचारधारा का बदलाव युगांतकारी साबित हुआ। अकबर शुरुआत में अन्य मुग़ल शासकों की तरह कठोर और कुछ हद तक असहिष्णु था।

देश की बात



बोधार्थी रौनक

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चड्डी का रंग तलाशते समाजवाद के लिए नारी के अपमान में छुपा हुआ है वोटबैंक का फॉर्मूला

कथावाचक अनिरूद्धाचार्य, संत प्रेमानंद जी महाराज और घटना, तथ्य, अनुभव , पश्चाताप, आत्मनिरीक्षण जैसे शाश्वत तथ्यों के बहाने देश के समाजवादी कुनबे से महिलाओं के अपमान की बातें फिर से सामने आ रही हैं। इज्जत, आबरू और स्वाभिमान के मोल पर वोटबैंक के नाजायज सौदे की यह पीड़ा बहुत बड़ी है जबकि सनातनी संतों के प्रति दुराग्रह की अवधारणा को मजबूती देने वाले क्रांति के प्रतीक लाल टोपी के अंदर से महिलाओं की चड्डी के आपत्तिजनक उपहास का एक और एपिसोड सामने आ रहा है। वैसे तो आपत्ति की यह सूची काफी लंबी है क्योंकि हमारे समाजवादियों के लिए आपत्ति की परिभाषा कुछ अलग ही रही है। नमूने के तौर पर राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदुर की उस चर्चा को ले सकते हैं जब समाजवादी पार्टी की एक नामचीन महिला सांसद "उनके शक्ल की ओर" देखने की जोरदार अपील करती नजर आई। यह अपील जिस नामदार शक्ल के श्रीमुख से जुड़ा हुआ है वह खुद जाने अनजाने एक सेल्फी के जुर्म में जनजाति समाज से आने वाले झारखंड के एक सांसद को कभी सरेआम बेइज्जत कर चुकी हैं। ऐसे असंख्य उदाहरणों के बीच शक्ल के समाजवादी चिंतन के लिए यह कोई अंतिम अंदाज नहीं है। यदि यह एक सामान्य सी बात होती तो संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाते समय इस सेलिब्रिटी सुहागन के माथे पर चुटकी भर सिंदूर का श्रृंगार जरुर होता। ऐसा कुछ भी नहीं था क्योंकि इस शक्ल के पीछे समाजवाद का वह विकृत चेहरा सक्रिय था जिसके लेकर स्थापना काल से ही ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं। दिलचस्प तौर पर यह संस्मरण तबतक अधूरा है जबतक पार्टी में कभी नंबर दो की हैसियत रखने वाले आजम खां के योगदान की चर्चा न की जाए। तब समाजवादी पार्टी में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा का शक्ल एक बड़े चेहरे के तौर पर प्रतिष्ठित था और इस प्रतिष्ठित महिला नेत्री की प्रतिष्ठा पर समाजवाद का रंग चढ़ते ही मोहम्मद आजम खां साहब का एक बड़ा कारनामा सामने आ गया। दुनिया देखती रह गई और न केवल जयाप्रदा के चड्डी पर से पर्दा उठता चला गया बल्कि चड्डी का रंग भी समाजवादियों के एजेंडे में शामिल होता गया। तब अखिलेश साहब का खून खौलना चाहिए था परन्तु यह संभव नहीं था क्योंकि शक्ल और चेहरे के जद्दोजहद में फंसे लाल टोपी का खून खौलने के लिए मानों बना ही नहीं है। वस्तुतः इनके लिए टोपी के लाल रंग और खून के सुर्ख रंग में अंतर है और यह सब कुछ उस वोट बैंक के दायरे में सिमटा हुआ है जिसकी कीमत धर्मपत्नी की इज्जत, आबरू और स्वाभिमान से भी बड़ा है। वोट बैंक की इस बेचारगी का नतीजा यह भी कि समाजवाद के जिस चेहरे को कभी श्री राम मंदिर व अयोध्या जाने का फुर्सत न मिल सका वह सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी के साथ दिल्ली की उस मस्जिद में अपनी धर्मपत्नी को लेकर चले गए जहाँ महिलाओं के लिए हिजाब या बुर्के की बंदिशों के पालन की अपेक्षा की जाती है। इस बैठक में क्या कुछ हासिल हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका है परन्तु जो तस्वीर सामने आई उसके अनुसार डिंपल यादव साड़ी पहनकर उसी शालीन अंदाज में थी जैसा वह हमेशा रहा करती हैं। अब जैसे ही डिंपल की एक तस्वीर मस्जिद से बाहर आई वैसे ही अखिलेश के नजरों के सामने ही डिंपल यादव को अपमान का पात्र बना दिया गया और पूरी दुनिया को डिंपल यादव की पीठ दिखने लगी, कपड़े आपत्तिजनक बन गए व मस्जिद में डिंपल का नंगापन भी दिखने लगा। निसंदेह यह सबकुछ उस भारतीय महिला का चीरहरण था जिसे भारतीय संस्कृति में दूर्गा का अवतार माना जाता है परन्तु अखिलेश की बेचारगी को दूर्गा के इस चेहरे से मानों कोई लेना देना ही नहीं है। यदि कुछ होता तो मुलायम सिंह यादव, शिवपाल यादव व रामगोपाल यादव की बहू, अखिलेश यादव की पत्नी व धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव जैसे शूरवीरों की दुलारी सी भाभी के साथ अहीर रेजिमेंट का हुंकार भरने वाले तथाकथित योद्धाओं की लाल टोपी में असंवेदनशीलता का नंगापन कतई नजर नहीं आता। चेहरा और शक्ल की इस व्यथा का यह समापन भी नहीं है क्योंकि किसी मौलाना की गंदी जुबान से बड़े घर की बहू, सांसद व हमारी दूर्गा के लिए निकले ओछे शब्दों की पटकथा का अभी पटाक्षेप नहीं हुआ है। आज न कल उन्हें यह जवाब देना ही होगा कि क्या यह सबकुछ हमारी आधी आबादी के आत्मसम्मान से जुड़ा हुआ मामला नहीं है और क्या धृतराष्ट्र के सामने द्रौपदी के चीरहरण की घटना से कमतर है? हमारी संस्कृति में महाभारत को द्रौपदी के चीरहरण का पटाक्षेप माना जाता है।

आपकी बात



केदारनाथ दास

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बुद्धि नष्ट जब हो गयी, कहाँ संधि, सद्भाव?
त्रेता में लेकर गया , अंगद भी प्रस्ताव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वाहनों की गति निर्धारित हो

दिन ये खबरें विचलित करती हैं जब पूरे के पूरे परिवार सड़क दुर्घटनाओं की भेंट चढ़ गए।देश में जब तेजी से हाई-वे बने तो लगा कि अब आम आदमी की यात्रा सुगम व सुरक्षित होगी। तब सफर में लोगों के घंटों बचने लगे। यात्रियों के पेट्रोल व डीजल की खपत कम हुई। विडंबना यह है कि कालांतर वाहनों की गति सीमाएं तोड़ने लगी। बेलगाम गति दुर्घटनाओं का सबब बनी। निस्संदेह, जब व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक की गति से वाहन चलाता है तो विषम परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाना ही पड़ता है। ऐसे में पीछे से नियंत्रित गति में चलने वाले वाहन चालक भी सड़क दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। अकसर बेकसूर लोग दूसरों की गलती की कीमत चुकाते हैं।

ऐसी ही दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि हाई-वे पर कोई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाता है तो दुर्घटना की स्थिति में इसे लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने माना कि हाई-वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे। उल्लेखनीय है कि यह फैसला वर्ष 2017 में कोयंबटूर में एक इंजीनियरिंग छात्र के साथ हुए हादसे के बाबत आया है, जिसमें उसे अपनी टांग गंवानी पड़ी। दरअसल, उसकी मोटरसाइकिल अचानक रोकी गई एक कार से टकरा गई थी। इस टक्कर में उसके नीचे गिरने पर पीछे से आ रही बस ने उसके पैर को कुचल डाला। कोर्ट ने कार चालक की इस दलील को तार्किक नहीं माना कि उसे पत्नी के अस्वस्थ होने के कारण कार अचानक रोकनी पड़ी। अदालत का मानना था कि उसने भले ही किसी भी परिस्थिति में कार रोकी,लेकिन उसे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को संकेत या चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी, ताकि इस हादसे को टाला जा सकता। अदालत ने कहा कि यदि इस मामले में आधी गलती कार चालक की है तो बीस-बीस फीसदी गलती अपील करने वाले व बस चालक की भी है। कोर्ट ने अपील करने वाले को अगले वाहन से पर्याप्त दूरी न रखने व लाइसेंस न होने का दोषी माना। फलतः उसके मुआवजे में बीस फीसदी की कटौती की। दरअसल, हाई-वे पर होने वाले तमाम हादसों में वाहनों की निर्धारित सीमा से अधिक गति को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

'हाई-वे रोड सेफ्टी रिपोर्ट 2021' के अनुसार दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में 74 फीसदी हादसे वाहनों की निर्धारित गति सीमा से अधिक पर वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसके चलते राजमार्गों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। निस्संदेह, हमने यूरोपीय स्टाइल के हाई-वे तो बना दिए मगर चालकों को नियम-कानूनों के पालन के लिये जागरूक नहीं कर पाये। यही वजह है कि दुर्भाग्य से देश की सड़कों में हर तीन मिनट में एक बेगुनाह व्यक्ति की मौत हो जाती है। जाहिर है, दोष सड़कों का नहीं बल्कि चालकों के व्यवहार में अराजकता का है। जरूरी है कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने तथा गति सीमा नियंत्रित रखने हेतु प्रेरित किया जाए। तभी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क दुर्घटनाओं के लिये निरापद बन सकेगा। निस्संदेह, सड़क निर्माण में भी कई बार तकनीकी खामियां पायी जाती हैं। पदयात्रियों व जानवरों के हाई-वे पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने को मजबूर होना पड़ता है। कोर्ट के निर्देश के अनुरूप ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को इसका संकेत देना जरूरी है। साथ ही तकनीकी व गुणवत्ता की दृष्टि से दोषपूर्ण सड़क बनाने वालों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने नजीर का फैसला दिया है, जो वाहन चालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। साथ ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में वे खुद का और पीछे आने वाले वाहनों का बचाव कर सकें।

अलग बात



राकेश दुबे

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 400 वर्ष प्राचीन शिवालय में महादेव की सेवा में रत रहते हैं दर्जनों नाग

एजेंसी। उन्नाव

भोलेनाथ को प्रिय सावन माह समाप्त होने जा रहा है। इस माह में महादेव का दर्शन-पूजन विशेष फलदायी माना जाता है। देश भर में ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनकी कथा सुनकर देवाधिदेव पर भक्तों की श्रद्धा और भी बढ़ जाती है। ऐसा ही एक बोधेश्वर महादेव का मंदिर है, जो उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में स्थित है। बांगरमऊ क्षेत्र में कल्याणी नदी के तट पर स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर आस्था और चमत्कार का संगम है। करीब 400 साल पुराना यह मंदिर न केवल प्राचीन स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि पंचमुखी शिवलिंग और इसके चारों ओर विचरण करने वाले दर्जनों सांपों के लिए भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस शिवलिंग के स्पर्श मात्र से गंभीर रोगों से मुक्ति मिलती है, जिसके चलते सावन के महीने में यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। पुरातत्वविदों का मानना है कि मंदिर के आसपास का 3 एकड़ का टीला किसी प्राचीन बस्ती का अवशेष है, जो पांच सदी पहले किसी आपदा में नष्ट हो गई थी। बोधेश्वर महादेव मंदिर का न केवल धार्मिक, बल्कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी है। सावन, महाशिवरात्रि, शिवरात्रि के अलावा अन्य दिनों में भी बोधेश्वर महादेव के दर्शन को भक्तों का तांता लगता है।




## पंचमुखी शिवलिंग विलुप्त पत्थर की अद्भुत रचना

मंदिर के गर्भगृह में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग अपने आप में एक रहस्य है। पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार, यह शिवलिंग उस दुर्लभ पत्थर से बना है, जो 400 साल पहले विलुप्त हो चुका था। इस पत्थर की खासियत और महादेव के पांच मुखों की अनूठी संरचना इसे विशेष बनाती है। मंदिर में नंदी और नौ ग्रहों की मूर्तियां भी स्थापित हैं, जिन पर 15वीं शताब्दी की उत्कृष्ट पाषाण कला का नमूना देखने को मिलता है।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस शिवलिंग के दर्शन और स्पर्श से न केवल शारीरिक रोग, बल्कि मानसिक समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। बोधेश्वर महादेव मंदिर की एक और विशेषता है, यहां रात में आने वाले काले सांप। स्थानीय लोगों का मानना है कि शिवालय में अर्धरात्रि में दर्जनों सांप मंदिर में प्रवेश करते हैं और पंचमुखी शिवलिंग को स्पर्श कर जंगल में लौट जाते हैं।कई भक्तों ने दावा किया है कि उन्होंने शिवलिंग पर सांपों के जोड़े को लिपटे देखा है। यह दृश्य न केवल रहस्यमयी है, बल्कि भक्तों की आस्था को गहरा करता है। मान्यता है कि सांप भगवान शिव के गण हैं, जो उनकी सेवा में रत रहते हैं।मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार, राज नेवल के राजा को भगवान शिव ने स्वप्न में पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नौ ग्रहों की स्थापना का आदेश दिया था। जब प्रतिमाएं रथ पर लाई जा रही थीं, तब राजधानी के प्रवेश द्वार पर रथ जमीन में धंस गया। लाख कोशिशों के बावजूद रथ नहीं निकला, जिसके बाद राजा ने उसी स्थान पर मंदिर बनवाकर प्रतिमाओं को स्थापित करवाया।

### राहुल गांधी के आरोपों पर फडणवीस का पलटवार

# झूठ बोलकर अपनी हार छिपाने की कर रहे कोशिश

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है। फडणवीस ने कहा कि न तो महाराष्ट्र में और न ही देश के किसी अन्य हिस्से में वोटों की चोरी हुई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी बस झूठ बोल रहे हैं और जनता का जनादेश चुरा रहे हैं। उनके आंकड़े भी बदलते रहते हैं। पिछली बार उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में 75 लाख वोट बढ़े हैं। अब वह कह रहे हैं कि एक करोड़ वोट बढ़े हैं। वह झूठ बोलकर अपनी हार छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता पर तंज कसते हुए फडणवीस ने कहा कि वह जानते हैं कि भविष्य में भी उनकी हार होगी...वह देश की संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब कर रहे हैं...मैं इसकी निंदा करता हूं और जनता उन्हें आने वाले चुनावों में सबक सिखाएगी। इससे पहले राहुल गांधी ने कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 'वोट चोरी' शीर्षक से संवाददाताओं के समक्ष कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया।



- **राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप :** फडणवीस ने कहा-"न महाराष्ट्र में वोट चोरी हुई, न देश में। राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं।"
- **बदलते आंकड़ों पर निशाना :** उन्होंने कहा कि पहले राहुल ने 75 लाख वोट बढ़ने की बात कही थी, अब एक करोड़ कह रहे हैं।
- **संवैधानिक संस्थाओं की छवि बिगाड़ने का आरोप :** फडणवीस ने कहा-"वह संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब कर रहे हैं, यह निंदनीय है।

राहुल गांधी ने कहा कि ''चुनाव धांधली'' के सबूत एकत्र करने में कुल छह महीने का समय लगा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य' (मशीन रीडेबल) डेटा उपलब्ध नहीं करा रहा है ताकि ये सब पकड़ा नहीं जा सके। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी टीम ने बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के डेटा का विश्लेषण किया और फिर गड़बड़ी का पता किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में छह में पिछड़ गई, लेकिन महादेवपुरा में उसे एकतरफा वोट मिला।

राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में पांच महीनों के भीतर इतने मतदाताओं के नाम जोड़ दिए गए, जो पहले पांच साल की अवधि में नहीं जोड़े गए थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ मतदाता बढ़ गए। हम निर्वाचन आयोग के पास गए...हमने पूरी निश्चितता के साथ यह कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई। उनके अनुसार, निर्वाचन आयोग ने 'मशीन से पढ़ने योग्य' (मशीन रीडबल) मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि पहले हमारे पास इसका सबूत नहीं था कि भाजपा के साथ मिलकर धांधली की जा रही है...इसके बाद हमने इसका पता लगाने का फैसला किया।

### एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग का बड़ा दावा

# ड्राफ्ट मतदाता सूची पर किसी दल ने नहीं दर्ज कराई कोई आपत्ति

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न तो छोड़ा जाएगा और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाएगा। आयोग ने 1 अगस्त को प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए दावे और आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अपील की है। हालांकि, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर एक दैनिक बुलेटिन में, चुनाव आयोग ने कहा कि उसे आज तक मसौदा सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से प्राप्त फॉर्म 27,517 हैं। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों की समाप्ति के बाद किया जाना है।

एसआईआर के आदेशों के अनुसार, 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष और उचित अवसर दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना नहीं हटाया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि इस पुनरीक्षण प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। वे इस साल के मानसून सत्र की शुरुआत से ही बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की नई अर्जी पर 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा, जिसमें एसआईआर अभियान के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए 65 लाख मतदाताओं के आंकड़ों का खुलासा करने की मांग की गई है। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी गई है कि कौन मर चुका है और कौन स्थायी रूप से पलायन कर गया है।




- **5015 दावे-आपत्तियाँ सीधे मतदाताओं से :** मतदाताओं की ओर से 5,015 दावे और आपत्तियाँ दर्ज करवाई गईं।
- **नए मतदाताओं के 27,517 फॉर्म प्राप्त :** 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं से 27,517 नए पंजीकरण फॉर्म मिले।
- **दावों का निपटारा 7 दिन बाद :** ईआरओ/एईआरओ सभी दावों का निपटारा 7 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद करेंगे।

### एसआईआर पर जारी है विपक्ष का हंगामा

## लोकसभा में मणिपुर संबंधित दो बिल पास

- **बिहार एसआईआर पर विपक्ष का संसद में जोरदार विरोध :** विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर चर्चा की माँग को लेकर हंगामा किया।
- **सरकार ने चर्चा से किया इनकार :** केंद्र ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए चर्चा नहीं होगी।

एजेंसी। बिहार

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी इंडिया ब्लॉक के हंगामे के बीच गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। हालाँकि, केंद्र सरकार ने यह कहते हुए इस मांग को खारिज कर दिया कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद इसके विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार विरोध व्यवधान के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में भी ठीक ऐसी ही स्थिति रही। यहां भी विपक्ष के हंगामे के बाद कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### राज्यसभा की कार्यवाही

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर तीस मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। हालांकि एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर विपक्ष के हंगामे के बीच ही पोत परिवहन विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने तटीय पोत परिवहन विधेयक 2025 को चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया। इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। पीठासीन अध्यक्ष घनश्याम तिवाड़ी ने विधेयक पर बोलने के लिए जब सदस्यों के नाम पुकारे तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने ही अपनी बात रखी। सदन के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आसन की अनुमति से कहा कि आज देश जिन समस्याओं का सामना कर रहा है।

### एसआईआर को लेकर ममता बनर्जी का वार

## हमारी नागरिकता छीनने की कोशिश कर रही डबल इंजन सरकार

एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की भाजपा की माँग के बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को डबल इंजन वाली सरकार पर राज्य के लोगों की नागरिकता छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। झारग्राम में जनता को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि मैं सोच रही हूँ, क्या हम वाकई आज़ाद हैं? मुझे उम्मीद है कि हमारी नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। कृपया हमें इससे वंचित न करें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 'डबल इंजन वाली सरकार' नागरिकों को रोहिंग्या बताकर उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय बार-बार अदालत जाने के लिए भाजपा की भी आलोचना की। बनर्जी ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार हमारी नागरिकता छीनने, हमें रोहिंग्या कहकर हिरासत में लेने और हमें वापस बांग्लादेश भेजने की कोशिश कर रही है। भाजपा हमेशा अदालत जाती है। मेरे पास 1912 का एक दस रुपये का नोट है, और वह बंगाली में लिखा है। फिर भी वे दावा करते हैं कि बंगाली भाषा है ही नहीं।

इससे पहले, भाजपा सांसद और बंगाल प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बंगाल की मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वे अवैध वोटों की मदद से जीत जाएँगी, तो यह उनकी गलतफहमी है। भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने एएनआई से कहा कि उन्हें विरोध करने दीजिए। ममता बनर्जी की मांग है कि मरने वालों के नाम क्यों हटाए जाएँ। अगर उन्हें लगता है कि बांग्लादेशियों, जिहादियों, रोहिंग्याओं, अवैध प्रवासियों और अवैध मतदाताओं की मदद से वह चौथी बार सत्ता में आ सकती हैं, तो उनकी यह गलतफहमी है। उन्होंने आगे कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर मुख्यमंत्री की आपत्तियाँ संवैधानिक संस्थाओं पर हमला है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की जनता एक संवैधानिक संस्था पर इस तरह के हमले को कैसे बर्दाश्त करेगी?

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## बिहार में चुनाव से पहले 6 आईपीएस अधिकारियों और 26 डीएसपी का स्थानांतरण

**पटना।** बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। इससे पहले बिहार सरकार ने गुरुवार को छह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला किया है। इसके अलावा, 26 पुलिस उपाधीक्षकों का भी स्थानांतरण किया गया है। इसकी अधिसूचना बिहार गृह विभाग ने जारी कर दी है। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी मो. मोहिबुल्लाह अंसारी को पटना नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)-1 से हटाकर एसडीपीओ-2 विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि, सहायक पुलिस अधीक्षक, वैशाली शैलजा को अगले आदेश तक हिलसा (नालंदा) एसडीपीओ-1 के रूप में भेजा गया है। इसी तरह संकेत कुमार को सारण से रोहतास (बिक्रमगंज) एसडीपीओ बनाया गया है तथा सहायक पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर गरिमा को सरैया के एसडीपीओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईपीएस अधिकारी और बेगूसराय की सहायक पुलिस अधीक्षक साक्षी कुमारी को बेगूसराय के बलिया का एसडीपीओ तथा दरभंगा की सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा को पटना के मसौढ़ी एसडीपीओ-1 की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त बिहार पुलिस सेवा के 26 अधिकारियों का भी तबादला किया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले लाल किले पर तलाशी में दो कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह से ठीक एक हफ़्ते पहले नई दिल्ली के लाल किले में की गई तलाशी के दौरान दो पुराने कारतूस बरामद हुए हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना भाषण देंगे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों कारतूस क्षतिग्रस्त प्रतीत हो रहे हैं और उन्हें फ़ोरेंसिक जाँच के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा, एक सर्किट बोर्ड भी मिला है, जो पुराना प्रतीत होता है। आशंका है कि इस बोर्ड का इस्तेमाल किसी पुराने कार्यक्रम के दौरान लाइटिंग सेटअप में किया गया होगा। दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की जाँच जारी है।

एएनआई द्वारा उद्धृत अधिकारियों के अनुसार, लाल किले पर नियमित सुरक्षा अभ्यास के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल सहित सात दिल्ली पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इस अभ्यास के दौरान, विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने परिसर में एक नकली बम लगाया था। हालाँकि, ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी इसे पकड़ नहीं पाए, जिसके कारण तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत दिल्ली पुलिस नियमित रूप से इस तरह का अभ्यास करती है।

### खड़गे ने ट्रम्प टैरिफ को लेकर मोदी पर कसा तंज

## 50% टैरिफ पर कांग्रेस का वार, मोदी को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50% आयात शुल्क लगाने के लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज़िम्मेदार ठहराया। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में तंज कसते हुए कहा कि आप इस विदेश नीति की दुर्दशा के लिए कांग्रेस के 70 सालों को भी दोष नहीं दे सकते। भारत के राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च बताते हुए उन्होंने कहा कि जो भी देश भारत को उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए दंडित करता है, वह यह नहीं समझता कि भारत किस मजबूत ढांचे से बना है। खड़गे ने 1971 के बांग्लादेश युद्ध के दौरान सातवें बेड़े के ख़तरे और परमाणु परीक्षणों के बाद लगाए गए प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कहा कि ये ऐसे क्षण थे जब भारत ने अमेरिका के साथ आत्मसम्मान और गरिमा के साथ रिश्ते बनाए रखे। उन्होंने कहा कि अब भारत की ओर से कूटनीति विनाशकारी रूप से लड़खड़ा रही है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि अगर 50% टैरिफ लगाया गया तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर 3.75 लाख करोड़ का बोझ पड़ेगा। उन्होंने विशेष रूप से छोटे उद्योगों, कृषि, फार्मा और कपड़ा उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों के लिए चिंता व्यक्त की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को टैग किया और सरकार की पहले से कार्रवाई न करने की कथित विफलताओं के बारे में अपने तर्क को पुष्ट करने के लिए कुछ उदाहरण दिए। उन्होंने इस ओर इशारा किया कि जब ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए।

## अमेरिका की धुन पर नाच रहे हैं पीएम मोदी : तेजस्वी यादव



**बिहार।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बीच, राजद नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। यादव ने इस मुद्दे पर मोदी की चुप्पी की आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री कमज़ोर हो गए हैं। उन्होंने उन पर अमेरिका के इशारों पर नाचने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने कहा कि आप सभी देख रहे हैं कि इस देश में सरकार कैसे काम कर रही है। ट्रंप ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया। ट्रंप 28 बार कह चुके हैं कि उन्होंने युद्धविराम कराया। प्रधानमंत्री ने अभी तक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है। मोदी पर तंज कसते हुए राजद नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक यह नहीं कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री इतने कमज़ोर हो गए हैं कि अमेरिका के इशारों पर नाच रहे हैं। 50 प्रतिशत टैरिफ से देश को बहुत नुकसान होगा, और कोई इस पर बोल नहीं रहा है। सब चुप हैं। ये लोग देश को नुकसान पहुँचाएँगे और फिर बिहार जाकर कहेंगे, 'देखो, हम विश्वगुरु बन गए हैं। 6 अगस्त को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ट्रंप ने इस वृद्धि के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति संबंधी चिंताओं के साथ-साथ अन्य प्रासंगिक व्यापार कानूनों का हवाला दिया।

### धराली हादसा | सेना, वायुसेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ संयुक्त रूप से सक्रिय

# 274 लोगों को बचाया गया, राहत कार्य में जुटे 814 रेस्क्यू कर्मी

- **वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 सहित कुल 6 हेलीकॉप्टर तैनात**

एजेंसी। देहरादून

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में आई आपदा के बाद से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मलबे के बीच फंसे लोगों की सकुशल वापसी के लिए सेना, वायुसेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी ताजा अपडेट के अनुसार अब तक गंगोत्री और अन्य क्षेत्रों से कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है, जिनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम और कर्नाटक के 5-5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक व्यक्ति शामिल हैं। सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और इन्हें उत्तरकाशी या देहरादून भेजा जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 सहित कुल 6 हेलीकॉप्टर, राज्य सरकार की ओर से युकाड़ा द्वारा तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 2 अन्य हेलीकॉप्टर लगाए जा रहे हैं और अगले दिन से कुल 8 हेलीकॉप्टर को ऑपरेशन में लगाया जाएगा। सेना के एचएएल और चीता हेलीकॉप्टरों के जरिए भी सुबह 7 बजे से ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। रेस्क्यू और राहत कार्यों में 479 अधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इनमें राजपुताना रायफल्स के 150 जवान, सेना की घातक टीम के 12 सदस्य, एनडीआरएफ के 69, एसडीआरएफ के 50, आईटीबीपी के 130, पुलिस और वायरलेस के 15 अधिकारी, चिकित्सा टीम और अग्निशमन विभाग सहित प्रशासनिक अमला शामिल है। इसके अलावा, राहत कार्य के लिए तैनात 814 अन्य सदस्य अलग-अलग स्थानों से रवाना किए गए हैं, जिनमें नेलांग से 40, आर्मी मेडिकल के 50, टोकला टीसीपी से 50, आगरा से स्पेशल फोर्स के 115, आईटीबीपी के 89, एनडीआरएफ के 160, एसडीआरएफ के 30 और पुलिस के 280 जवान शामिल हैं।



### आपदा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं और रेस्क्यू तेज

स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो धराली में एक मेडिकल टीम, एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट और एक एम्बुलेंस तैनात है। हर्षिल में 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एसएमओ मेडिसिन के साथ कार्यरत है। मातली में आईटीबीपी के 2 डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग के 4 विशेषज्ञ और धर्मशाला उत्तरकाशी में 8 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। कुल मिलाकर 294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था की गई है। अब तक 230 लोगों का रेस्क्यू किया गया है, जिनमें से 230 को हेलीकॉप्टर के माध्यम से जौलीग्रांट पहुंचाया गया है।



## लुइस सुआरेज और डी पॉल ने इंटर मियामी को लीग्स कप क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया

**एजेंसी। फोर्ट लॉडरडेल**

इंटर मियामी सीएफ ने टीम के तीसरे और अंतिम लीग कप 2025 चरण के एक मुकाबले में लीगा एमएक्स पुमास उनम पर 3-1 की जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

दिग्गज स्ट्राइकर लुइस सुआरेज की टीम की जीत में अहम भूमिका रही। सुआरेज ने एक गोल और दो असिस्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने क्लब के लिए अपना पहला गोल किया और तादेओ अलेंदे ने गोल किया। उनम की तरफ से 34वें मिनट में जॉर्ज रुवाल्काबा ने एकमात्र गोल किया। यह मैच का पहला गोल था। इंटर मियामी की तरफ से पहला गोल 45वें मिनट में लगा। ये गोल डी पॉल ने लगाया।

डी पॉल ने लुइस सुआरेज की लेफ्ट विंग से आई गेंद को सीने से रोका, फिर नीचे-दाएं कोने में एक बेहतरीन आउटसाइड-ऑफ-द-फुट फिनिश के साथ गोल किया। यह असिस्ट सुआरेज का टूर्नामेंट में पहला और 2025 में सभी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 14वां था। सुआरेज ने 59वें मिनट में पेनेंका के पेनल्टी स्पॉट पर किए गए गोल के साथ इंटर मियामी के लिए स्कोरलाइन पलट दी। इस गोल के साथ ही इस सीजन में की प्रतियोगिताओं में उनके गोलों की संख्या 10 हो गई। अलेंदे ने 69वें मिनट में इंटर मियामी के लिए तीसरा और निर्णायक गोल दागकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। इस गोल के लिए भी सुआरेज ने असिस्ट किया था। यह सीजन में अलेंदे का 11वां गोल था। सुआरेज का यह असिस्ट ऐतिहासिक रहा। इस असिस्ट के साथ उन्होंने क्लब के लिए एक सीजन में सर्वाधिक 15 असिस्ट के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। 3-1 के स्कोर के साथ इंटर मियामी ने लीग्स कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।



# मेसी को आमंत्रित करने का केरल सरकार गलत 13 लाख बेकार

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

अर्जेंटीना के विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनल मेसी को राज्य में लाने से संबंधित केरल सरकार का एक दावा भ्रामक साबित हुआ है। केरल सरकार ने दावा किया था कि लियोनल मेसी को लाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं किया गया है, जो गलत साबित हुआ है।

दरअसल, केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान सितंबर 2024 में मेसी को आमंत्रित करने के उद्देश्य से स्पेन गए थे। उनके साथ खेल विभाग के सचिव और खेल एवं युवा मामलों के निदेशक भी थे। इस यात्रा पर 13 लाख रुपए खर्च हुए थे। यह खुलासा खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान के उस बयान का खंडन करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लियोनल मेसी को केरल आमंत्रित करने में सरकार को 'एक रुपया' भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में खेल मंत्री ने कहा था कि लियोनल मेसी सहित अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम केरल दौरे पर नहीं आएगी। अर्जेंटीना टीम ने अक्टूबर में राज्य की यात्रा में आने वाली कठिनाइयों का हवाला दिया था। इससे पहले दिए एक बयान में खेल मंत्री ने कहा था कि अर्जेंटीना टीम के अक्टूबर या नवंबर में केरल आने की संभावना है। उन्हें राजकीय अतिथि माना जाएगा। राज्य सरकार खिलाड़ियों की सुरक्षा, आवास और अन्य व्यवस्थाओं का खर्च उठाएगी। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय और सफल टीमों में से एक है। केरल के मलप्पुरम और कोझिकोड में भी टीम को बड़ा समर्थन मिलता है। 2022 में जब अर्जेंटीना ने विश्व कप जीता था, उस समय भी प्रशंसकों में जोश दिखा था। यही वजह है कि मलप्पुरम के मूल निवासी खेल मंत्री मेसी को केरल लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। केरल में दिसंबर में निकाय चुनाव होने हैं और अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों के मुताबिक, मेसी को आमंत्रित करने के पहले केरल सरकार की राजनीतिक मंशा थी। खेल मंत्री का बयान झूठा साबित होने के बाद राज्य सरकार को विपक्षी पार्टियों भाजपा-कांग्रेस के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

> उन्होंने कहा था कि लियोनल मेसी को केरल आमंत्रित करने में सरकार को 'एक रुपया' भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।
>
> **खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान**

## विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई

**मॉन्ट्रियल।** कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। 18 साल की म्बोको ने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6(4) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। म्बोको ने फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों (रयबाकिना, कोको गॉफ, और सोफिया केनिन) को हराने वाली पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं। विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले फेय अर्बन (1968 और 1969), विकी बर्नर (1969) और बियांका एंड्रीस्कू (2019) ने फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही म्बोको फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। म्बोको की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई थी। ऐसे में वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में एंट्री करने और ओपन ऐरा फाइनल में जगह बनाने वाली वह तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में मोनिका सेलेस (1995) और सिमोना हालेप (2015) ने फाइनल में जगह बनाई थी।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के खिलाड़ियों का क्लस्टर स्तर पर शानदार प्रदर्शन

## 626 पदकों पर जमाया कब्जा



- **इन पदकों में 373 स्वर्ण,145 रजत तथा 108 कांस्य पदक शामिल हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,रांची के खिलाड़ियों ने डीएवी स्पोर्ट्स–2025 के क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिताओं-क्रिकेट, खो-खो, राइफल शूटिंग, कबड्डी, हैंड बाल, रोलर स्केटिंग, जेवलिन, डिस्कस थ्रो, चेस, योग आसान आदि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 626 पदक अर्जित किए। इन पदकों में 373 स्वर्ण,145 रजत तथा 108 कांस्य पदक शामिल हैं। यह विद्यालय की खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं प्रशिक्षण का प्रमाण है।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड ज़ोन-जी,बिपिन राय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा उन्हें डीएवी जोनल स्तर एवं डीएवी नेशनल स्तर के खेलों में पूरे जोश तथा दमखम के साथ खेलने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। श्री राय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत,समर्पण तथा विद्यालय के खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक संजय मंडल,प्रोलय करमाकर एवं अमर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण देकर उन्हें सफलता की राह दिखाई। डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ वह खेलों के क्षेत्र में भी अग्रणी स्थान रखता है।

## भारत दौरे के लिए सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ए की टीम दो चार दिवसीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर आने वाली है। भारत के खिलाफ इस दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा कर दी गई है। लखनऊ में टेस्ट और कानपुर में वनडे सीरीज खेली जाएगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का हिस्सा रहे सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी को सितंबर में भारत ए के खिलाफ होने वाले दो चार दिवसीय मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल किया गया है। वहीं, ओलिवर पीक और विक्टोरिया के होनहार सलामी बल्लेबाज कैंपबेल केलावे को भी टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपने युवा खिलाड़ियों को भारतीय पिचों पर खेलने का अनुभव देना चाहती है। ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने 2023 के भारत दौरे में चार टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए थे। उन्हें भी टीम में शामिल किया गया है। उनके साथ ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली को भी टीम में जगह दी गई है। दोनों ने हाल ही में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला था। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कूपर कोनोली, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आरोन हार्डी, लियाम स्कॉट और जैक एडवर्ड्स, तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और जेवियर बार्टले, फर्गस ओ'नील भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।



## जिम्बाब्वे के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं हारा है न्यूजीलैंड



**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 7 अगस्त से बुलावायो में 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहला मैच जीतकर न्यूजीलैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। न्यूजीलैंड ने कभी भी जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 1992 में पहला टेस्ट खेला गया था। पिछले 33 सालों में दोनों टीमों के बीच 18 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इसमें 12 मैचों में न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की है। शेष 6 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में दूसरे टेस्ट मैच से पहले जिम्बाब्वे का आत्मविश्वास जहां डिगा हुआ है, वहीं न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरी हुई है। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में पिछले एक दशक में लगातार गिरावट देखी गई है। टी20 और वनडे में टीम अपने प्रदर्शन से कभी-कभी चौंकाती है, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे अपने घर में अफगानिस्तान जैसी नई टीम से भी हारकर सीरीज गंवानी पड़ी थी। रैंकिंग नीचे होने की वजह से जिम्बाब्वे को अब ज्यादातर टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिलता है। टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेलने वाले देशों की सूची में भी शामिल नहीं है। जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) का हिस्सा नहीं है। जिम्बाब्वे अपने घर में मौजूदा टेस्ट सीरीज खेल रही है। उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत की शुरुआत करने का मौका है। लेकिन, जिस तरह का प्रदर्शन जिम्बाब्वे का खासकर टेस्ट मैचों में रहा है, उसे देखते हुए जीत मुश्किल है। पिछला टेस्ट भी जिम्बाब्वे ने नौ विकेट से गंवाया था। हालांकि, न्यूजीलैंड भी इस सीरीज में कई अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने की वजह से अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल रही है। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम इंजरी की वजह से पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे। वह दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो चुके हैं।

## अजित कुमार की रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन का स्वागत

**चेन्नई।** साउथ इंडिया के मशहूर अभिनेता अजित कुमार ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 33 साल का सफल सफर पूरा किया। अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार रेसिंग की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन को शामिल किया है। बता दें कि नारायण कार्तिकेयन भारत के ड्राइविंग क्षेत्र में दिग्गज हैं। उनका कार रेसिंग की दुनिया में एक बड़ा नाम है। नारायण कार्तिकेयन के टीम में शामिल होने पर खुशी जताते हुए अजित कुमार ने कहा, "नारायण का हमारी टीम में शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। उनके साथ रेसिंग करना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब जब नारायण हमारे साथ हैं, तो 'एशियन ले मैन्स सीरीज' हमारे लिए और भी खास बन गई है।" वहीं नारायण कार्तिकेयन ने अजित कुमार की टीम से जुड़ने पर कहा, "मैं अजित को कई सालों से जानता हूं, और अब उन्हें प्रोफेशनल रेसिंग करते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं उनके साथ आने वाली 'एशियन ले मैन्स सीरीज' में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हूं और आगे के इस शानदार सफर का इंतजार कर रहा हूं।" बता दें कि अजित कुमार ने सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, बल्कि कार रेसिंग की दुनिया में भी कमाल कर दिखाया है।



# भारत की बिजली उत्पादन क्षमता 2031-32 तक बढ़कर 870 गीगावाट पहुंचने का अनुमान : श्रीपद नाइक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता जून 2025 तक 485 गीगावाट है और सरकार देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2031-32 तक इसे बढ़ाकर लगभग 870 गीगावाट करने की योजना बना रही है। यह जानकारी सरकार द्वारा गुरुवार को संसद को दी गई। विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि तेज आर्थिक विकास, घरेलू विद्युतीकरण में विस्तार, बढ़ते शहरीकरण, जीवन स्तर में सुधार और एयर कंडीशनर व इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी ऊर्जा-गहन तकनीकों के बढ़ते उपयोग के कारण देश में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है।

नाइक ने बताया कि केंद्र ने वर्ष 2034-35 तक थर्मल (कोयला और लिग्नाइट) ऊर्जा क्षमता की आवश्यकता लगभग 3,07,000 मेगावाट होने का अनुमान लगाया है, जबकि 31 मार्च, 2023 तक स्थापित क्षमता 2,11,855 मेगावाट है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, विद्युत मंत्रालय ने न्यूनतम 97,000 मेगावाट अतिरिक्त कोयला और लिग्नाइट आधारित थर्मल ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की योजना बनाई है।



अप्रैल 2023 से जून 2025 तक लगभग 11,680 मेगावाट की थर्मल क्षमताएं पहले ही चालू हो चुकी हैं।

इसके अतिरिक्त, 38,935 मेगावाट थर्मल क्षमता वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 में 15,440 मेगावाट थर्मल क्षमता के लिए अनुबंध दिए जा चुके हैं और निर्माण कार्य पूरा होना है। उन्होंने बताया कि देश में अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए 35,460 मेगावाट कोयला और लिग्नाइट आधारित संभावित क्षमता की पहचान की गई है, जो नियोजन के विभिन्न चरणों में है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि 13,463.5 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, 9,802 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं नियोजन के विभिन्न चरणों में हैं और इन्हें 2031-32 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी बताया कि 6,600 मेगावाट क्षमता की परमाणु क्षमता निर्माणाधीन है और इसे 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आए भारत : केंद्र

- **"स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 'हील इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं"**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र ने गुरुवार को संसद को बताया कि इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भारत आए। एक लिखित उत्तर में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति सुधारने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "अप्रैल 2025 तक इस अवधि के दौरान भारत में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों (एफटीए) की कुल संख्या 1,31,856 है।" उन्होंने आगे कहा, "यह इस अवधि के दौरान कुल एफटीए का लगभग 4.1 प्रतिशत है।" उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले एफटीए की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें से अधिकांश बांग्लादेश, इराक, सोमालिया, ओमान और उज्बेकिस्तान से आते हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "चिकित्सा उद्देश्यों के लिए एफटीए की संख्या 2020 में 1.8 लाख से बढ़कर 2024 में 6.4 लाख हो गई।" हालांकि, 2023 की तुलना में 2024 में इसमें गिरावट आई। 2023 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 6.5 लाख रही। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "चिकित्सा पर्यटन के इकोसिस्टम में कई सेवा प्रदाता, सुविधा प्रदाता, अस्पताल, होटल और एयरलाइंस जैसी कमर्शियस एजेंसियां, नियामक एजेंसियां और सरकार शामिल हैं।" इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय बजट में देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में 'हील इन इंडिया' अभियान की घोषणा की गई थी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 'हील इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं।

## ट्रंप टैरिफ बेअसर, भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,623.26 और निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में तेजी ऐसे समय पर देखने को मिली है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया गया है, जो कि 27 अगस्त से लागू होंगे। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 188.55 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,938.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 30.05 अंक या 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,692.65 पर था। निफ्टी के ज्यादातर इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। आईटी, फार्मा और मीडिया सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे, जबकि रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, एलएंडटी, पावर ग्रिड और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे।

## अर्थव्यवस्था घरेलू बाजार पर केंद्रित, ऐसे झटकों से उभरने में सक्षम : अर्थशास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत पर 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ की घोषणा को लेकर गुरुवार को अर्थशास्त्रियों ने कहा कि देश काफी हद तक घरेलू स्तर पर संचालित अर्थव्यवस्था है। हमने अतीत में कई तूफानों का सामना किया है। इसलिए हमें विश्वास है कि इससे कुछ नुकसान होंगे, लेकिन हम इस झटके को आत्मविश्वास से झेलने में सक्षम होंगे। इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत तक एडिशनल टैरिफ लगाए हैं, जिससे कुल टैरिफ स्तर 50 प्रतिशत हो गया है। इससे ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, इलेक्ट्रिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों पर गंभीर असर पड़ेगा। इसलिए, यह निश्चित रूप से भारत में हमारे लिए चिंतित होने का एक कारण है। हालांकि, यह याद रखना जरूरी है कि चीन के विपरीत, भारत काफी हद तक घरेलू स्तर पर संचालित अर्थव्यवस्था है।" उन्होंने कहा कि हमने अतीत में कई तूफानों का सामना किया है, जैसे अक्टूबर 2008 का वैश्विक वित्तीय संकट या यहां तक कि कोरोना। इसलिए हमें विश्वास है कि इससे कुछ नुकसान होंगे, लेकिन हम इस झटके को आत्मविश्वास से झेलने में सक्षम होंगे। प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, "लंबे समय से भारत और चीन के बीच बनी दूरी अब ट्रंप के टैरिफ के बाद खत्म होती नजर आ रही है। भारत और चीन के हितों में काफी हद तक सामंजस्य बना हुआ है अगर दोनों देश एक मंच पर अपनी बात को जोरदार तरीके से उठाएं तो इसमें चीन और भारत दोनों का फायदा होगा।

## पिछले 5 वर्षों में भारत के एयरपोर्ट्स में हुआ 96,000

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) ने हवाई यातायात में वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए देश में हवाई अड्डों के विकास, अपग्रेड और आधुनिकीकरण पर वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 96,000 करोड़ रुपए से अधिक का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) किया है। यह जानकारी सरकार ने गुरुवार को संसद को दी। इस निवेश में से एएआई का हिस्सा 25,000 करोड़ रुपए से थोड़ा अधिक है। वहीं, बाकी का निवेश निजी एयरपोर्ट डेवलपर्स/ऑपरेटर्स की ओर से किया गया है। नागर विमानन राज्य मंत्रीमुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि एएआई मुख्यतः अपने संसाधनों और क्षेत्रीय संपर्क योजना जैसे उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के पहले चरण के अंतर्गत बंद पड़े और कम सेवा वाले हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट्स और जल हवाई अड्डों के पुनरुद्धार और अपग्रेड के लिए आवंटित 4,500 करोड़ रुपए के बजट में से पूंजीगत व्यय करता है। इसके अलावा, आरसीएस-उड़ान के दूसरे चरण में 2023-24 से 2025-26 की अवधि के दौरान अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट्स, जल हवाई अड्डों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स के पुनरुद्धार के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# न्यूज बॉक्स

## स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य समारोह खेल स्टेडियम में

**चंदवा।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और झंडोत्तोलन की समय-सारिणी तय की गई। मुख्य समारोह राज्यकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय खेल स्टेडियम में होगा। झंडोत्तोलन क्रमशः थाना में 8:45, अस्पताल में 9:00, पशुपालन केंद्र में 9:15, प्रखंड कार्यालय में 9:30, और मुख्य कार्यक्रम स्थल पर 10:00 बजे होगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण भी होंगे।

## आम आदमी पार्टी से सौरभ श्रीवास्तव का इस्तीफा

**चंदवा।** आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने पार्टी और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यप्रणाली, केंद्रीय नेतृत्व की झारखंड में उदासीनता और भ्रम की स्थिति से वे असहज महसूस कर रहे थे। दिशोम गुरु शिबु सोरेन की संघर्ष गाथा से प्रेरित होकर उन्होंने अब नई राजनीतिक यात्रा शुरू करने का संकल्प लिया है। उनके झामुमो में शामिल होने की अटकलें तेज हैं।

## ओडिशा एलॉय स्टील के खिलाफ सहकारी समिति का ज्ञापन

**चंदवा।** किसान विकास श्रमिक स्वावलंबी सहकारी समिति ने एसडीओ और अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए ओडिशा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एस्सार पावर प्लांट के अधिग्रहण पर आपत्ति जताई है। समिति ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने पूर्व बैठक के निर्देशों का पालन नहीं किया और किसानों की सहमति के बिना कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। साथ ही सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर कृषि भूमि क्रय करने का आरोप भी लगाया गया है।

## लापरवाही : शिविर से बैरंग लौटे दर्जनों दिव्यांग

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दिव्यांगता स्क्रिनिंग कैम्प अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। दर्जनों दिव्यांग पात्र दोपहर तक पूछताछ करते रहे लेकिन कोई व्यवस्था नहीं मिलने पर बिना परीक्षण कराए लौट गए। राज्य सरकार के निर्देश पर 30 जुलाई को शिविर आयोजन की सूचना दी गई थी। पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार ने कहा कि वे श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त हैं और उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

## महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ी वायरल व सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या

**महुआडांड़।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते कुछ दिनों से सर्दी-खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। साथ ही लूज मोशन के मामले भी बढ़े हैं। प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण वायरल और गैस्ट्रिक समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बरसात और आम के मौसम में गर्म पानी पीना और साफ-सफाई का ध्यान रखना आवश्यक है।

## वज्रपात से गाय की मौत, पशुपालक ने मांगा मुआवजा

**कुंदा (चतरा)।** इचातु गाँव में वज्रपात की चपेट में आने से एक दूधारु गाय की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना 6 अगस्त की शाम की है। पीड़ित पशुपालक धूपेंद्र यादव ने बताया कि उनकी जीविका का प्रमुख साधन रही यह गाय खेत में चर रही थी, तभी वज्रपात हो गया। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत धाधू पंचायत समिति का गठन

**बालूमाथ।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड की धाधू पंचायत समिति का गठन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, पर्यवेक्षक पंकज तिवारी और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कर्मदेव भगत की उपस्थिति में सोमर उरांव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सोमर उरांव ने पार्टी के सिद्धांतों को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर सुरेश टाना भगत, आरती कुमारी, अरमान, नरेश गंझू, महताब, सोनम देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नंद कुमार राम ने अंचलाधिकारी पद का कार्यभार संभाला

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड के नए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने उन्हें सभी दस्तावेजों के साथ जिम्मेदारी सौंपी। पदभार ग्रहण के बाद बीडीओ मनोज कुमार तिवारी समेत अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। अपने वक्तव्य में नये अंचलाधिकारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्धता से पहुँचाना है। यह समारोह सौहार्दपूर्ण एवं सादगी से संपन्न हुआ।

## कोरगी पंचायत को सामुदायिक वन पट्टा प्रस्ताव पर समिति की सहमति

**लातेहार।** जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं हेतु वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। महुआडांड़ अनुमंडल स्तरीय समिति की ओर से ग्राम कोरगी (बटुआटोली), पंचायत नेतरहाट के एक अनुशासित सामुदायिक वन पट्टा प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने सहमति प्रदान की।

## उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की गहन समीक्षा की

# 15 अगस्त तक आधार सीडिंग और पेंशन संबंधित लंबित मामलों के समाधान का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी पेंशन योजनाओं – राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग और विकलांग पेंशन की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बचे हुए लाभुकों के आधार और मोबाइल नंबर की सीडिंग 15 अगस्त तक हर हाल में पूरी की जाए।

उन्होंने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट से जुड़े लंबित मामलों को भी समय पर निष्पादित करने का आदेश दिया। मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी डाटा विसंगतियों को दो सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने और मोबाइल ऐप से आधार लिंकिंग की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने पर भी बल दिया गया। बैठक में मेरी मड़की (प्रभारी पदाधिकारी), डॉ. चंदन (जिला जनसंपर्क पदाधिकारी), तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# विदेशी नहीं, बहनों की मेहनत से बनी राखी खरीदें : अरुणा

- स्वयं सहायता समूह की बहनों की राखियों से सजे शहर में रक्षाबंधन को दें आत्मनिर्भरता का रंग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन से पहले एक आत्मीय दृश्य उस समय देखने को मिला जब शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने स्थानीय स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा बनाई गई राखियाँ खरीदने के लिए 'पलाश' स्टॉल पर पहुँच कर न केवल राखियाँ खरीदीं, बल्कि बहनों की मेहनत, आत्मनिर्भरता और उम्मीद को सजीव सम्मान भी दिया। महापौर जब राखी स्टॉल पर पहुँचीं, तो वहाँ मौजूद समूह की बहनों के चेहरों पर आश्चर्य, गर्व और खुशी के भाव एक साथ उमड़ पड़े। बिना किसी औपचारिकता के, उन्होंने एक-एक राखी को अपने हाथों से छूकर देखा, बहनों से बातचीत की और कहा कि इन राखियों में सिर्फ रंग और धागा नहीं है, बल्कि तुम्हारे सपनों की गांठें बंधी हैं। मैं गर्व से इन्हें पहनाऊंगी, क्योंकि ये राखियाँ हमारी माटी की हैं, हमारी बहनों के हाथों की हैं, और आत्मनिर्भर झारखंड की पहचान हैं। उन्होंने अपील की कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार पर हर भाई अपनी कलाई पर इन बहनों द्वारा बनाई गई राखियाँ ही बाँधें। यह केवल एक राखी नहीं होगी, बल्कि एक आशीर्वाद होगा,उन हाथों से जो वर्षों से चुपचाप संघर्ष करती आ रही हैं, अब स्वर और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रही हैं। महापौर ने साथ ही जिला प्रशासन और पलाश संस्था का आभार जताया कि उन्होंने इन बहनों को हुनर दिखाने और स्वरोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया।

## रांची रिम्स में भर्ती आजसू नेता सतीश कुमार से मिलने पहुंचे पार्टी पदाधिकारी, सुदेश महतो ने लिया हालचाल

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव, पलामू जिला प्रभारी एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए रांची स्थित रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आगमन हुआ। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने सतीश कुमार से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सुदेश महतो ने स्वयं भी फोन पर बातचीत कर सतीश कुमार की तबीयत का हाल जाना। ज्ञात हो कि सतीश कुमार को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद डॉ. आर. के. रंजन और डॉ. रोहित पांडेय की टीम ने जांच कर तत्काल रांची रेफर किया था, जहां उनका इलाज रिम्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उनसे मिलने पहुंचे नेताओं में आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पलामू प्रमंडल प्रभारी हसन अंसारी, केंद्रीय सचिव छोटन सिंह शैलेंद्र, इम्तियाज अहमद नजमी, संतन मेहता, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सरफराज अहमद के पीए इस्राइल अंसारी, तथा विधायक छोटे राजा के पीए संजय चौधरी शैलु समेत कई अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक एवं पदाधिकारियों ने भी उनके बेहतर इलाज की दिशा में आवश्यक कदम उठाए और सभी ने सतीश कुमार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पलामू के जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने भी सतीश कुमार के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए उन्हें आंदोलन का सशक्त स्तंभ बताया।

# राम मनोहर लोहिया कॉलेज में आर्ट्स में नामांकन शुरू, मात्र 500 वार्षिक शुल्क तय

- कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की पहल, 10 अगस्त से फॉर्म मिलेगा सिटी ऑफिस में

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राम मनोहर लोहिया चैरिटेबल सोसाइटी एवं राम मनोहर लोहिया कॉलेज, बभंडी (गढ़वा रोड) की बैठक बुधवार को कॉलेज अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सत्र 2025–27 के लिए इंटरमीडिएट (आर्ट्स) में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से तय किया गया कि विद्यार्थियों से केवल 500 वार्षिक शुल्क और 50 फॉर्म शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क झारखंड के अन्य कॉलेजों की तुलना में काफी कम है। समिति ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य सभी वर्गों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है, इसलिए यह निर्णय समाज के हर तबके के छात्रों को ध्यान में रखकर लिया गया है।नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु समिति ने 10 अगस्त से आनंद मोटर्स, नवाटोली कैंपस में सिटी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है, जहां इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकेंगे।कॉलेज भवन के 15 कमरों को शीघ्र ही आधुनिक संसाधनों से युक्त करने का भी निर्णय लिया गया ताकि छात्रों को पढ़ाई के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो। अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद अग्रवाल ने जानकारी दी कि सितंबर माह से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कर दी जाएगी।कॉलेज सचिव प्रो. युगल किशोर प्रसाद ने बताया कि पढ़ाई के लिए कुछ और फैकल्टी की आवश्यकता है, जिसके लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया 30 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। बैठक में कॉलेज कमेटी के सदस्य राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबुल, जनाब अनवर, सुनील गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सुबोध गुप्ता, अहिल्या गुप्ता समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने झारखंड आंदोलन के अग्रदूत शिबू सोरेन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीआईजी से ग्रामीण ने लगाई न्याय की गुहार भाई पर मारपीट, व जमीन पर कब्जे का आरोप

- तीन बार बंटवारे के बावजूद जमीन पर निर्माण कार्य रोके जाने से परेशान ग्रामीण ने की शिकायत, डीआईजी ने दिए जांच के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महतली निवासी कुलेश्वर पासवान ने अपने छोटे भाई और भाभी पर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और पुश्तैनी जमीन पर बलपूर्वक कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम से न्याय की गुहार लगाई है। कुलेश्वर पासवान ने डीआईजी को सौंपे गए आवेदन में बताया कि विवादित जमीन का तीन बार पंचायत स्तर पर स्पष्ट रूप से बंटवारा (वर्ष 2008, 2020 और 2022) हो चुका है, जिसमें पंचायत मुखिया समेत ग्रामवासियों की मौजूदगी में लिखित सहमति दी गई थी। इसके बावजूद जब वे उक्त भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करते हैं, तब उनके छोटे भाई लक्ष्मण पासवान और उसकी पत्नी प्रमीला देवी न केवल विरोध करते हैं, बल्कि गाली-गलौज और धमकी भी देते हैं। आवेदक के अनुसार, 13 मई 2025 को दोपहर करीब दो बजे जब वे अपनी पत्नी के साथ निर्माण कार्य करवा रहे थे, उसी दौरान पुलिस पदाधिकारी गणेश झा द्वारा केस के आईओ बालकृष्ण उरांव को फोन कर कार्य रुकवाया गया। उसके बाद निर्माण स्थल पर मौजूद सामग्री जैसे दो ट्रैक्टर बालू, तीन हजार ईंट, सीमेंट और औजार आदि जब्त कर लिए गए। उनके भाई द्वारा खेत को समतल कर कांटेदार तार से घेर दिया गया और उसमें मक्का की खेती कर दी गई। कुलेश्वर पासवान ने बताया कि उन्होंने उपविकास पुलिस अधीक्षक को भी पंचायत बंटवारे से संबंधित दस्तावेज सौंपकर न्याय की मांग की, लेकिन वहां से डांटकर भगा दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन दिया, परंतु तीन महीने बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**डीआईजी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन :** डीआईजी नौशाद आलम ने शिकायतकर्ता की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि मामले की जांच निष्पक्षता से करते हुए उचित निर्णय लिया जाए।

**साक्ष्य सहित निष्पक्ष जांच की मांग :** आवेदक ने अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, पंचायत के बंटवारे से संबंधित दस्तावेज, तथा थाना और एसपी कार्यालय को पूर्व में दिए गए आवेदन की प्रतियां भी संलग्न की हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि वे अपने पुश्तैनी भूमि पर शांतिपूर्वक निर्माण कार्य कर सकें।

# लंबित मामलों की हुई समीक्षा, अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण हुए समाधान



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के छह पंचायतों के लंबित मामलों के साथ ही 2023-24 और 2024-25 के अग्रसारित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई।जनसुनवाई के दौरान सभी मामलों की बारी-बारी से चर्चा कर निर्धारित मानकों के अनुरूप निष्पादन सुनिश्चित किया गया। इस मौके पर मनरेगा लोकपाल संगीता प्रधान, बीडीओ देवलाल उरांव, उपप्रमुख जितेन्द्र सिंह, श्रम पदाधिकारी बिनोद रवानी, मुखिया सुबेश राम, महावीर साहु, बीपीओ जितेन्द्र दांगी, कनीय अभियंता विकास यादव, रोजगार सेवक कौशल किशोर, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, मनरेगा कर्मी और योजनाओं के लाभुक उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में पिछले...

एमआइएस व जीआइएस पोर्टल से रियल टाइम मदद : जेएसएसी के सहयोग से एमआइएस व जीआइएस पोर्टल के निर्माण की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से जीपीएस आधारित स्थान की पहचान कर पीड़ितों को सीधे खाते में डिजिटल भुगतान संभव होगा। साथ ही मुख्यालय से आपदा राहत की मॉनिटरिंग भी अब और प्रभावी होगी।

### रांची, धनबाद और...

झरिया में भी बड़ी कार्रवाई : इधर, धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में भी ईडी ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। रांची से पहुंची टीम ने स्थानीय व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और फार बिल्डिंग स्थित उनके आवास पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आर्थिक अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच के तहत की गई है। ईडी की टीम बैंक दस्तावेज, प्रॉपर्टी से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच में जुटी है। कार्रवाई की खबर फैलते ही झरिया बाजार में हड़कंप मच गया और स्थानीय व्यवसायियों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

**रांची के पीपी कंपाउंड में भी हुई छापेमारी :** ईडी ने रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के चौथे मंजिल पर एक फ्लैट समेत शहर के अन्य पांच स्थानों पर भी छापेमारी की है। इन ठिकानों से भी एजेंसी डिजिटल रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, समाचार लिखे जाने तक कई जगहों पर छापेमारी जारी थी।

### गैस सिलेंडर में...

रिसाव के कारण हुआ। स्थानीय पुलिस के अनुसार, फिशिंग हार्बर के पास एक वेल्डिंग शॉप में गैस रिसाव के कारण यह विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि शवों के टुकड़े आसपास बिखर गए, जिससे मृतकों की सटीक संख्या का आकलन करना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतकों की संख्या और भी बढ़ सकती है। वहीं, वन टाउन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आंध्र प्रदेश के भाजपा नेता विष्णु वर्धन ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने घटनास्थल का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें पुलिस की टीमें घटनास्थल का जायजा लेती दिखाई दे रही हैं।

### डायन-बिसाही के...

डायन-बिसाही का आरोप लगाकर भावी सिंह को मारा : पुलिस की पूछताछ में महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उलासी सिंह के पति बलराम सिंह पिछले कई दिनों से लगातार बीमार हैं। बीमारी ठीक नहीं होने के कारण बुजुर्ग महिला भावी सिंह को डायन-बिसाही और भूत-प्रेत का आरोप लगाते हुए उनकी हत्या कर दी।

भावी सिंह की गर्दन काटकर हत्या करने के बाद सभी फरार : सोमवार को मृतका भावी सिंह विधवा पेंशन की राशि निकालने के लिए जंगल के रास्ते कुइयानी पंचायत भवन जा रही थी। रास्ते में ही जंगल में घेरकर तीनों ने महिला की गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके बाद वहां से फरार हो गई।

### जम्मू-कश्मीर के...

जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से मदद के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।"जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "उधमपुर के निकट एक दुर्घटना में सीआरपीएफ कर्मियों की मृत्यु से दुखी हूं। हम राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।"

### सुप्रीम कोर्ट ने...

मैंने अपने एक फैसले में कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 5,000 ईसीआईआर दर्ज की हैं, लेकिन दोषसिद्धि की दर 10 प्रतिशत से भी कम है। इसलिए हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि आप अपनी जांच में सुधार करें, क्योंकि यह व्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है। जज ने आगे कहा, 'हमें ईडी की छवि की भी चिंता है।

5-6 साल की न्यायिक हिरासत के बाद अगर लोग बरी हो जाते हैं, तो इसकी कीमत कौन चुकाएगा?'

'ऐसा नहीं चल सकता' जस्टिस कांत ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान टाडा और पोटा अदालतों जैसी समर्पित अदालतें हैं। पीएमएलए अदालतें दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही कर सकती हैं, जिससे मामलों का शीघ्र निपटारा हो सकता है। उन्होंने कहा, 'हां, प्रभावशाली आरोपी अभी भी कई आवेदन दायर करेंगे, लेकिन इन आरोपियों और उनके वकीलों को पता होगा कि चूंकि यह दिन-प्रतिदिन की सुनवाई है और उनके आवेदन पर अगले ही दिन फैसला सुनाया जाएगा। अब उन पर कड़ी कार्रवाई करने का समय आ गया है। हम उनके प्रति सहानुभूति नहीं रख सकते। मैं एक मजिस्ट्रेट को जानता हूं, जिसे एक दिन में 49 आवेदनों पर फैसला करना पड़ता है। उनमें से प्रत्येक पर 10-20 पेजों का आदेश पारित करना पड़ता है। ऐसा नहीं चल सकता।'

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की दलील, कोर्ट के सवाल : राजू ने आगे कहा कि ईडी अक्षम हो रहा है, क्योंकि प्रभावशाली आरोपी क्रिप्टो-करेंसी और अन्य तरीकों का कारोबार करने के अलावा केमैन द्वीप जैसे विभिन्न देशों में भाग जाते हैं और जांच में बाधा डालते हैं। क्रिप्टो-करेंसी के मुद्दे पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि सरकार को इसे विनियमित करने के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि लोग विभिन्न एप और क्रिप्टो स्टॉक एक्सचेंज चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने हाल ही में एक मामले में कहा था कि वह दिन दूर नहीं, जब रिश्वत लेने वाले क्रिप्टो-करेंसी में रिश्वत लेंगे, जिसकी जांच करना एजेंसियों के लिए बहुत मुश्किल होगा। राजू ने पुनर्विचार याचिकाओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये 2022 के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार के नाम पर अपील के अलावा कुछ नहीं हैं।

उन्होंने कहा, 'पुनर्विचार के लिए आपको 2022 के फैसले में रिकॉर्ड के आधार पर साफ-साफ गड़बड़ी का मामला बनाना होगा, लेकिन उन्होंने कहीं भी यह नहीं बताया है कि स्पष्ट त्रुटि क्या है। अगर इन पुनर्विचारों को स्वीकार कर लिया जाता है तो यह 2022 के फैसले को फिर से लिखने के समान होगा।' राजू ने तर्क दिया कि पीएमएलए की संवैधानिक वैधता उनके पक्ष में है, क्योंकि 2019 में रोजर मैथ्यू मामले में संविधान पीठ ने कानून की वैधता को बरकरार रखा था। राजू ने कहा, 'याचिकाकर्ताओं ने एक मौका लिया और उस प्रयास में असफल रहे। अब वे कह रहे हैं, नहीं, वह गलत था और इसे दोबारा कर रहे हैं। पुनर्विचार एक छद्म अपील नहीं हो सकता। उन्हें पहले यह साबित करना होगा कि इन दोनों मुद्दों के संबंध में रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से एक त्रुटि है। रिकॉर्ड में स्पष्ट त्रुटि ऐसी त्रुटि नहीं होनी चाहिए, जिसे उजागर किया जाना चाहिए। पुनर्विचार के लिए पूछताछ नहीं की जा सकती। उन्हें पुनर्विचार के लिए एक असाधारण रूप से मजबूत मामला बनाना होगा। न्यायमूर्ति कांत ने गिरफ्तारी के दौरान ईडी की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली और क्या आरोपियों को गिरफ्तारी के आधार और कारण बताए गए थे? के बारे में भी पूछताछ की। राजू ने कहा कि कानून के तहत ईडी पर आरोपियों को ईसीआईआर (एफआईआर के समकक्ष) की एक प्रति देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन बाद के फैसलों में अदालतों ने आरोपियों के साथ गिरफ्तारी के आधार और कारण साझा करने पर जोर दिया।

### राष्ट्रपति पुतिन की...

मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति पुतिन भारत आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक की परंपरा के तहत हो रहा है। उन्होंने कहा, "हमारे नेताओं के बीच हर साल मिलने का समझौता है। इस बार हमारी बारी है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने पिछली बार 6 दिसंबर 2021 को भारत का दौरा किया था, जब नई दिल्ली में 21वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष दो बार रूस की यात्रा की थी। पहली जुलाई में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में और दूसरी अक्टूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी मार्च में आयोजित सम्मेलन 'रूस और भारतः द्विपक्षीय संबंधों के लिए नया एजेंडा' में पुतिन की भारत यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा था, "भारत और रूस के बीच राजनीतिक संवाद तेजी से विकसित हो रहा है। हमारे नेताओं का इसमें बड़ा योगदान है। अब राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां चल रही हैं।"

उन्होंने यह भी कहा कि "हमारे देशों के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और आज भी आपसी सम्मान और एक-दूसरे के हितों को ध्यान में रखते हुए समानता पर आधारित सहयोग जारी है। क्रेमलिन द्वारा जारी बयान में कहा गया था कि "रूसी और भारतीय संबंध रणनीतिक प्रकृति के हैं और किसी भी बाहरी प्रभाव से प्रभावित नहीं होते। ये सभी क्षेत्रों में गतिशील रूप से विकसित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस दौरान पुतिन को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था, जिसे राष्ट्रपति पुतिन ने सहर्ष स्वीकार किया। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन के आमंत्रण के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी रूस में आयोजित विक्ट्री डे समारोह में शामिल नहीं हो सके थे।

## अमेरिकी सैन्य अड्डे पर फायरिंग, पांच घायल, हमला करने वाला सैनिक हिरासत में



**जॉर्जिया।** स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉर्जिया के फोर्ट स्टीवर्ट सैन्य अड्डे पर अपने कार्यस्थल पर कथित तौर पर गोलीबारी करने वाले सेना के सार्जेंट को हिरासत में ले लिया गया। इस फायरिंग में उसके पांच साथी घायल हो गए थे। अधिकारियों ने संदिग्ध की पहचान 28 वर्षीय सार्जेंट क्वोर्नेलियस सेमेंट्रियो रेडफोर्ड के रूप में की है, जिसे गोलीबारी के कुछ ही पल बाद आस-पास के सैनिकों ने काबू कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तीसरे इन्फैंट्री डिवीजन के कमांडिंग जनरल, ब्रिगेडियर जनरल जॉन लुबास ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि रेडफोर्ड ने हमले के दौरान एक निजी पिस्तौल का इस्तेमाल किया था।

## केन्या के नैरोबी में मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश, कई लोगों के हताहत होने की आशंका

**केन्या ।** केन्या के नैरोबी में गुरुवार को एक छोटा मिलिट्री हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। आशंका जताई गई है कि इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि अभी तक हताहतों के बारे में कोई खबर नहीं दी गई है। पुलिस ने कहा कि वे अभी इस बारे में कोई डिटेल जानकारी नहीं दे सकते। सेना ने भी इस मामले पर कोई बयान जारी नहीं किया है। हादसे की वजहों का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केन्या एविएशन अथॉरिटी जल्द ही इस पर एक बयान जारी कर सकती है।

## पाकिस्तान आर्मी चीफ मुनीर इस हफ्ते अमेरिका जाएंगे, दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा

**करांची ।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंटकॉम (सेंट्रल कमांड) के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रंप को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था।

# सूडान ने किया अपने ही देश के एयरपोर्ट पर बड़ा हवाई हमला...

### भाड़े के 40 कोलंबियाई लड़ाके ढेर



**एजेंसी । काहिरा**

सूडान की सेना ने दारफुर क्षेत्र में स्थित हवाई अड्डे को एयरस्ट्राइक में निशाना बनाया है। दावा है कि यह कुख्यात अर्धसैनिक समूहों के नियंत्रण में था। इस हमले में एक संदिग्ध अमीराती सैन्य विमान को नष्ट कर दिया गया और 40 संदिग्ध भाड़े के सैनिक मारे गए। यह जानकारी सूडानी अधिकारियों और एक विद्रोही सलाहकार ने गुरुवार को दी। सूडान के अनुसार बुधवार को नयाला हवाई अड्डे पर किए गए इस हमले में कम से कम 40 कोलंबियाई भाड़े के लड़ाकों की मौत हुई। साथ ही हथियारों और उपकरणों की एक खेप नष्ट हो गई, जिसे संयुक्त अरब अमीरात द्वारा रैपिड सपोर्ट फोर्सेस को भेजा गया था। दो सूडानी सैन्य अधिकारियों और RSF से जुड़े एक विद्रोही नेता के सलाहकार ने यह जानकारी दी।

वहीं, सूडान में यह संघर्ष अप्रैल 2023 से जारी है। यहां की राजधानी खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच घातक झड़पें चल रही हैं। यह अब एक पूर्ण गृहयुद्ध का रूप ले चुकी हैं। इसमें अब तक दसियों हजार लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। इससे देश का बड़ा हिस्सा अकाल की कगार पर पहुंच चुका है। इस युद्ध में नरसंहार और बलात्कार जैसे अपराध सामने आए हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के रूप में जांच रहा है। वहीं, सूडान टीवी ने रिपोर्ट में बताया कि जिस विमान को सूडानी सेना ने निशाना बनाया वह अरब खाड़ी क्षेत्र के एक सैन्य अड्डे से उड़ान भरकर नयाला एयरपोर्ट पर उतरा था। मगर उसे सूडानी फाइटर जेट्स ने हमले में क्षतिग्रस्त कर दिया। सूडान ने इस हमले को अंजाम देकर विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ कड़ा संदेश देने का काम किया। इस घटना के बाद कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने कोलंबियाई भाड़े के लड़ाकों की मौत की जांच के आदेश दिए हैं। वही, जिस दक्षिण दारफुर की राजधानी नयाला के एयरपोर्ट पर सूडान ने एयरस्ट्राइक की है, वहां आरएसएफ ने पिछले साल कब्जा कर लिया था। सूडानी सरकार का आरोप है कि आरएसएफ ने नागरिक हवाई अड्डे को सैन्य अड्डे में बदल दिया है, जहां से हथियारों की आपूर्ति और सोने की तस्करी की जा रही है।

### क्या है यूएन की रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र की अप्रैल में जारी रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि कोलंबियाई भाड़े के सैनिक दारफुर में मौजूद हैं और उन्हें आरएसएफ के लिए एक निजी सुरक्षा कंपनी ने नियुक्त किया था। कोलंबियाई विदेश मंत्रालय ने भी इनकी मौजूदगी स्वीकार की और इनकी सुरक्षित वापसी के लिए एक विशेष त्वरित प्रतिक्रिया दल बनाने की घोषणा की।

### यूएई ने सूडानी विमानों को बैन किया

इधर सूडानी विमानन एजेंसी ने आरोप लगाया कि बुधवार को यूएई ने सूडानी विमानों को अपने हवाई अड्डों पर उतरने से रोक दिया। अबू धाबी एयरपोर्ट पर एक सूडानी विमान को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि यूएई के विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सूडान की सरकार और यूएई के बीच संबंध हाल के महीनों में आरएसएफ को समर्थन देने के आरोपों के कारण खराब हो चुके हैं। सूडान ने इसी वर्ष यूएई से राजनयिक संबंध तोड़ लिए थे।

### आरएसएफ ने की एल-फाशर की घेराबंदी

यूएस-स्थित येल यूनिवर्सिटी के ह्यूमैनिटेरियन रिसर्च लैब की सैटेलाइट इमेज रिपोर्ट में बताया गया कि आरएसएफ ने उत्तर दारफुर की राजधानी एल-फाशर को पूरी तरह से घेर लिया है। एचआरएल के मुताबिक आरएसएफ शहर के हर रास्ते को नियंत्रित कर रहा है। जो नागरिक बाहर निकलना चाहते हैं, उन्हें 50 मीटर चौड़े चेकपॉइंट से गुजरना होता है। आरएसएफ पिछले एक साल से शहर पर क जा करने की कोशिश कर रहा है। जून से अब तक दो बाजारों, तीन स्कूलों और दो मस्जिदों पर आरएसएफ द्वारा बमबारी की गई है।

# सरकार ने खेल विधेयक में संशोधन करके बीसीसीआई को आरटीआई से बाहर किया

**ब्यूरो**



आरटीआई के दायरे में आने का विरोध करता रहा है बीसीसीआई

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त लोढ़ा समिति ने बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में लाने को लिखा था

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने संसद में पेश किए गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 में संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) से बाहर रहेगा। इसके लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय ने आरटीआई अधिनियम के एक प्रावधान का हवाला दिया है। इसके अनुसार केवल सरकार के धन से चलने वाले निकाय ही पब्लिक अथॉरिटी माने जाएंगे। जब विधेयक 23 जुलाई को संसद में पेश किया गया था तो इसमें खंड 15 (2) में एक प्रावधान था। यह सुनिश्चित करता था कि राष्ट्रीय खेल विधेयक द्वारा मान्यता प्राप्त सभी खेल निकायों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पब्लिक अथॉरिटी माना जाएगा। पता चला है कि खंड को एक संशोधन के माध्यम से विधेयक से हटा दिया गया है।चर्चा है कि बीसीसीआई में पदाधिकारी सत्ता के बड़े नेताओं के परिवार के लोग व उद्यमी हैं।आरटीआई के मार्फ़त पूछे जा रहे सवालों से बीसीसीआई के तमाम मनमानी व धांधली के उजागर होने का ख़तरा बढ़ता जा रहा था। सो इससे बचाने के लिए यह किया गया। जो भी हो संशोधन के इस खंड में कहा गया था, "एक मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने काम, ड्यूटी व शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पब्लिक अथॉरिटी माना जाएगा।" इस प्रावधान के रहने पर हर राष्ट्रीय खेल महासंघ आरटीआई अधिनियम के दायरे में आ जाता। बीसीसीआई हमेशा इस अधिनियम के दायरे में आने का विरोध करता रहा है। बोर्ड यह तर्क देता है कि वह अन्य खेल शासी निकायों की तरह सरकारी धन पर निर्भर नहीं है।

आरटीआई अधिनियम में "पब्लिक अथॉरिटी" को संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून से बने किसी भी संस्था या निकाय के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें सरकार के स्वामित्व, नियंत्रित या पर्याप्त रूप से धन प्राप्त करने वाले निकाय शामिल हैं। इस मामले में 'पर्याप्त रूप से धन प्राप्त' करना मुख्य शब्द है। संशोधन में एक नया खंड जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है, "उप-धारा (1) के तहत केंद्र या राज्य सरकार से अनुदान या कोई अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले मान्यता प्राप्त खेल संगठन को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत एक पब्लिक अथॉरिटी माना जाएगा।" इस बदलाव के बाद सभी एनएसएफ आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आएंगे, लेकिन उन्हें केवल सरकारी सहायता और अन्य वित्तीय सहायता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देना होगा। पहले एनएसएफ के चयन सहित काम व शक्तियों पर प्रश्न पूछने की अनुमति थी। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार - "संशोधन से यह सुनिश्चित होगा कि हम आरटीआई अधिनियम का उल्लंघन न करें। इस संशोधन के साथ हमने पब्लिक अथॉरिटी को सरकारी धन व सहायता पर निर्भर संस्था के रूप में परिभाषित किया है। हमने विधेयक से वह अस्पष्टता हटा दी है जिसके कारण इसे रोका जा सकता था या अदालत में चुनौती दी जा सकती थी।" बीसीसीआई इस विधेयक के दायरे में आएगा और यदि उसे किसी प्रकार की सरकारी सहायता हासिल होती है तो उससे सवाल किए जा सकते हैं। सूत्र ने कहा, "बीसीसीआई अभी भी विधेयक के दायरे में आएगा और उसे एक नैतिक आयोग, एक एथलीट समिति बनानी होगी और खेल नीति लागू करनी होगी। इंफ्रास्ट्रक्चर समेत किसी भी तरह की सरकारी सहायता के इस्तेमाल पर बीसीसीआई से सवाल किए जा सकते हैं।" विधेयक में एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन यह है कि इसमें एनएसएफ की मान्यता के लिए एक मानदंड के रूप में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम को शामिल किया गया है।

इससे बीसीसीआई भी विधेयक के दायरे में आ जाएगा क्योंकि यह तमिलनाडु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1975 के तहत पंजीकृत है। 2016 में क्रिकेट सुधारों पर विचार कर रही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढ़ा समिति ने बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम के दायरे में लाने की सिफारिश की थी। इस सिफारिश पर विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जुलाई 2016 में इस विशिष्ट मुद्दे को विधि आयोग को भेज दिया था। 2018 में अपनी 275वीं रिपोर्ट में विधि आयोग ने भी बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम के दायरे में लाने की सिफारिश की थी। उसके बाद भी बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम के दायरे में नहीं लाकर , उसको बाहर रखने का बिल पास करा लिया।

# बिहार में थर्मल पावर प्लांट का ठेका अडानी को

**ब्यूरो**



53 हजार करोड़ रु. लागत वाला 2400 मेगावाट का बिजली घर

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर लिमिटेड को बिहार में बिजली सप्लाई करने का ठेका मिल गया। बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने अडानी पावर को एक लेटर ऑफ इंटेंट दिया है। इस लेटर ऑफ इंटेंट के अनुसार, अडानी पावर बिहार को 2274 मेगावाट बिजली देगी। यह बिजली भागलपुर जिले में बनने वाले एक नए थर्मल पावर प्रोजेक्ट से आएगी। यह प्रोजेक्ट 2400 मेगावाट का होगा। कंपनी ने बताया कि यह प्लांट पीरपैंती गांव में बनेगा। इस प्लांट को बनाने में लगभग 53 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। अडानी पावर ने एक बयान में कहा कि बिजली उत्तरी बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और दक्षिणी बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। यानी उत्तरी और दक्षिणी बिहार में इसी प्लांट से बिजली जाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें औपचारिक लेटर ऑफ अवार्ड मिल जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार के साथ पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन किया जाएगा।कंपनी के अनुसार लेटर ऑफ अवार्ड एक बोली प्रक्रिया के बाद जारी किया गया। इस बोली में अडानी पावर सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी। अडानी पावर ने 6.075 रुपये प्रति किलोवाट आवर की दर से बिजली सप्लाई करने की बात कही है। बिजली एक नए 3x800 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल प्लांट से आएगी। यह प्लांट डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल के तहत बनेगा। इस मॉडल का मतलब है कि अडानी पावर ही इस प्लांट को डिजाइन करेगी, बनाएगी, इसमें पैसा लगाएगी, इसकी मालिक होगी और इसे चलाएगी भी। अडानी पावर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एस. बी. ख्यालिया का कहना है- 'हमें बिहार में 2,400 मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट बनाने और चलाने का मौका मिला है। हम लगभग 3 अरब डॉलर के निवेश से एक नया प्लांट बनाएंगे। इससे बिहार में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। हमारा प्लांट आधुनिक होगा और कम प्रदूषण करेगा। हम बिहार को भरोसेमंद, सस्ती व अच्छी क्वालिटी की बिजली देंगे।' ख्यालिया ने कहा कि यह प्लांट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगा।

यह तकनीक कोयले को जलाने की एक आधुनिक तकनीक है, जिससे कम प्रदूषण होता है और बिजली ज्यादा बनती है। अडानी पावर के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से निर्माण के दौरान लगभग 10,000 से 12,000 नौकरियां मिलेंगी। जब प्लांट चालू हो जाएगा तो लगभग 3000 लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी ने बताया कि प्रोजेक्ट की पहली यूनिट तय तारीख से 48 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी। वहीं, आखिरी यूनिट 60 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी। यानी करीब 4 से 5 साल में पूरा प्लांट काम करने लगेगा। इस पावर प्लांट के लिए कोयला भारत सरकार की शक्ति योजना के तहत मिलेगा।

# लोस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 5 तरीकों से 'वोट चोरी', चुनावी धांधली का आरोप

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची में हो रही धांधली के बारे में उदाहरण के तौर पर कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र (महादेवपुरा) का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि कर्नाटक , महाराष्ट्र , हरियाणा विधान सभा चुनावों में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली करके भाजपा को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 'वोट चोरी' शीर्षक से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़ों की प्रस्तुति दी और धांधली का दावा किया। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी टीम को जांच के दौरान यहां वोट चोरी के सबूत मिले। राहुल गांधी ने इस दौरान 33 हजार लोगों की तरफ से फॉर्म संख्या 6 के दुरुपयोग पर अधिक जोर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि वोटों की चोरी 5 तरीकों से की गई। इनमें डुप्लिकेट वोटर्स, फर्जी व गलत घर का पता, एक ही पते पर भारी संख्या में वोटर्स, अवैध फोटो व फॉर्म 6 का दुरुपयोग शामिल है। राहुल गांधी ने एक विधानसभा में एक लाख से अधिक की वोट चोरी की बात कही। चोरी के पांच तरीकों में फेक और गलत पता के बाद सबसे अधिक संख्या फॉर्म 6 के दुरुपयोग की थी। ऐसे में जानते हैं आखिर फॉर्म-6 क्या है। फॉर्म 6 एक ऐसा फॉर्म है जिसका प्रयोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए किया जाता है। यदि आप वोटर नहीं हैं तो आपको वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरकर जमा करवाना होता है। यदि आप 18 साल के अधिक उम्र के हैं और आपका आपने पिछले चुनाव में वोट नहीं दिया है तो आप इस फॉर्म को भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं। यानि यह मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए एक आवेदन है। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी भारतीय नागरिक इस प्रक्रिया से गुजरने का पात्र है। इसके अलावा, जिस निर्वाचन क्षेत्र में वह पहले से पंजीकृत है, उसे छोड़कर अन्यत्र जाने वाले व्यक्ति को भी यह फॉर्म भरना होता है। आवेदक को अन्य बातों के अलावा अपना नाम, आयु, लिंग, जन्म स्थान, सामान्य निवास स्थान तथा मतदाता सूची में पहले से शामिल परिवार के सदस्यों का विवरण देना होता है।

### 5 तरीके

1. डुप्लिकेट वोटर्स
2. फर्जी व गलत घर का पता
3. एक ही पते पर भारी संख्या में वोटर्स
4. अवैध फोटो
5. फॉर्म 6 का दुरुपयोग

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फिर गोलीबारी, खिड़कियों पर 6 गोलियों के निशान

**ओटावा ।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर एक बार फिर से गोलीबारी की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह 85 एवेन्यू और स्कॉट रोड पर स्थित इस कैफे की खिड़कियों में कम से कम छह गोली के निशान और टूटा हुआ शीशा दिखाई दिया। लॉरेंस गैंग से जुड़े गोल्डी ढिल्लो का एक पोस्ट वायरल हो रहा है, इसमें वह कपिल के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी ले रहा है। यह पोस्ट किस सोशल साइट पर किया गया है। यह साफ नहीं है। कपिल के कैफे पर एक महीने पहले भी गोलीबारी की गई थी। तब हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की थी।

# केरल उच्च न्यायालय ने श्वेता मेनन के खिलाफ एफआईआर की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाई




एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस ने मशहूर मलयालम अदाकारा श्वेता मेनन के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने पैसे कमाने के इरादे से अश्लील और अश्लील सामग्री वाली फिल्मों और विज्ञापनों में काम किया। अदालत के निर्देशानुसार, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956 की धारा 5, 3 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब केरल उच्च न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है।

### एफआईआर रद्द करने की याचिका पर हाईकोर्ट का अभिनेत्री को अंतरिम राहत

*न्यायमूर्ति वी जी अरुण ने अभिनेत्री द्वारा अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए दायर याचिका पर यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि अभिनेत्री के वकील की इस दलील में प्रथम दृष्टया दम है कि शिकायत को जांच के लिए भेजने से पहले पुलिस से रिपोर्ट मांगने और जांच करने की आवश्यकताओं का पालन किया जाना चाहिए था।*